

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




03 | भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष ने ...

जिले में हर्षोल्लास और धूमधाम से... | 05

वर्ष : 14 | अंक : 128 | पटना, सोमवार, 17 अगस्त, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 14 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मुख्यमंत्री ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में किया ध्वजारोहण

# 2030 तक एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार देने का लक्ष्य: सम्राट

## बोलें- राज्य के युवाओं को नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में परेड की सलामी लेने के पश्चात 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया। प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता केवल हमारा अधिकार नहीं है, बल्कि जिम्मेदारी भी है। आज का बिहार सेवा, संकल्प, समर्पण की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। आज का पावन दिवस विकसित भारत के निर्माण में बिहार की अग्रणी भूमिका का संकल्प लेने का दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के संकल्प के साथ विकसित भारत एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के न्याय के साथ विकास के साथ समृद्ध बिहार संकल्प को आगे बढ़ाते हुए राज्य में हमलोगों ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब मुझे बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में जनता की सेवा करने का अवसर मिला, तब मैंने यह संकल्प लिया था कि राज्य के हर नागरिक को एक समान अवसर मिले। प्रशासन पारदर्शी हो और हर व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने का अवसर प्राप्त हो। इसी सोच के साथ राज्य में सहयोग शिविर की शुरूआत की गई है। यह प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुँचाने की एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रत्येक माह के प्रथम और तृतीय मंगलवार को आयोजित होने वाले इन सहयोग शिविरों के माध्यम से आम नागरिक अपनी शिकायतें और समस्याएँ सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं। जन शिकायतों के निष्पादन हेतु 30 दिनों की सख्त समय-सीमा तय की गई है। यदि कोई अधिकारी इस अवधि में लापरवाही बरतता है, तो उसके खिलाफ चरणबद्ध कार्रवाई की जाती है।

**अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीतिः** मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षित, शांतिपूर्ण और भयमुक्त समाज किसी भी विकसित राज्य की सबसे बड़ी पहचान होती है। बिहार में भी हमलोगों ने विकास की गति को निरंतरता प्रदान करने के लिए अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बिहार सुरक्षित सफर सुविधा योजना प्रारंभ करने वाला देश का तीसरा राज्य है। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर हमने पुलिस दीदी को स्कूटी देने का निर्णय लिया है ताकि उन्हें स्कूल, कॉलेज के बाहर और सार्वजनिक स्थलों पर तैनात किया जा सके।

**25 नई चीनी मिलों की स्थापना हेतु प्रतिबद्धः** मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में गन्ना एक प्रमुख नकदी फसल है। राज्य सरकार बिहार के गन्ना किसानों के जीवन में खुशहाली लाने हेतु 25 नई चीनी मिलों की स्थापना हेतु प्रतिबद्ध है। 10 चीनी मिलों की शुरूआत की गई है। अगले 06 महीने में 05 चीनी मिलों की शुरूआत की जायेगी। राज्य में हमारी सरकार ऊर्जा के क्षेत्र में भी निरंतर काम कर रही है। अभी तक 350 मेगावाट का खपत होता था लेकिन आज वही बढ़कर 9,475 मेगावाट बिजली की अधिकतम माँग को सफलतापूर्वक पूरा किया गया जो अब तक का सर्वाधिक है। राज्य में सभी क्षेत्र के लोगों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत सहायता योजना के तहत उपभोक्ताओं को 125 यूनिट प्रति माह निःशुल्क बिजली मुहैया कराई जा रही है। राज्य में सुनियोजित शहरी विकास को प्रोत्साहित करने के लिए हमलोगों ने 12 ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप बसाने का निर्णय लिया है। इन नगरों के सुव्यवस्थित विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है, जिससे सड़क, बिजली, पेयजल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का समुचित विस्तार सुनिश्चित किया जा सके। 05 एक्सप्रेस-वे और 06 हाई-स्पीड कॉरिडोर पर तेजी से कार्य चल रहा मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आज 05 एक्सप्रेस-वे और 06 हाई-स्पीड कॉरिडोर पर तेजी से कार्य चल रहा है। इसमें लगभग 589 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे और हाई-स्पीड कॉरिडोर शामिल हैं। इसी प्रकार से हवाई संपर्क के क्षेत्र में बिहार एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है। आज राज्य में 04 हवाई अड्डे संचालित हैं, जबकि 06 से अधिक हवाई अड्डों के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है।

### 5 लाख करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट बिहार की धरती पर लाना है

प्रत्येक जिले में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के उद्देश्य से 14,600 एकड़ नई औद्योगिक भूमि के अधिग्रहण को स्वीकृति दी गई है। 5 लाख करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट बिहार की धरती पर लाना है। हर युवा रोजगार पाने वाला ही नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बने, और बिहार देश की औद्योगिक प्रगति का अग्रणी केंद्र बनकर उभरे। राज्य के बाहर जो भी बिहारी हैं उनसे हम आह्वान करते है कि बिहार आपकी जन्मभूमि है, आपकी कर्मभूमि जहां भी हो, आप कर्मभूमि से जन्मभूमि लौटें और बिहार की समृद्धि में अपना योगदान दें।

# बिहार में बेहतर हवाई कनेक्टिविटी से निवेश, रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों' को नई गति मिलेगी : मुख्यमंत्री

प्रात : किरण




पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित संशोधित उड़ान योजना के क्षेत्रीय संपर्क योजना के संस्करण 6.0 के संदर्भ में समीक्षा की। इस दौरान सिविल विमानन विभाग के सचिव नीलेश रामचन्द्र देवरे ने राज्य में हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार को लेकर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। प्रस्तुतीकरण के दौरान बिहार में क्षेत्रीय हवाई संपर्क को और सुदृढ़ करने, नए हवाई अड्डों एवं हेलीपैड के विकास तथा छोटे शहरों एवं पर्यटन स्थलों को हवाई सेवा से जोड़ने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सबेया (गोपालगंज), फारबिसगंज (अररिया), किशनगंज, सारण तथा उलाव (बेगूसराय) में हवाई अड्डा के विकास की दिशा में तेजी से कार्य करने का निर्देश

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार में सबेया (गोपालगंज), फारबिसगंज (अररिया), किशनगंज, सारण तथा उलाव (बेगूसराय) में हवाई सुविधाओं के विकास की दिशा में आवश्यक कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के अधिकाधिक जिलों को हवाई कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए उपलब्ध संसाधनों एवं संभावनाओं का समुचित उपयोग किया जाए। औरंगाबाद, बांका, खगड़िया, नवादा, शेखपुरा एवं सीतामढ़ी सहित अन्य संभावित स्थलों पर हेलीपैड / हवाई सुविधा विकसित करने की संभावनाओं पर भी आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से राजगीर और गया के बीच, सासाराम और कैमूर के बीच तथा शाहाबाद क्षेत्र में हेलीपैड विकसित करने की योजना पर भी कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय स्तर पर हवाई संपर्क के विस्तार के लिए ऐसे स्थानों को प्राथमिकता दी जाए, जिससे आसपास के जिलों एवं महत्वपूर्ण पर्यटन, धार्मिक तथा आर्थिक केंद्रों को भी इसका लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हवाई अड्डों एवं हेलीपैड के निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता, स्थल की उपयुक्तता, यातायात की संभावनाओं तथा अन्य तकनीकी आवश्यकताओं का शीघ्र आकलन किया जाए। साथ ही, संबंधित जिलों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर भूमि एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में कार्रवाई की जाए।

**पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगीः** मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में बेहतर हवाई कनेक्टिविटी से पर्यटन, व्यापार, उद्योग, निवेश, रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। विशेष रूप से राज्य के पर्यटन, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों को हवाई सेवा से जोड़ने से देश-विदेश के पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। क्षेत्रीय संपर्क योजना के अनुरूप बिहार की आवश्यकताओं के अनुसार प्रस्ताव तैयार कर केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रालय एवं प्राधिकरणों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उल्लेखनीय है कि संशोधित उड़ान योजना का उद्देश्य क्षेत्रीय हवाई संपर्क का विस्तार करते हुए छोटे शहरों एवं कम सेवा वाले क्षेत्रों को बेहतर हवाई सुविधा से जोड़ना है। बिहार सरकार द्वारा राज्य में हवाई अवसंरचना के विस्तार को इसी व्यापक लक्ष्य के अनुरूप गति देने का प्रयास किया जा रहा है।

**ये रहें मौजूद :-** बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अनिमेष पराशर, परिवहन विभाग के सचिव राजकुमार, सिविल विमानन विभाग के सचिव नीलेश रामचन्द्र देवरे, पटना के जिलाधिकारी कुंदन कुमार, सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के सचिव नवीन कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार बना पेपर लीक की राजधानी : तेजस्वी

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बिहार अब पेपर लीक की राजधानी बन गया है। तेजस्वी ने इन मुद्दों को लेकर 19 अगस्त को राजभवन तक मार्च निकालने का ऐलान किया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने कहा कि बिहार में कोई भी परीक्षा पारदर्शी तरीके से आयोजित नहीं होती। प्रतियोगी परीक्षा तो छोड़िए यहाँ स्कूली स्तर पर 10वीं और 12वीं की परीक्षा का पेपर लीक होता है। कोई भी बहाली प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी नहीं है इसलिए योग्य और काबिल अभियार्थियों का चयन होना मुश्किल हो रहा है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में बिहार सबसे फिसड्डी है। पूरे देश में बिहार की नामांकन दर सबसे कम, और स्कूल छोड़ने की दर सबसे अधिक है। लगातार सामने आ रहे विवाद छात्रों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तो बिहार में शिक्षा का भगवाकरण किया जा रहा है। स्कूलों में किताब नहीं, शिक्षक नहीं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं! युवा बेचैन और बेसब्र है। बेरोजगारी सबसे अधिक है। 1 करोड़ नौकरी का वादा करने वालों ने अभी तक 1 लाख नौकरियां भी नहीं दी है। तेजस्वी यादव ने आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि अब बस बहुत हुआ। युवा इनके जुमले नहीं सुनेंगे। अब हर स्तर पर विरोध होगा-प्रदर्शन होगा।

### इंडोनेशिया में 7.7 तीव्रता के भूकंप से 51 की मौत, लगाया गया 14 दिन का आपातकाल

जर्काता। इंडोनेशिया के पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत की सरकार ने फ्लोरेस द्वीप में आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के बाद 14 दिनों के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया की स्थिति घोषित कर दी है। यह अवधि 15 से 28 अगस्त तक लागू रहेगी। प्रांतीय सरकार के आदेशानुसार, भूकंप का केंद्र नगेकेओ रीजेंसी के मबे शहर से करीब 30 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में 15 किलोमीटर की गहराई पर था। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (बीएनपीबी) के मुताबिक, भूकंप के बाद आए 341 झटकों के बीच अब तक 51 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 113 लोग घायल हुए हैं। भूकंप के कारण बड़ी संख्या में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। सिक्का में 3,356, मंगराई में 2,078 और नगेकेओ में 500 लोग राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं। बिमा और सेलयार इलाकों में भी लोग विस्थापित हुए हैं।

### वंदे मातरम के अपमान पर कांग्रेस को देश से माफी मांगनी चाहिए : रविशंकर

पटना। भाजपा के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री एवं कांग्रेस नेता पी. चिदंबरम के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यदिमागी नक्सलह्व संबंधी बयान पर की गई टिप्पणी को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने चिदंबरम के बयान को बेहद गैर-जिम्मेदाराना बताते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से अपने ऐतिहासिक संबोधन में वर्ष 2047 तक विकसित भारत का स्पष्ट रोडमैप देश के सामने रखा। उन्होंने युवाओं, किसानों और समाज के हर वर्ग की बात करते हुए कहा कि सरकार ने माओवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने में बड़ी सफलता हासिल की है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि नक्सलवाद समाप्त होने के बावजूद कुछ लोग अभी भी मानसिक रूप से नक्सली सोच रखते हैं। उन्होंने कहा कि इसके बाद पी. चिदंबरम का यह कहना कि मोदी जी, मैं भी दिमागी रूप से नक्सली हूं, बेहद आपत्तिजनक और गैर-जिम्मेदाराना है। रविशंकर प्रसाद ने सवाल किया कि चिदंबरम देश के पूर्व गृह मंत्री, राज्यसभा सांसद और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता हैं।

## कांग्रेस ने स्वतंत्रता दिवस पर 'वंदे मातरम्' का अपमान किया, माफी मांगे: शाह

प्रात : किरण



शाहजयपुर/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस पर राष्ट्र गीत वंदेमातरम् का अपमान करने का आरोप लगाते हुये मांग की कि विपक्षी दल इसके लिए देश की जनता एवं गीत के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की अमर आत्मा से माफी मांगे। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने वोट बैंक की लालच में कांग्रेस ने वंदे मातरम् को भुला दिया था।

शाह निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़) में अटल गौरव स्मृति समारोह में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

शनिवार को दिल्ली के लालकिले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह का ज़िक्र करते हुए शाह ने कहा कि इस समारोह में इस साल एक बड़ा बदलाव यह था कि आजादी के 80 साल के बाद लाल किले की प्राचीर पर और देश भर में जहां ध्वज वंदन हुआ वहां पर वंदेमातरम का गायन 80 साल में पहली बार हुआ है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस ने वंदे मातरम को भुला दिया है। उन्होंने कहा, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय की वह अमर कृति, एक गान के दो शब्द वंदेमातरम भारत माता की मैं वंदना करता हूं.. यह बोलते-बोलते हजारों लाखों लोग फांसी के फंदे पर चढ़ गए थे, गोलियां खाईं थीं, लाठियां खाईं, कई साल जेल में रहे। शाह ने कहा, वोट बैंक की लालच में कांग्रेस ने वंदेमातरम् को भुला दिया था। उन्होंने कहा कि यह 150वां साल है वंदे मातरम के प्राकट्य काह्व लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री मोदी ने वंदेमातरम् को फिर से एक नया आयुष्य देने का काम किया है। कांग्रेस के मुख्यालय में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रगीत के अपमान का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, और इनकी निर्लज्जला देखिए। कांग्रेस पार्टी के मुख्यालय पर वंदेमातरम् का गान हो रहा था। चालू गान में कांग्रेस की नेत्री सोनिया जी ने कांग्रेस अध्यक्ष को गान रोकने का कहा है। हम सब टीवी पर देखते रह गए।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की दृढ़ इच्छाशक्ति और एकता का संकल्प हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा : मुख्यमंत्री

**मुख्य बिंदु :-**

- मुख्यमंत्री ने झाझा में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया
- परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये राज्य में 100 से अधिक और नये बस स्टैंड बनाये जायेंगे

प्रात : किरण




पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने जमुई जिले के झाझा प्रखंड स्थित न्यू बोड़वा बस स्टैंड के समीप लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता के प्रति समर्पण देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि झाझा की पावन धरती से हम सभी का विशेष लगाव रहा है तथा यहां के लोगों का स्नेह और प्यार मिलता रहा है। देश के एकीकरण में सरदार वल्लभ भाई पटेल का योगदान अतुलनीय है, उन्होंने अखंड भारत का सपना देखा था।

उनके विचार और आदर्श आज भी राष्ट्र निर्माण की दिशा में हमारा मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्ध बिहार का सपना देखा है, इसे पूरा करना बिहार सरकार की प्राथमिकता है। बिहार में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए पूरे राज्य में उद्योगों की स्थापना का कार्य शुरू हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये राज्य में 100 से अधिक और नये बस स्टैंड बनाये जायेंगे। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य बिहार के लोगों को स्वस्थ, शिक्षित और समृद्ध बनाना है। जिला अस्पतालों को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। वर्तमान में 36 प्रकार के ऑपरेशन की सुविधाएं जिला अस्पतालों में उपलब्ध हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि कोई चिकित्सक बिना उचित कारण मरीज को रेफर करता है, तो उसकी जवाबदेही तय करते हुए नियम के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लौह पुरुष सरदारा वल्लभ भाई पटेल की विचार धारा को आगे बढ़ाना हम सभी का कर्तव्य है।

कार्यक्रम को स्वास्थ्य मंत्री निशांत एवं परिवहन मंत्री दामोदर राउत ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री सह जमुई जिला के प्रभारी मंत्री संजय कुमार सिंह, उद्योग मंत्री सह खेल मंत्री श्रेयसी सिंह, विधायक रामानंद मंडल, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त श्री प्रेम सिंह मीणा, मुंगेर प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक राकेश कुमार, जिलाधिकारी नवीन, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं आमजन उपस्थित थे।

## पटना पहुंचीं 78 डीलक्स बसें, त्योहारों में अंतर्राज्यीय रूटों पर होंगी परिचालित

प्रात : किरण

पटना। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) की अंतर्राज्यीय सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। बिहार से विभिन्न राज्यों के बीच परिचालन के लिए नई एसी एवं नॉन-एसी डीलक्स बसें पटना पहुंचने लगी हैं। कुल 149 बसों में से 78 डीलक्स बसें फुलवारीशरीफ डिपो में पहुंच चुकी हैं। शेष बसें इस माह के अंत तक आ जाने की उम्मीद है। इन आधुनिक बसों का संचालन मुख्य रूप से आगामी त्योहारी सीजन में शुरू होगा। हालांकि कुछ बसें वर्तमान में पटना-देवघर (श्रावणी मेला) रूट पर सेवा देने लगी हैं।

**बिहार से छह राज्यों के बीच होगा परिचालनः** निगम के मुताबिक, यह बसें बिहार से दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और झारखंड के बीच चलाई जाएंगी। इससे बिहारी कामगारों, छात्रों, व्यापारियों और परिवारों को किफायती दर पर आरामदायक यात्रा का विकल्प मिलेगा। त्योहारों के दौरान घर लौटने वाले प्रवासी मजदूरों और विद्यार्थियों के लिए यह सुविधा विशेष रूप से लाभदायक साबित होगी। बीते दिनों हरियाणा और बिहार के बीच सीधे बस संचालन के लिए सहमती बनी है, जबकि अन्य राज्यों से बातचीत का दौर जारी है।

लंबी दूरी की यात्रा थकान रहित और सुरक्षित करने के उद्देश्य से इनमें आधुनिक सुविधाएं जैसे आरामदायक सीटें, बेहतर सस्पेंशन, एसी व्यवस्था (एसी बसों में) और सुरक्षा मानकों का ध्यान रखा गया है। निजी बसों पर निर्भरता घटने से यात्रियों को किफायती विकल्प उपलब्ध होगा।

इसी क्रम में निगम ने बताया कि पीएम ई-पिंक बसें भी पटना पहुंचनी शुरू हो गई हैं। अब तक पांच इलेक्ट्रिक पिंक बसें राजधानी आ चुकी हैं। ये बसें पुणे से चरणबद्ध तरीके से भेजी जा रही हैं। इनके आगमन से शहरों से अंतर-जिला और ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन व्यवस्था को विस्तार मिलेगा।

**संबोधन** | पीएम मोदी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिल्ली के लाल किले से देश को किया संबोधित

# 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने पर सरकार का विशेष जोर : मोदी



- सभी निर्माताओं, उद्यमियों और लघु-मध्यम उद्योगों से आह्वान किया कि हमारा मंत्र 'क्वालिटी, क्वालिटी, क्वालिटी' होना चाहिए

### दुनिया का इनोवेशन हब बनेगा भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को केवल एक उपभोक्ता बाजार न रखकर एक वैश्विक इनोवेशन हब बनाने पर विशेष बल दिया है। उन्होंने इसके लिए कई महत्वपूर्ण रणनीतियों और पहलों को रेखांकित किया है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि आज का युग एआई, क्वांटम, स्पेस, रोबोटिक्स और डेटा सेंटर्स जैसी उभरती तकनीकों का है। भारत को केवल दूसरों के लिए एक बाजार बनकर नहीं रह जाना है, बल्कि हमें खुद तकनीक क्षेत्र में एक बड़ा इनोवेशन हब बनना है।

### युवाओं को फ्री कोचिंग देगी सरकार

प्रधानमंत्री ने कोचिंग क्लासेस की बढ़ती प्रतिस्पर्धा को गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए एक बहुत बड़ा बोझ बताया है। उन्होंने कहा कि आज लगभग हर माता-पिता को यह महसूस होने लगा है कि यदि उन्होंने अपने बच्चे को कोचिंग क्लास में नहीं भेजा, तो उन्हें समाज में एक प्रतिष्ठित परिवार नहीं माना जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की फ्री ऑनलाइन कोचिंग उपलब्ध किया जाएगा। पीएम ने कहा कि भारत सरकार अपने डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, देश के सर्वश्रेष्ठ टैलेंट और बेहतरीन शिक्षकों को आपस में जोड़कर देश भर के नौजवानों के लिए फ्री कोचिंग देने का एक मजबूत और व्यापक नेटवर्क खड़ा करने जा रही है।

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर अपने संबोधन में अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं तो भविष्य के लक्ष्य भी बताए। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में हुई तेज प्रगति के आंकड़े बताते हुए कहा कि अब पूरा ध्यान 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने पर है। उन्होंने 'सप्तधारा' की अवधारणा पेश करते हुए देश की युवाशक्ति से विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को सप्तधारा की पहली शक्ति बताया। उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार में भारत की पहचान विश्वसनीयता और गुणवत्ता के आधार पर ही होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में संदेश दिया कि क्वालिटी के संबंध में कोई समझौता (नो कॉम्प्रोमाइज) नहीं होना चाहिए। उन्होंने सभी निमार्ताओं, उद्यमियों और लघु-मध्यम उद्योगों से आह्वान किया कि हमारा मंत्र 'क्वालिटी, क्वालिटी, क्वालिटी' होना चाहिए। यही मंत्र वैश्विक स्तर पर भारत का ग्लोबल ब्रांड वैल्यू स्थापित करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

दनियावां। स्थानीय मध्य विद्यालय मकसूदपुर के बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय में मनमोहक प्रस्तुति दी।नन्हे बच्चों ने लोक संगीत की धुनों पर नृत्य कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया।विद्यालय की प्रधान शिक्षिका रेणु कुमारी ने बच्चों के बीच पारितोषिक का वितरण किया।वहीं दूसरी ओर केरला ग्लोबल पब्लिक स्कूल में छात्रों के बीच क्विज का आयोजन किया गया।विजेता छात्रों के बीच पारितोषिक का वितरण आदित्य राज और दुर्गेश कुमार ने किया।

### दनियावां में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

दनियावां। प्रखंड में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में प्रमुख विनोद कुमार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी डॉ. सुनीता कुमारी, दनियावां थाना में थानाध्यक्ष खुशबू खातून, शाहजहांपुर थाना में थानाध्यक्ष बमबम कुमार, जनकबीर आईटीआई में निदेशक वीरमनी कुमार तथा मॉर्निंग स्टार पब्लिक स्कूल में डॉ. किरण पांडेय ने झंडोत्तोलन किया। झंडोत्तोलन के दौरान राष्ट्रगान के साथ देशभक्ति का माहौल बना रहा। इसके साथ ही प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों, विद्यालयों एवं प्रतिष्ठानों में भी धूमधाम से झंडोत्तोलन किया गया और लोगों ने स्वतंत्रता दिवस की खुशियां मनाईं।

### अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अर्पित की श्रद्धांजलि

पटना। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी भारतीय राजनीति के युग पुरुष और सर्वप्रिय राजनेता थे। वे राजनीति में शुचिता, लोकतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्रभक्ति और मानवीय संवेदनाओं के अद्भुत समन्वय के प्रतीक थे। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में सिद्धांतों और राष्ट्रहित को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी। डॉ. कुमार ने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व दलगत सीमाओं से ऊपर था। उनके विचारों, ओजस्वी वक्तृत्व और सहज व्यवहार के कारण देश के हर वर्ग में उनके प्रति सम्मान और अपनापन था। वे एक कुशल प्रशासक, प्रखर वक्ता, संवेदनशील कवि और दूरदर्शी राष्ट्रनेता थे। उनके नेतृत्व में भारत ने विकास, आधारभूत संरचना और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। उन्होंने कहा कि अटल जी ने लोकतंत्र को मजबूत करने के साथ-साथ भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया। पोखरण परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी ऐतिहासिक पहलों ने राष्ट्र निर्माण में उनके दूरदर्शी नेतृत्व को सिद्ध किया। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन और उनके विचार आज भी करोड़ों देशवासियों को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते हैं। उनकी कविता, हार नहीं मानूँगा, रार नई ठानूँगा, उनके अदम्य साहस और संघर्षशील व्यक्तित्व का परिचायक है।

### गार्गी उद्यमी सखी सावन महोत्सव में दिखा महिला उद्यमिता व संस्कृति का संगम

पटना। लेट्स इंस्पायर बिहार के गार्गी चैप्टर द्वारा रविवार को आयोजित गार्गी उद्यमी सखी सावन महोत्सव 2026 में महिला उद्यमिता, आत्मनिर्भरता और बिहार की समृद्ध लोक-सांस्कृतिक परंपराओं का जीवंत संगम दिखा। कार्यक्रम में महिला उद्यमियों ने अपने उत्पादों और हुनर का प्रदर्शन किया, वहीं कजरी, लोकनृत्य, कथक, सावन कॉन्टेस्ट और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन को यादगार बना दिया। महोत्सव का उद्घाटन लेट्स इंस्पायर बिहार के संरक्षक आईपीएस विकास वैभव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के साथ विकसित बिहार का सपना तभी साकार होगा, जब महिलाएं आर्थिक, सामाजिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक विकास में अग्रणी भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि गार्गी केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि ज्ञान, जिज्ञासा, तर्क और नेतृत्व की भारतीय परंपरा का प्रतीक हैं। आईपीएस वैभव ने बताया कि लेट्स इंस्पायर बिहार से लगभग चार लाख लोग जुड़े हैं, जिनमें 40 हजार से अधिक महिलाएं हैं। बिहार के 20 जिलों में 41 गार्गी पाठशालाएं संचालित हो रही हैं और वर्ष 2028 तक गार्गी पहल को बिहार की प्रत्येक पंचायत तक पहुंचाने का लक्ष्य है।कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक राहुल कुमार सिंह ने कहा कि महिला उद्यमिता को शहरों तक सीमित रखने के बजाय गांवों और जमीनी स्तर तक पहुंचाना आवश्यक है। गार्गी चैप्टर महिलाओं को प्रशिक्षण, नेटवर्किंग, बाजार और उद्यमिता के अवसरों से जोड़ने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। महोत्सव में गार्गी महिला उद्यमिता सम्मान से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली डॉ. पूनम आनंद, सुरूचिका सिंह, सुशीला देवी, इंदु अग्रवाल, हेमा देवी।

# तिरंगे की शान और देशभक्ति के गीतों से गूंजा एम्स पटना, 80वें स्वतंत्रता दिवस पर स्वास्थ्य सेवा और राष्ट्र निर्माण का लिया संकल्प

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव की भावना से ओत-प्रोत वातावरण में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), पटना में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। प्रशासनिक भवन परिसर में तिरंगे की शान, राष्ट्रगान की गूंज और देशभक्ति से सराबोर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया। समारोह का शुभारंभ एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। ध्वज को सलामी देते हुए परेड दल ने गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया, जिसका निरीक्षण कार्यकारी निदेशक ने किया। इस दौरान उप निदेशक (प्रशासन) निलोत्पल बल, चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रशांत कुमार सिंह, विभिन्न संकायों के डीन, रजिस्ट्रार, चिकित्सक, एमबीबीएस विद्यार्थी, नर्सिंग व प्रशासनिक स्टाफ सहित पूरा एम्स परिवार उपस्थित रहा। *चिकित्सा और अनुसंधान में उत्कृष्टता का आह्वान*अपने संबोधन में प्रो. (ब्रिगेडियर) डॉ. राजू अग्रवाल ने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि एक मजबूत और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में स्वास्थ्य संस्थानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने एम्स पटना परिवार से मरीजों की निस्वार्थ सेवा, चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। *लिवर ट्रांसप्लांट टीम का हुआ विशेष सम्मान*समारोह के दौरान एम्स पटना में प्रथम ‍लिवर ट्रांसप्लांट‍ को सफलतापूर्वक संपन्न कराने वाली टीम के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी चिकित्सकीय दक्षता और समर्पण के लिए दिया गया, जो संस्थान में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास में एक बड़ा मील का पत्थर है। *सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और बैंड ने बांधा समां*कार्यक्रम में बच्चों और विद्यार्थियों की देशभक्ति प्रस्तुतियां, विशेष बैंड प्रदर्शन और एम्स सभागार में देशभक्ति आधारित फिल्म का प्रदर्शन मुख्य आकर्षण रहे। समारोह ने ‍एक संस्थान, एक परिवार, एक राष्ट्र‍ की भावना को साकार करते हुए राष्ट्र सेवा और समर्पण के संकल्प के साथ पूर्णता पाई।

# पटना जीपीओ में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर पटना जीपीओ के ऐतिहासिक परिसर में देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव एवं उत्साह के वातावरण में स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में श्रीमती शशि शालिनी कुजूर, चीफ पोस्टमास्टर जनरल, बिहार सर्किल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर पटना जीपीओ के मुख्य डाकपाल श्री राजदेव प्रसाद एवं उप मुख्य डाकपाल (प्रशासन) श्री विनय कुमार दुबे सहित परिमंडलीय कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



समारोह में डाक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए राष्ट्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता एवं कर्तव्यनिष्ठा को दोहराया। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पटना जीपीओ परिसर को तिरंगे झंडों, पुष्पों एवं आकर्षक सजावट से सजाया गया था। पूरे परिसर में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का वातावरण देखने को मिला। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा तथा जनसेवा के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। समारोह के क्रम में चीफ पोस्टमास्टर जनरल श्रीमती शशि शालिनी कुजूर द्वारा पौधारोपण भी किया गया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के महत्व पर बल देते हुए सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। पौधारोपण कार्यक्रम में डाक विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वतंत्रता दिवस समारोह को और अधिक आकर्षक एवं जीवंत बनाने के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा जगजीवन स्टेडियम,खगौल में ध्वजारोहण किया गया



प्रात: किरण संवाददाता

दानापुर। खगौल रेल के द्वारा जगजीवन स्टेडियम खगौल में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया गया।इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने रेल सुरक्षा बल, स्काऊट एवं गाईड सहित रेलवे स्कूल के बच्चों द्वारा की गई परेड की सलामी ली।मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने अपने संबोधन में विगत दिनों मंडल की उपलब्धियों का ब्योरा प्रस्तुत किया इसके अलावा मंडल कार्यालय, मंडल अस्पताल, संस्थानों, डिपो एवं सभी स्टेशनों पर भी ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा निशी देव एवं मंडल रेल प्रबंधक द्वारा संयुक्त रूप से स्वतंत्रता के संदेश के प्रतीक के रूप में आसमान में गुब्बारा उड़ाया गया ध्वजारोहण समारोह के दौरान मंडल कला साँस्कृतिक संघ एवं स्काउट एवं गाइड के सदस्यों द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत कई रंगारंग कार्यक्रम तथा झांकी प्रस्तुत की गई इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा निशी देव, अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन वीरेन्द्र कुमार एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक इन्फ्रा राजीव कुमार सहित सभी अधिकारी, महिला कल्याण संगठन की सदस्याएँ, रेलकर्मी, यूनियन एवं एसोसिएशन के

# बेथम एपीजे एकेडमी में धूमधाम से मना 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह, बच्चों ने दी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

प्रात: किरण संवाददाता

फतुहा। जेठुली स्थित बेथम एपीजे एकेडमी में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के माहौल में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के डायरेक्टर विनय कुमार जायसवाल द्वारा झंडोत्तोलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति, लोक संस्कृति, सामाजिक जागरूकता एवं मनोरंजन से भरपूर गीत, नृत्य और नाटक की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में ‍स्वागतम्‍ स्वागतम, चंदा ने पूछा चाँद से, रंगीलो मारो ढोलना, जट-जटिन, कॉमेडी रिमिक्स, प्रेम रतन धन पायो, चटक-मटक, ऐसन बा आपन बिहार नाटक, छोटा बच्चा जान के न टकराना, नहर मत जाई गौरा, चुनरिया लेले ABWXÚ, नन्हा मुन्ना राही हूँ, नव दुर्गा एवं बाल विवाहसहित कई प्रस्तुतियां शामिल रहीं। प्रस्तुतियों में बच्चों ने देशप्रेम के साथ-साथ बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता का संदेश भी दिया। निर्णायक मंडल द्वारा रंगीलो मारो ढोलना को प्रथम, प्रेम रतन धन पायो को द्वितीय तथा छोटा बच्चा जान के न टकराना को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गनौरी दास ने कहा कि प्रत्येक अभिभावक की जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों को साफ-सुथरे एवं स्वच्छ कपड़े पहनाकर विद्यालय भेजें। बच्चों के व्यक्तित्व विकास में स्वच्छता और अनुशासन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वस्त्र, स्वच्छ वातावरण और अच्छी आदतें बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनके स्वस्थ भविष्य की नींव मजबूत करती हैं। समारोह में मुख्य अतिथि रेल थाना प्रभारी गनौरी दास के साथ कुणाल कुमार, मनीष कुमार, पत्रकार सुरजीत पांडेय, कार्टूनिस्ट एवं पत्रकार अमरेन्द्र कुमार, सत्यम कुमार एवं सूरज कुमार सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं प्रियंका मैम, पिंकी मैम, विभा मैम, राजेश सर, राजा वर्मा सर, चन्द्रमोहन झा सर, विन्दा सर, शशिधर सिंह सर एवं मोहित सर का कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। डायरेक्टर विनय कुमार जायसवाल ने आगत अतिथियों को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों और बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों से गूंजता रहा।

# आदर्श निकेतन में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



फतुहा। गोविन्दपुर स्थित आदर्श निकेतन में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर मुकेश कुमार ने झंडोत्तोलन किया। झंडोत्तोलन के बाद विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति गीतों की शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों में देशप्रेम और उत्साह का संचार किया। *स्कूल के डायरेक्टर मुकेश कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है। बच्चों को अपने देश के प्रति प्रेम, सम्मान और जिम्मेदारी की भावना विकसित करनी चाहिए तथा शिक्षा के साथ अच्छे संस्कारों को भी जीवन में अपनाना चाहिए।* कार्यक्रम में शिक्षक रवि रंजन सर, मंटू सर, एजाज सर, संजीव सर, विपिन सर, काजल मिस, शीतल मिस, अंजलि मिस, शिवानी मिस एवं सूरज सर सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मुखिया रीता देवी ने किया ध्वजारोहण, बोलीं - वीर सेनानियों का बलिदान देश की अमूल्य विरासत

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रम । गोपाल विद्यार्थी. 80 वें स्वतंत्रता दिवस पर देश भर में गर्व से ध्वजारोहण किया गया. इसी कड़ी में बिक्रम प्रखंड के अख्तियारपुर मंझौली पंचायत भवन के प्रांगण में मुखिया रीता देवी ने पंचायत प्रतिनिधियों व समाजसेवियों संग उपस्थित ग्रामीणों की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया । मौके पर पूर्व मुखिया शिवनंदन सिंह उर्फ मंडल जी,भोला सिंह, शियाशरण यादव, जयेंद्र शर्मा, रामबली प्रसाद गुप्ता, बिटेश्वर पंडित, विजय यादव, नागेंद्र यादव, प्रेम कुमार, दीपक कुमार, सूरज कुमार, पंचायत सचिव संजय कुमार, दुर्गा कुमार, रवि कुमार, रितेश कुमार संग सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रीय ग्रामीण मौजूद रहें।वही मुखिया पुत्र साकेत सिंह ने कहा कि उन तमाम शहीदों को याद करने की जरूरत है, जिनके बलिदान के कारण आज हम 80 वां स्वतन्त्रता दिवस मनाने पंचायत भवन के प्रांगण में जुटे हैं। हमें उन शहीदों के त्याग को अपने जीवन में उतारना होगा। तभी हमारा समाज व पंचायत का चहुमुंखी विकास की गाड़ी की रफ्तार तेज गति पकड़ सकेगी।आज पंचायत का जो विकास जा झलक दिख रहा है वह हम सब ग्रामीणों के सहयोग का परिणाम है। वहीं उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस मौके पर कार्यकताओं के बीच जलेबियां बांटी गईं।उन्होंने युवाओं से देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति भारत की सबसे बड़ी ताकत है और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। लोकतंत्र की मजबूती, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

## गंगापुर में राजद प्रखंड अध्यक्ष अरविन्द यादव ने किया झंडोत्तोलन देश की एकता और भाईचारा मजबूत करने का लिया संकल्प

प्रात: किरण संवाददाता



फतुहा। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर शनिवार को सुबह 10:50 बजे फतुहा प्रखंड राजद अध्यक्ष अरविन्द यादव ने ग्राम पंचायत रुकुनपुर के ग्राम गंगापुर स्थित स्थायी कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। झंडोत्तोलन के दौरान वंदे मातरम् और भारत माता की जय के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर अरविन्द यादव ने देश के वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हम सभी को देश की एकता, अखंडता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने सभी लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, जय हिंद।‍ कार्यक्रम में पटना जिला महासचिव भोला सिंह, नीतीश कुमार, पिताम्बरपुर पंचायत अध्यक्ष सुजीत कुमार, रुकुनपुर पंचायत के अध्यक्ष कृष्ण कुमार, रघु यादव, अनिल सिंह, फतुहा प्रखंड राजद महासचिव विजय सिंह, रामचंद्र रविदास, नवल किशोर मोची, बृजनंदन सिंह, नवल किशोर सिंह, नीरज कुमार निराला, मुन्नू कुमार, सुधीर सिंह, श्रवण सिंह, छोटन दास, धर्मेंद्र कुमार, महेंद्र यादव, कामेश्वर सिंह, कारू यादव (पंच), छोटे दास (पंच), मनोज कुमार, कमलेश्वर प्रसाद सहित सैकड़ों राजद कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## सर्वजन पार्टी कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया



पटना। सर्वजन पार्टी ( भारत) के सूडी टोला महेंद्रू पटना कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश पंजियार जी ने झंडारोहण कर स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव श्री संजय प्र सरस्वती भी उपस्थित थे। अन्य पदाधिकारियों में एडवोकेट छोटे प्रसाद, एडवोकेट पंकज कुमार, कार्यालय प्रभारी मोहन प्रसाद, अनिल कुमार , दयानंद मधुप, विनोद मिश्र, वीरेंद्र प्रसाद, उपेन्द्र नायक एवं यदुनंदन जी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों, बलिदानियों और महापुरुषों को याद किया गया। वक्ताओं ने देश में सरकारी स्कूलों की दुर्गति, प्रतियोगी परीक्षाओं का पेपर लीक, जंतर-मंतर पर चल रहे क्रमिक प्रदर्शनों, आंदोलनरत लोगों के साथ निष्ठुर व्यवहार, सत्ता वर्ग का गैर-जिम्मेदाराना रवैया, बेशुमार बेरोजगारी, संस्थागत भ्रष्टाचार, वंचित वर्गों के साथ अन्याय, ओबीसी एससी एसटी के अधिकारों एवं आरक्षण की डकैती , न्यायपालिका में पेंडिंग वादों की भरमार, देश के राष्ट्रीय कर्ज.में बढ़ोतरी, रुपए का अवमूल्यन, देश के संसाधनों का लगातार निजीकरण, एमएलए/ एमपी का नैतिक पतन और बेखौफ पार्टी बदलना आदि राष्ट्रीय समस्याओं पर चिंता जाहिर किया। यह भी विचार किया गया कि क्या हम सचमुच आजाद हैं? पार्टी का लक्ष्य - ‍श्रेष्ठ भारत निर्माण‍ अर्थात भारत रूस, चीन, जापान, अमेरिका जैसा टैक्नोलॉजिकल आर्थिक सम्पन्न देश बने पर भी विचार विमर्श किया

# सीमावर्ती इलाके में पुलिसिंग को मिली मजबूती नये भवन से बढ़ेंगी सुविधाएं: आईजी

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। अरवल-जहानाबाद की सीमा से सटे पियरपुरा थाना क्षेत्र में पुलिसिंग को बेहतर बनाने की दिशा में शनिवार को बड़ी पहल हुई। संसाधनों और जगह की कमी के बीच जैसे-तैसे संचालित हो रहा पियरपुरा थाना अब अपने नवनिर्मित भवन में शिफ्ट हो गया। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पटना रेंज के आईजी जितेन्द्र राणा ने फीता काटकर नये थाना भवन का उद्घाटन किया। इससे पहले पुलिसकर्मियों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। उद्घाटन के बाद आईजी जितेन्द्र राणा ने कहा कि पियरपुरा थाना पटना जिले के ऐसे सीमावर्ती इलाके में स्थित है, जहां से अरवल और जहानाबाद जिले की सीमाएं जुड़ी हुई हैं। इस कारण यहां पुलिसिंग और प्रशासनिक गतिविधियों में कई तरह की चुनौतियां रहती थीं। थाना स्थापित होने के बाद इन समस्याओं में कमी आई, लेकिन जगह और संसाधनों की कमी के कारण पुलिसकर्मियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि नये भवन के निर्माण से पुलिसकर्मियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और थाना का प्रशासनिक कामकाज भी सुचारू रूप से संचालित होगा। सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिसिंग को और मजबूत करने में यह नया भवन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मौके पर एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा, सिटी एसपी पटना पश्चिमी साकेत कुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे ।

## 80वें स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति समूह गान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

पटना। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिहार विधान सभा के विस्तारित भवन स्थित सभागार में देशभक्ति समूह गान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि.) श्री सय्यद अता हसनैन, बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार और माननीय उपाध्यक्ष श्री नरेंद्र नारायण यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने स्वागत संबोधन में बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ.प्रेम कुमार ने सभी को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए अत्यंत गौरव और भावनाओं से भरा हुआ है। स्वतंत्रता दिवस के इस गौरवपूर्ण अवसर पर पहली बार सभा सचिवालय की महिला पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। बिहार विधान सभा सचिवालय की यह पहल हमारी महिला शक्ति की प्रतिभा और रचनात्मक क्षमता को मंच प्रदान करने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता की सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रस्तुति दें। मंच पर आते समय यह भावना रखें कि आप केवल प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रही हैं, बल्कि अपने गीत के माध्यम से भारत माता के प्रति अपनी श्रद्धा और राष्ट्र के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त कर रही हैं। उन्होंने आह्वान किया कि इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सभी संकल्प लें कि हम अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करेंगे, संविधान और लोकतंत्र के मूल्यों को मजबूत करेंगे तथा एक सशक्त, समृद्ध, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

# ऊर्जा सचिव ने की पुसौली में राजस्व, परियोजनाओं एवं संचरण-संपोषण कार्यों की समीक्षा

**● ग्रिड उपकेंद्र, पुसौली,विद्युत उपकेंद्र, नदोखर , नव निर्मित विद्युत उपकेंद्र,रामकरपुर का निरीक्षण किया एवं चिलबिली गांव में ULA योजना के लाभार्थी के घर पहुंचकर कार्यों का लिया जायजा**

प्रात: किरण संवाददाता



पटना। ऊर्जा सचिव सह अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड, श्री अजय यादव (भा.प्र.से.) ने रविवार को सासाराम डिवीजन के अंतर्गत पुसौली (भभुआ) कॉन्फ्रेंस हॉल में विद्युत व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में राजस्व संग्रहण, विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति तथा संचरण एवं संपोषण कार्यों की जानकारी ली गई। उन्होंने लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने, विद्युत संरचनाओं के नियमित रखरखाव तथा परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने तथा राजस्व संग्रहण में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के बाद ऊर्जा सचिव ने 220/132/33 केवी ग्रिड उपकेंद्र (GSS), पुसौली का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिकारियों से ग्रिड की वर्तमान स्थिति एवं संचालन से संबंधित जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने विद्युत शक्ति उपकेंद्र (PSS), नदोखर का निरीक्षण किया। उन्होंने उपकेंद्र की वर्तमान स्थिति, विद्युत आपूर्ति एवं संचरण व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान ऊर्जा सचिव ने नदोखर उपकेंद्र परिसर में पौधरोपण भी किया। उन्होंने चिलबिली गांव में यूएलए (कुटीर ज्योति) योजना के कार्यों का निरीक्षण किया गया। वछअ योजना के लाभार्थी के घर पहुंचकर योजना से मिल रहे लाभ की जानकारी ली तथा अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए अधिक से अधिक पात्र उपभोक्ताओं तक योजना का लाभ समय पर पहुंचाने का निर्देश दिया। अंत में रामकरपुर गांव में नवनिर्मित विद्युत शक्ति उपकेंद्र (ढरर) का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं एवं कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सभी कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी कैमूर श्री नितिन कुमार सिंह, मुख्य अभियंता एसबीपीडीसीएल मो. रिजवान अहमद, विद्युत अधीक्षण अभियंता सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता भभुआ ई. शशिकांत कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम, विद्युत कार्यपालक अभियंता डेहरी ई. संतोष कुमार सहित अंचल के सभी सहायक विद्युत अभियंता उपस्थित थे।

## राजद कार्यकताओं ने 19 अगस्त के राजभवन पैदल मार्च में शामिल होने का किया आह्वान

फतुहा। फतुहा प्रखंड राजद अध्यक्ष अरविन्द यादव ने राजद कार्यकताओं से आह्वान किया कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में 19 अगस्त 2026, बुधवार को बिहार सरकार की कथित अन्यायपूर्ण एवं निरंकुश नीतियों के खिलाफ मुख्य सड़क मार्ग से राजभवन तक आयोजित पैदल मार्च में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। इस दौरान प्रदेश कार्यालय राजद से राजभवन तक आयोजित होने वाले इस पैदल मार्च को लेकर कार्यकताओं में उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में जिला महासचिव भोला सिंह, पिताम्बरपुर पंचायत अध्यक्ष सुजीत कुमार, महेन्द्र यादव, विभू सिंह ऋषिकेश यादव, कामेश्वर सिंह, नवल किशोर मोची, छोटन दास, धर्मेन्द्र राम, अफरोज अख्तर, संतोष कुमार, मृत्युंजय यादव, मुकेश यादव, शिवधर कुमार, रंजीत कुमार, कृष्ण कुमार, नीरज कुमार निराला, पारस यादव, दिलीप मुखिया, बजरंगी कुमार, रामचन्द्र रविदास, विजय सिंह, लालू दास सहित बड़ी संख्या में राजद नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

पटना। चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, पटना में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक समिति द्वारा भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रप्रेम, देशभक्ति और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत संगम देखने को मिला। समारोह में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रजिस्ट्रार प्रो. (डॉ.) एस. पी. सिंह अवसर पर उपस्थित रहे। सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डॉ. प्रिया दर्शिनी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। अन्य उपस्थित सदस्यगण में सह संयोजिका आकांक्षा राय तथा समिति के सदस्य डॉ. प्रत्युष कौशिक, अपूर्वा प्रज्ञा एवं तनुश्री सम्मिलित थे। समारोह का शुभारंभ प्रातः 9:05 बजे ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात स्वागत संबोधन एवं माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) फैजान मुस्तफा का संबोधन हुआ। अपने संबोधन में माननीय कुलपति ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को देश की प्रगति में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति में चार्वी प्रसाद, खुशी डिडवानिया, सृष्टि सिंह, अलका एवं मनस्वी वत्स ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके बाद कविता पाठ की प्रस्तुतियों ने समारोह में साहित्यिक एवं भावनात्मक रंग भर दिया। कविता पाठ में रोहित कुमार, आयुष आनंद, शिवांश, वैष्णवी, शाश्वत कुमार एवं अंशुल पल्लव ने अपनी रचनाओं के माध्यम से देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम एवं स्वतंत्रता की भावना को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम में देशभक्ति गीत की प्रस्तुति भी दी गई, जिसमें शिवानी, साक्षी, आयुषी, सहित, तोयज, अंकित चौधरी एवं ओम मित्तल ने सहभागिता की। इस प्रस्तुति का नेतृत्व अंशुल पल्लव एवं शौर्यन आर्ष द्वारा किया गया। भारतीय संस्कृति की विविधता को प्रदर्शित करते हुए दक्षिण भारतीय एवं पंजाबी लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसमें ऐश्वर्या, शांभवी, अनाया, वैष्णवी एवं सुमेधा ने भाग लिया। वहीं गुजराती लोक नृत्य में वेदिका प्रिया, रिद्धिमा सिंह, हर्षिता कुमारी, वैष्णवी, मेघना चौधरी, समृद्धि सिंह, स्नेहा आनंद एवं अनन्या ने गुजरात की समृद्ध लोक संस्कृति एवं परंपराओं को मंच पर जीवंत किया। इसके पश्चात राजस्थानी लोक नृत्य की प्रस्तुति में अनंदिता, स्वाति एवं तनिषा ने राजस्थान की लोक संस्कृति एवं पारंपरिक कला का मनमोहक प्रदर्शन किया। वहीं बंगाली लोक नृत्य में सुरभि श्री, अद्विका पांडेय, कृषा बदानी एवं प्रतिमा प्रसाद ने बंगाल की सांस्कृतिक विरासत को मंच पर प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन वंश कुमार, अलीश्बा खान, अलीमा हितावाला एवं अल्पना शेखावत द्वारा किया गया। उनके प्रभावी एवं सधे हुए मंच संचालन ने पूरे कार्यक्रम को गरिमापूर्ण एवं सुचारु बनाए रखा। समारोह के दौरान प्रस्तुत किए गए शास्त्रीय नृत्य, देशभक्ति गीत, कविता पाठ एवं विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों ने ‍विविधता में एकता‍ की भारतीय भावना को साकार किया।

# सीएम सम्राट ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्य तिथि के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पाटलिपुत्रा पार्क, पटना में स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव, कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ प्रमोद कुमार, सांसद रविशंकर प्रसाद, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सरावगी, विधायक रत्नेश कुशवाहा, विधायक संजय कुमार गुप्ता, विधान पार्षद कुमुद वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने भी स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती-पूजन, राष्ट्रीय गीत, राष्ट्रग्रान, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

## मुख्यमंत्री ने लोक सेवक आवास पर ध्वजारोहण किया



पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास, 1 अणे मार्ग में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं संयुक्त टुकड़ी की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, डीजी, ऑपरेशन कुंदन कृष्णन, एडीजी एसएसजी संजय सिंह सहित अन्य वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## अटल जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रसेवा के लिए कार्य करना सौभाग्य : सरावगी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में आज पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। समारोह में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भी अपने प्रेरणास्त्रोत



पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया।

## पटना स्थित 7, सर्कुलर रोड आवास पर नीतीश कुमार ने किया तिरंगा ध्वजारोहण



पटना। पटना के 7 सर्कुलर रोड आवास पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य नीतीश कुमार ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे सम्मान एवं गौरव के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। ध्वजारोहण के पश्चात उन्होंने तिरंगे को सलामी दी और राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर जवानों एवं महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि आज हमारा संकल्प होना चाहिए कि हम राष्ट्र की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करते हुए विकसित बिहार एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस अवसर पर सुरक्षा बलों की टुकड़ी ने गरिमापूर्ण तरीके से सलामी दी। समारोह में सैकड़ो की तदाद में पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति एवं देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत रहा। उक्त अवसर पर उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ नेतागण, कार्यकत्रागण सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी राष्ट्र के प्रति अपनी राष्ट्रभक्ति एवं देशप्रेम तिरंगे को समर्पित की। वहीं, नीतीश कुमार ने इस अवसर पर बिहार एवं देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता, सामाजिक सद्भाव और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करते हुए बिहार को विकास एवं प्रगति की नई ऊंचाइयों तक ले जाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दौरान पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा, बिहार सरकार में उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, विधान परिषद में पार्टी के उप-नेता सह पार्टी कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, मंत्री अशोक चैधरी, मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह गांधी जी सहित सैकड़ो की तदाद में पार्टी नेतागण एवं कार्यकत्रागण उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

- बोले- वीर सेनानियों का बलिदान देश की अमूल्य विरासत



पटना। 80वें स्वतंत्रता दिवस के गौरवपूर्ण अवसर पर बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने शनिवार को पटना स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया। ध्वजारोहण के बाद उन्होंने राष्ट्रध्वज को सलामी दी और देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस मौके पर कार्यकताओं के बीच जलेबियां बांटी गईं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने समस्त देशवासियों और बिहारवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को स्मरण करने का दिन है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं से देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति भारत की सबसे बड़ी ताकत है और विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। लोकतंत्र की मजबूती, सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

## जदयू प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह ने किया झंडोत्तोलन



पटना। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जदयू प्रदेश कार्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर स्वतंत्रता सेनानियों एवं राष्ट्रनायकों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें उन महान सपूतों के त्याग, तपस्या और संघर्ष का स्मरण कराता है, जिनके बलिदान से हमें आजादी मिली। आज हमारा संकल्प होना चाहिए कि हम राष्ट्र की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करते हुए विकसित बिहार एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस अवसर पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, सांसद विजयलक्ष्मी कुशवाहा, विधान पार्षद रवींद्र सिंह, विधान पार्षद संजय सिंह, विधान पार्षद सह महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शिवरणी देवी प्रजापति, मुख्यालय प्रभारी अंजुम आरा, मुख्यालय प्रभारी शंभू कुशवाहा, मुख्यालय प्रभारी अरुण वर्मा, मुख्यालय प्रभारी सुमित कुमार सिंह, डॉ अमरदीप, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में राजेश राम ने फहराया तिरंगा



पटना। देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी। झंडोत्तोलन के पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता, लोकतंत्र एवं संविधान के मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया तथा स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों और देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महान सपूतों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। इसके पूर्व प्रदेश कांग्रेस सेवादल के द्वारा ध्वज गीत का गायन किया तत्पश्चात सभी ने राष्ट्रगान का गायन किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें केवल आजादी के संघर्ष और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग की याद नहीं दिलाता, बल्कि देश की लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक विरासत को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी का भी एहसास कराता है। आजादी के मूल्यों की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने इस अवसर पर सभी कांग्रेसजनों का आह्वान किया कि वे एकजुट होकर देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए काम करें। इस अवसर पर विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा. मदन मोहन झा, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़, डा संजय यादव, स्नेहाशीष वर्द्धन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## राजद कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष ने फहराया तिरंगा



पटना। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने राष्ट्रीय तिरंगा फहराया। झंडोत्तोलन के बाद झंडे को सलामी दी गई तथा जन गण मन एवं वन्दे मातरम गाया गया। भारत माता की जयघोष, वन्दे मातरम् तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी अमर रहें का नारा लगाया गया। इस अवसर पर वीर शहीदों की कुबार्नी को याद किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव बीनू यादव, पूर्व मंत्री डॉ रामचन्द्र पूर्वे, अषोक कुमार सिंह, डॉ तनवीर हसन, रणविजय साहू, शिवचन्द्र राम, शक्ति सिंह यादव, डॉ उर्मिला ठाकुर, एजाज अहमद, चन्देष्वर प्रसाद सिंह सहित सैंकड़ों नेताओं एवं कार्यकत्ताओं ने राष्ट्रीय तिरंगे को सलामी दी तथा राष्ट्रगान गाया।

## विप सभापति ने किया झंडोतोलन

- बोलें-देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लें.



पटना। बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने बिहार विधान परिषद् के प्रांगण में झंडोतोलन किया एवं समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। इस शुभ अवसर पर सभापति ने सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सभी भारतीयों के लिए एक ऐतिहासिक एवं गर्व का दिन है। आज ही के दिन हमारा देश अंग्रेजों से आजाद हुआ था और आज हम सभी 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। 1947 के खाद्यान्न संकट, गरीबी और अशिक्षा से निकलकर भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र, प्रमुख अर्थव्यवस्था और अंतरिक्ष शक्ति बन चुका है। आइए इस पावन अवसर पर देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को नमन करें और देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लें। उक्त झंडोतोलन कार्यक्रम में विधानसभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार, उप सभापति बिहार विधान परिषद् प्रो. (डॉ.) राम वचन राय, उपाध्यक्ष विधान सभा नरेन्द्र नारायण यादव, मुख्य सचेतक सत्तारूढ़ दल संजय कुमार सिंह, उप नेता प्रो डॉ राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, बिहार विधान परिषद् केर अन्य पूर्व एवं वर्तमान सदस्यगण सहित बिहार विधान परिषद् के प्रभारी सचिव शंकर कुमार, विधान सभा की सचिव पुनम सिन्हा और विधान परिषद् के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. NOT FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.

**PUBLIC ANNOUNCEMENT**

(Please scan this QR Code to view the DRHP)

OOH Media Assets & Solutions

# CENTURY BUSINESS MEDIA LIMITED

(Formerly known as Century Business Private Limited)

## THE EQUITY SHARES OF THE COMPANY WILL GET LISTED ON SME PLATFORM OF BSE LIMITED ("BSE SME")

Our Company was originally incorporated as a Private Limited Company under the name "Century Business Private Limited" on September 23, 1999 bearing Registration No. 009001 having CIN U51505BR1999PTC009001 under the provisions of the Companies Act, 1956 with the Registrar of Companies, Bihar. Consequently, pursuant to Special Resolution passed by the shareholders at the Extra Ordinary General Meeting held on January 08, 2024, our company has changed its name from "Century Business Private Limited" to "Century Business Media Private Limited" vide a fresh Certificate of Incorporation consequent upon change of name dated February 08, 2024 issued by the Registrar of Companies, Patna. Further, pursuant to Special Resolution passed by the shareholders at the Extra Ordinary General Meeting held on June 28, 2024 our company was converted into a Public Limited Company and consequently the name of our Company from "Century Business Media Private Limited" to "Century Business Media Limited" vide a fresh Certificate of Incorporation dated September 16, 2024 issued by the Registrar of Companies, Central Registration Centre. Our Company's Corporate Identification Number is U73100BR1999PLC009001.

**Registered Office:** 107, Emarat Firdaus Exhibition Road, Patna, Bihar, India, 800001
**Corporate Office:** P S Abacus Room No 204, 2nd Floor NH 12 Action Area II E New Town, North 24 Parganas, West Bengal, India, 700161
**Tel.:** 0612-2320672/76, **E-mail:** info@centurymedia.in; **Website:** www.centurymedia.in
**Contact Person:** Shashank Poddar, Company Secretary & Compliance Officer

## NOTICE TO INVESTORS ("NOTICE")

**INITIAL PUBLIC OFFER OF UPTO 23,16,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH (THE "EQUITY SHARES") OF CENTURY BUSINESS MEDIA LIMITED (OUR "COMPANY") FOR CASH AT AN ISSUE PRICE OF ₹[●] PER EQUITY SHARE (INCLUDING SHARE PREMIUM OF ₹[●] PER EQUITY SHARE) FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹[●] LAKHS ("PUBLIC ISSUE")**

In reference to the Draft Red Herring Prospectus dated September 05, 2025 ("DRHP") filed with SME Platform of BSE Limited ("BSE SME"), investor should note the following:

1. Our Company has received intimations from Shashi Kumar Choudhary, Seema Choudhary and Sangita Dokania to Sold 4,84,600 Equity Shares respectively to certain individuals, as detailed below (together the "Secondary Transaction"). The details of the transfer/sale are as follows:

| S. No. | Date of Transfer | Name of Transferors | Nature of relationship with company | Name of Transferee | Nature of Relationship with Company | Nature of Transaction | Number of Equity Shares | Percentage of pre-issue share capital of the company | Transfer Price per Equity Share (Rs.)* | Total Consideration (in Rs.)* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | August 14, 2026 | Shashi Kumar Choudhary | Promoter | Khushi Choudhary | Promoter Group | Secondary Sale | 5,000 | 0.08% | - | - |
| 2. | | | | Shreya Choudhary | Promoter Group | | 5,000 | 0.08% | - | - |
| TOTAL | | | | | | | **10,000** | **0.16%** | - | - |
| 3. | August 14, 2026 | Seema Choudhary | Promoter | Neeraj Kedia | Promoter Group | Secondary Sale | 2,000 | 0.03% | - | - |
| TOTAL | | | | | | | **2,000** | **0.03%** | - | - |
| 4. | August 14, 2026 | Sangita Dokania | Promoter | Shashi Kumar Choudhary | Promoter | Secondary Sale | 4,72,600 | 7.33% | - | - |
| TOTAL | | | | | | | **4,72,600** | **7.33%** | - | - |
| GRAND TOTAL | | | | | | | **4,84,600** | **7.52%** | - | - |

*Transferred by way of gift

2. Please note that the Equity Share transferred pursuant to the Secondary Transaction, being the pre-offer equity share capital shall be subject to Lock-in, in accordance with terms of Regulation 239 of the SEBI (ICDR) Regulations, 2018.
3. Further, except as disclosed in the table above and in the DRHP, the aforementioned transferees are not connected with the Company, the Promoters, members of the Promoter Group, the Directors, the Key Managerial Personnel, Group Companies and the directors and Key Managerial Personnel of our Group Companies.

Please further note that the Notice does not reflect all the changes that have occurred between the date of filing of the DRHP and the date hereof, and accordingly does not include all the changes and/or updates that will be included in the Red Herring Prospectus and the Prospectus. The above notice is to be read in conjunction with the DRHP. Further, the company will suitably update the relevant section in the Red Herring Prospectus and Prospectus to be filed with ROC and the Stock Exchange, to reflect the factual position pursuant to the Secondary Transaction as on the date of the Red Herring Prospectus and Prospectus.

| BOOK RUNNING LEAD MANAGER TO THE ISSUE | REGISTRAR TO THE ISSUE |
|---|---|
| Hem Securities | KFINTECH |
| **HEM SECURITIES LIMITED**<br>**Address:** 904, A Wing, Naman Midtown, Senapati Bapat Marg, Elphinstone Road, Lower Parel, Mumbai-400013, Maharashtra, India<br>**Tel. No.:** +91- 22- 49060000 ; **Email:** ib@hemsecurities.com<br>**Investor Grievance ID:** redressal@hemsecurities.com<br>**Contact Person:** Ravi Kumar Gupta<br>**Website:** www.hemsecurities.com<br>SEBI Regn. No.: INM000010981 | **KFin Technologies Limited**<br>**Address:** Selenium Tower-B, Plot 31 & 32, Gachibowli, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad – 500 032, Telangana, India.<br>**Tel No.:** 40 6716 2222 ; **Email:** ssl.ipo@kfintech.com<br>**Investor Grievance Email:** einward.ris@kfintech.com<br>**Website:** www.kfintech.com ; **Contact Person:** M Murali Krishna<br>**Designation:** Vice President ; **SEBI Registration Number:** INR000000221<br>**CIN:** L72400TG2017PLC117649 |

*All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed in the DRHP.*

**For Century Business Media Limited**
**(Formerly known as Century Business Private Limited)**
**On behalf of the Board of Directors**
**Sd/-**
**Shashank Poddar**
**Company Secretary and Compliance Officer**

**Place:** Patna, Bihar
**Date:** August 14, 2026

**Disclaimer:** Century Business Media Limited is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares and has filed the Draft Red Herring Prospectus on September 05, 2025. The Draft Red Herring Prospectus is available on the website of BSE SME at https://www.bsesme.com/PublicIssues/SMEIPODRHP.aspx and is available on the websites of the BRLM at www.hemsecurities.com and also on the website of the Company www.centurymedia.in. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, see section titled ***"Risk Factors"*** beginning on page 28 of the Draft Red Herring Prospectus. Potential investors should not rely on the Draft Red Herring Prospectus for making any investment decision.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the "**Securities Act**") or any state securities laws in the United States, and unless so registered, and may not be issued or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and in accordance with any applicable U.S. State Securities laws. The Equity Shares are being issued and sold outside the United States in 'offshore transactions' in reliance on Regulation "S" under the Securities Act and the applicable laws of each jurisdiction where such issues and sales are made. There will be no public offering in the United States.

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, सोमवार, 17 अगस्त, 2026

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें



## संक्षिप्त खबरें

### मजदूरी मांगने पर धारदार हथियार से हमला कर किया जख्मी, दिया आवेदन

विभूतिपुर/समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के भिंडी वार्ड 13 में पुत्र की मजदूरी की बकाया रुपया मांगने पर एक बुजुर्ग को धारदार हथियार से हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया। मामले को लेकर पीड़ित ने तीन लोगों को आरोपित करते हुए थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है।

बताया है कि मेरा पुत्र शिवनाथपुर गांव के एक व्यक्ति का गाड़ी चलाता है। 15 अगस्त की संध्या बुजुर्ग मजदूरी की बकाया रुपया मांगने पहुंचा। आरोपी फोन कर भिंडी गांव के एक व्यक्ति के यहां बुलाया। जहां पहुंचते ही धारदार पघरिया से हमला कर जख्मी कर दिया। किस घटना में बुजुर्ग की हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया। किसी तरह वहां से किसी तरह वहां से जान बचाकर बुजुर्ग विभूतिपुर सीएचसी में इलाज करवाया।

### दरभंगा किला की प्राचीर से राज दरभंगा के प्रतिनिधि ने किया ध्वजारोहण

दरभंगा। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दरभंगा किला की ऐतिहासिक प्राचीर पर गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज दरभंगा के प्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने प्रातः 10 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तिरंगा फहराते ही उपस्थित लोगों ने ह्यभारत माता की जयह्ल और ह्यवंदे मातरमह्ल के नारों से किला परिसर को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि ऐतिहासिक दरभंगा किला मिथिला की संस्कृति, शौर्य और गौरवशाली विरासत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक स्थल पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करने का अवसर मिलना उनके लिए गौरव की बात है।

इसके लिए उन्होंने कुमार कपिलेश्वर सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने राज दरभंगा के महान महाराजाओं तथा स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के त्याग और योगदान को याद करते हुए युवाओं से देश की एकता, अखंडता एवं विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक स्थलों पर राष्ट्रीय पर्व मनाने से हमारी विरासत और राष्ट्रभक्ति की भावना नई पीढ़ी तक पहुंचती है। कार्यक्रम प्रभारी एवं राज दरभंगा प्रबंधन के आशुतोष दत्ता ने मिथिला सहित देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए समाज में आपसी एकता और सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। समारोह में डॉ. हेमपति झा, अमरकांत झा, प्रियांशु झा, संतोष सिंह, बबलू कुमार, जितेंद्र ठाकुर, अमन सिंह, सुनील राय, राजू मंडल, राम कृष्ण लाल दास, मनोज साह, अभिजीत मुखर्जी, अशोक मंडल, पप्पू यादव, दीपक कुमार, मुकेश झा, आदित्य कश्यप सहित सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### प्रखंड मुख्यालय सहित सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों में धूमधाम के साथ फहराया गया तिरंगा झंडा

विभूतिपुर/समस्तीपुर। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रखंड मुख्यालय स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी, बीडीओ सुनील कुमार, समिति अध्यक्ष दिलीप नारायण सिंह, सचिन श्याम किशोर कुशवाहा, कोषाध्यक्ष मनोरंजन प्रसाद मिश्र, उप प्रमुख सुजीत कुमार चौधरी, मिथिलेश सिंह, कृष्ण देव प्रसाद सिंह, डॉ धीरज कुमार, राजबली राय सहित अन्य पदाधिकारी एवं अन्य ग्रामीण लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

तत्पश्चाप प्रखंड मुख्यालय पर प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी, थाना पर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार झा, सीएचसी पर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर धीरज कुमार, चकबंदी कार्यालय पर अंचलाधिकारी चंद्रशेखर, निरीक्षण भवन संख्या घाट में बीडीओ सुनील कुमार, ई किसान भवन पर आत्मा अध्यक्ष राम नारायण सिंह, जनता कॉलेज पर उप प्राचार्य अंजनी कुमार सिंह, विभूतिपुर उत्तर में मुखिया विभा कुमारी, सरपंच वंदना कुमारी सहित प्रखंड के सभी पंचायत भवनों पर मुखिया एवं सरपंच, शिक्षण संस्थानों में तिरंगा झंडा फहराया गया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में विकास की उपलब्धियां गिनाईं, मंत्री ने किया ध्वजारोहण

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा(आससे)। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक नेहरू स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में पथ निर्माण मंत्री सह दरभंगा जिला प्रभारी मंत्री कुमार शैलेन्द्र ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान विभिन्न सुरक्षा बलों, एनसीसी, भारत स्काउट एवं गाइड की टुकड़ियों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। परेड में बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-13 को प्रथम, गृह रक्षा वाहिनी को द्वितीय तथा एनसीसी को तृतीय स्थान मिला। समारोह में बेनीपुर विधायक विनय कुमार चौधरी, केवटी विधायक मुरारी मोहन झा, दरभंगा ग्रामीण विधायक राजेश कुमार मंडल, जिला परिषद अध्यक्ष रेणु, आयुक्त हिमांशु कुमार राय, डीआईजी मनोज कुमार तिवारी, जिलाधिकारी कौशल कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी सहित कई अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। अपने संबोधन में मंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए दरभंगा की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक विरासत को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क, पुल, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यटन के माध्यम से दरभंगा के समग्र विकास की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने दरभंगा रेलवे स्टेशन से आमस-दरभंगा एक्सप्रेसवे तक एलिवेटेड कॉरिडोर, आठ आरओबी, एयरपोर्ट के नए टर्मिनल तथा विभिन्न सड़क परियोजनाओं का उल्लेख किया। मंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, कृषि, महिला सशक्तीकरण, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और पर्यटन क्षेत्र में चल रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डीएमसीएच में अत्याधुनिक बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी ओटी शुरू हो चुका है तथा न्यूरो सर्जरी ओटी और एडवांस आईसीयू जल्द शुरू होगा। समारोह में देहदान एवं नेत्रदान करने वालों के परिजनों, करदाताओं, उत्कृष्ट कर्मियों तथा होली क्रॉस स्कूल के बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जीविका स्वयं सहायता समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज के रूप में 51 करोड़ रुपये का चेक भी प्रदान किया गया।

# आधारभूत परियोजनाओं को समय-सीमा में पूरा करना सरकार की प्राथमिकता : संजय सरावगी

● एलिवेटेड रोड, आरओबी व एयरपोर्ट अप्रोच रोड की प्रगति की समीक्षा

प्रात: किरण संवाददाता




दरभंगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी ने पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेंद्र के साथ जिले की महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना परियोजनाओं को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न सड़क, एलिवेटेड रोड एवं रेल ओवरब्रिज (आरओबी) परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर कर योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने पर जोर दिया गया। संजय सरावगी ने अधिकारियों से परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, निर्माण की गति तथा तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि दरभंगा में बढ़ती आबादी और यातायात के दबाव को देखते हुए आधुनिक आधारभूत संरचना का विकास समय की आवश्यकता है। विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। विभागीय समन्वय के साथ समस्याओं का त्वरित समाधान कर निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। बैठक में दरभंगा एलिवेटेड रोड, लोहिया चौक-पंडासराय एलिवेटेड रोड तथा दरभंगा एयरपोर्ट के नए टर्मिनल के अप्रोच रोड से जुड़े कार्यों की समीक्षा हुई। इसके अलावा दिल्ली मोड़, कगवा गुमटी, दोनार चौक, चट्टी चौक एवं पंडासराय आरओबी की प्रगति पर भी चर्चा की गई। शिवधारा-हरपुर पथ के चौड़ीकरण तथा हराही-दिग्घी-गंगासागर पोखर एकीकरण परियोजना की भी समीक्षा की गई। सरावगी ने कहा कि इन योजनाओं के पूरा होने से शहर की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन एवं रोजगार को गति मिलेगी। बैठक में पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव पंकज पाल, एनएचएआई, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम एवं बीएसआरडीसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। अधिकारियों को नियमित निगरानी, बेहतर समन्वय और गुणवत्ता के साथ समय पर निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया गया।

## अटल जी के राष्ट्रसेवा एवं सुशासन के आदर्श सदैव प्रेरणादायी : संजय सिंह पप्पू



प्रात: किरण संवाददाता

अलीनगर(दरभंगा)। भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर दरभंगा पूर्वी जिला भाजपा के महामंत्री संजय सिंह पप्पू सिंह ने नरमा स्थित अपने आवास पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अटल जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित रहा। उनके विचार, आदर्श और सादगीपूर्ण व्यक्तित्व भारतीय राजनीति के लिए सदैव मार्गदर्शक बने रहेंगे। उन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से देश को नई दिशा दी तथा भारत की एकता, अखंडता एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि अटल जी का ओजस्वी व्यक्तित्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करता रहेगा। श्रद्धांजलि सभा के बाद वृक्षारोपण किया गया। संजय सिंह पप्पू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण भी राष्ट्रसेवा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। वृक्षारोपण के माध्यम से अटल जी के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने भी अटल जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बैधनाथ प्रसाद सिंह, मंडल अध्यक्ष सुधीर सिंह, दिनेश प्रसाद सिंह, मुखिया अक्षय कुमार सिंह, रणधीर सिंह, श्रवण साहू, पंचायत अध्यक्ष श्रवण झा, संतोष मंडल, विपिन सिंह, रामविलाश मुखिया सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# टेमी दागने की विधि के साथ ही मधुश्रावणी व्रत का हुआ समापन

प्रात: किरण संवाददाता

मनीगाछी(दरभंगा)। नारियों के सुहाग को अक्षुण्ण रखने की कामना से नव विवाहिताओं द्वारा मिथिलांचल में पूजे जाने वाले मधुश्रावणी व्रत का टेमी दागने की अंतिम विधि के साथ ही शनिवार को समापन हो गया। गत 3 अगस्त को श्रावण कृष्ण पंचमी ( नाग पंचमी) के दिन शुभारंभ हुआ यह व्रत श्रावण शुक्ल तृतीया शनिवार 15 अगस्त को भगवती,नाग सहित अन्य देवी देवताओं के पूजन के साथ ही संपन्न हो गया। अखंड सुहाग के लिए सुहागिनों द्वारा किया जाने वाला यह व्रत विवाह के प्रथम वर्ष के श्रावण मास में नवविवाहिताएं श्रद्धा एवं नियम पूर्वक करती हुई भगवान शिव एवं माता पार्वती के साथ ही पूज्य गणेश तथा अन्य देवी देवताओं की कथाएं सुनतीं हैं।14 दिनों के व्रत की इस अवधि में भोजन एवं दिनचर्या में पूर्ण शुचिता की अनिवार्यता महिलाओं द्वारा अपनाए जाने का विधान है। व्रत की इस अवधि में नवविवाहित औरतें 14 दिन तक नमक नहीं खाती है और दिन में एक बार ही अरवा भोजन या मीठे भोजन का सेवन करती है। निष्ठा पूर्वक किए जाने वाले इस व्रत में रात्रि के समय भोजन नहीं किया जाता है तथा गाय के दूध के सेवन का ही नियम रखा गया है। श्रावण महीने में होने वाले इस व्रत के आरंभ से मिथिला में मधुश्रावणी के गीत गूंजने लगते हैं।यह व्रत नवविवाहिताएं अपने मायके में मनाती है इस पूजन से जुड़े सभी सामान उनकी ससुराल से आते हैं। मधुश्रावणी व्रत की पूजा पूरे विधि विधान के साथ की जाती है. मधुश्रावणी पूजा नाग देवता (विषहर भगवान) और गौरी, शंकर और गणेश जी की जाती है। परंपरा के अनुसार इस व्रत में होने वाली पूजा नवविवाहित महिलाएं बासी फूल से मां गौरी की पूजा करती है, जो फूल नवविवाहिताएं एक दिन पूर्व ही अपनी सहेलियों के साथ बगीचे में जाकर लोढ़ती हैं कुल देवी के समक्ष पूजा घर में रखती हैं। वह 14 दिन तक शाम को सज धज कर सखियों सहेलियों के साथ फूल के बगिया से कई तरह के फूल तोड़ती है और पारंपरिक लोकगीत गाती हुए अपनी डालिया सजाती है, और दूसरे दिन सुबह उस फूल से मां गौरी की पूजा करती है और साथ में विषहर भगवान की पूजा करती है।मधुश्रावणी व्रत के अंतिम दिन ससुराल पक्ष से मिठाई कपड़े गहने आते हैं और अंतिम दिन नवविवाहित महिला को टेमी से दागने की भी परंपरा है। इस विधि में जलती हुई बाती से शरीर कुछ स्थानों पर [घुटने और पैर के पंजे] दागने की परम्परा भी वर्षों से चली आ रही हैं जिसे उसके सतीत्व की परीक्षा मानी जाती है और ऐसा करना शुभ माना जाता है। यह टेमी पूजा विवाहिता अपने वर के साथ करती है या विधकरी यह रस्म अदा करती है। टेमी से दागने पर वर अपनी नवविवाहिता दुल्हन की आंखें मूंद देती है।, अनेक सुहागिन महिलाओं के बीच सुहाग बांटा जाता है, तथा उनको खोईंछा भरा जाता है। नवविवाहित दुल्हन 14 सुहागिन महिलाओं को सुहाग बांट कर आगंतुकों को मीठा भोजन कराती हैं, और अपने पति की दीघार्यु का आशीर्वाद लेती हैं।अब यह मधुश्रावणी त्यौहार अन्य जिलों तथा देश और विदेश में मनाया जाता है जहां हमारे मिथिलांचल के लोग बसते हैं।

## अटल जी का व्यक्तित्व व कृतित्व सदैव प्रेरणापुंज रहेगा : डॉ. मुरारी मोहन झा



प्रात: किरण संवाददाता

केवटी(दरभंगा)। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर केवटी विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा ने लहेरियासराय डरहार स्थित अपने आवासीय कार्यालय में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक ने अटल जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भारतीय राजनीति एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अभूतपूर्व योगदान को याद किया। इस अवसर पर डॉ. मुरारी मोहन झा ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का व्यक्तित्व और कृतित्व हम सभी के लिए सदैव प्रेरणापुंज रहेगा। उन्होंने अपने दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रभक्ति और लोकतांत्रिक मूल्यों के माध्यम से देश को नई दिशा प्रदान की। उनके दिखाए मार्ग और सिद्धांत आज भी राष्ट्र निर्माण के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन सादगी, समर्पण और राष्ट्रसेवा का प्रतीक रहा। उनके विचार और आदर्श आने वाली पीढ़ियों को देशहित में कार्य करने की प्रेरणा देते रहेंगे। श्रद्धांजलि सभा में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भी अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रवण मिश्र, नीलमणि यादव, विजय यादव, चंदन कुमार झा, उमेश पासवान, राकेश कुमार, किशोर अंकित, सौरभ कुमार सहित बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

# भगवान और भक्त के साथ भक्ति प्रेम रस का पर्व है झुला: डॉ शंभू

प्रात: किरण संवाददाता



विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड क्षेत्र के साख मोहन बालाजी मंदिर परिसर में तेरह दिवसीय झुला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भक्त लोग भक्ति में सराबोर होकर भक्तिमय झुला भजन का आनंद लिया।सनातन धर्म संस्कृति मंडल के अध्यक्ष डॉ शंभू कुमार ने कहा कि भगवान के प्रति भक्तिभाव का अप्रतिम संबंध का पर्व है झुला। संसार की विडंबना है जो भगवान संसार को झुला रहें हैं भक्त भक्ति रस से विभोर होकर भगवान को झुलाते है। संसार की यह सच्चाई है कि भक्ति को पाने के लिए अपने आप को समर्पित करना पड़ता है। जब तक हम लोभ मोह के चक्कर में रहेंगे तब तक न तो शांति मिलेगी और ना ही मुक्ति, इसलिए लोभ, मोह, छल, कपट से ऊपर उठकर अपने आप को सत्कर्मों में जोड़ना चाहिए तभी मानव जीवन सार्थक होगा। आज के बदलते सामाजिक स्वरुप में आत्म संयम भगवान की भक्ति और लोभ मोह मद से उपर उठकर कार्य करते हुए सच्चे मन से भगवान एवं जीवों की सेवा करना चाहिए। क्षेत्र में बालाजी ठाकुर वाड़ी ही एक मात्र स्थान है जहां तेरह दिवसीय झुला कार्यक्रम आयोजित होते हैं जो सावन शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि से शुरू होकर पुर्णिमा की रात्रि में समापन होता है। इस अवसर पर महंत राम भजन दास, रामकृष्ण सिंह, उमेश सिंह, दिनेश महतो, जुगेश्वर यादव, राजीव सिंह, भजनी विष्णु देव सिंह, राम जतन सिंह, अविता कुमारी, अनामिका कुमारी, श्वेता कुमारी, विद्यानंद सिंह, बम बम राम, जय राम सहित दर्जनों भक्त उपस्थित हुए।

# स्वतंत्रता दिवस पर ईश्वर मंडल ने विभिन्न स्थानों पर किया झंडोत्तोलन

● विकास, सुशासन और सामाजिक न्याय की दिशा में आगे बढ़ रहा बिहार : ईश्वर मंडल

प्रात: किरण संवाददाता

मनीगाछी(दरभंगा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दरभंगा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में देशभक्ति और उत्साह का माहौल रहा। दरभंगा ग्रामीण विधायक सह जनता दल (यू) के जिलाध्यक्ष राजेश मंडल उर्फ ईश्वर मंडल ने जिला जदयू कार्यालय सहित विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर आयोजित समारोह में शामिल होकर राष्ट्रध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर विधायक ईश्वर मंडल ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों एवं वीर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि देश की आजादी लाखों देशभक्तों के त्याग, संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने का संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार के नेतृत्व में राज्य विकास, सुशासन और सामाजिक न्याय की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। दरभंगा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, आम लोगों की समस्याओं के समाधान तथा युवाओं, किसानों, महिलाओं एवं वंचित वर्गों के हित में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए आगे भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रयास जारी रहेगा विभिन्न समारोहों में जदयू पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को मजबूत करने तथा बिहार और देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। मौके पर प्रदीप महतो, कन्हैया शाह, विनोदानंद झा, नरेश मिश्रा, शिव नंदन, ललिता झा, शमीम अशरफ, शशिकांत साह, अमन कुमार राय, उपेंद्र राय, चंद्रमोहन चौधरी, राज कुमार सिंह, डोमू पासवान, मो. शाहनवाज, राजेंद्र राम, शशि सिंह, गुड्डू झा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## वन्दे मातरम का अपमान कर राहुल व सोनिया ने देशवासियों की भावना को किया आहत : सांसद



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर शनिवार को राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का गांधी परिवार ने अपमान किया है जो करोड़ों भारतवासियों की भावनाओं को बेहद आहत करने वाला है ।सोनिया गांधी और राहुल गांधी को इस कृत्य के लिए माफी मांगनी चाहिए। स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने भाजपा कार्यकताओं द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के बाद उपरोक्त बातें कही। भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी मन्ना के नेतृत्व में यह विरोध प्रदर्शन लहेरियासराय बलभद्रपुर स्थित डॉ एनपी मिश्रा चौक से शुरू होकर ब्रह्मस्थान तक आयोजित की गई जिसमें सांसद डा ठाकुर सहित पार्टी कार्यकताओं ने वन्दे मातरम् का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, राहुल गांधी माफी मांगे, कांग्रेस पार्टी शर्म करे जैसे नारे लगाए तथा गांधी परिवार से माफी मांगने की अपील की।विरोध प्रदर्शन के बाद सांसद डा ठाकुर ने बन्दे मातरम् के किए गए अपमान के लिए गांधी परिवार पर जमकर हमला करते हुए कहा कि गांधी परिवार आखिर खुद को राष्ट्र, संविधान और व्यवस्था से ऊपर क्यों मानता है तथा कांग्रेस को भारत की सांस्कृतिक चेतना, सभ्यतागत विरासत और राष्ट्रगौरव से इतनी नफरत क्यों है। सांसद डा ठाकुर ने गांधी परिवार को देश के लिए कलंक बताते हुए कहा कि देश की जनता तथा आम आवाम कांग्रेस के कल के कृत्य के लिए कभी भी माफ नहीं करेगी तथा आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। विरोध प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण चौधरी मन्ना, उपाध्यक्ष अभयानंद झा महामंत्री सुजीत मल्लिक जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री मीना झा,महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सपना भारती, पूर्व जिलाध्यक्ष मीना प्रसाद, भावना झा, रंजू रंजन कुमारी, कृष्णभगवान झा,अमरनाथ सिंह, मृत्युंजय कुमार, जिला पार्षद सीताराम मांझी अमरनाथ शर्मा, ज्ञानचन्द मुखिया आशुतोष जा सुवित पाठक आदि मौजूद थे

## रोटी बैंक व महिला विकास मंच ने निभाई सेवा की अनूठी मिसाल

# महाप्रसाद भंडारे से लेकर चिकित्सा, विश्राम व शीतल जल तक निःशुल्क व्यवस्था

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी। जयनगर सावन की पावन बेला में भगवान शिव के प्रति आस्था एवं भक्ति से ओतप्रोत कांवड़ियों की सेवा के उद्देश्य से रहिका चौक पर रोटी बैंक जयनगर एवं महिला विकास मंच जयनगर, मधुबनी की ओर से सेवा शिविर एवं महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया। पिछले कई वर्षों से अनवरत रूप से कांवड़ियों की सेवा में समर्पित दोनों संस्थाओं ने इस वर्ष भी व्यापक स्तर पर शिवभक्तों के लिए निःशुल्क सेवा-सुविधाओं की व्यवस्था कर सामाजिक सरोकार और धार्मिक सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। जयनगर से लगभग 35 किलोमीटर की दूरी पैदल तय कर रहिका चौक पहुंचने वाले कांवड़ियों के लिए शिविर में विश्राम की समुचित व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा, शीतल पेयजल, महाप्रसाद एवं लंगर भोजन सहित आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। लंबी एवं कठिन पदयात्रा के पश्चात शिविर में पहुंचने वाले कांवड़ियों ने विश्राम करने के साथ निःशुल्क भोजन एवं अन्य सुविधाओं का लाभ उठाया। सेवा शिविर में कांवड़ियों की सुविधा एवं आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए दोनों संस्थाओं के स्वयंसेवक पूरे समर्पण के साथ व्यवस्था में जुटे रहे। आयोजकों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रहिका चौक पर कांवड़ियों की सेवा के लिए यह शिविर लगाया गया है तथा भविष्य में भी इस सेवा परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा। धार्मिक यात्रा पर निकलने वाले शिवभक्तों को राहत एवं सहयोग प्रदान करने के साथ मानव सेवा, सामाजिक सहभागिता और आपसी सद्भाव को प्रोत्साहित करना इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य है।श्रद्धा एवं निष्ठा के साथ तैयार होता है महाप्रसाद महाप्रसाद एवं भंडारे के लिए तैयार किए जाने वाले भोजन को भी धार्मिक आस्था एवं पूर्ण निष्ठा के साथ तैयार किया जाता है। आयोजकों के अनुसार विकास हलवाई एवं उनकी टीम द्वारा विभिन्न प्रकार के पकवान तैयार किए जाते हैं। भोजन तैयार होने के बाद उसे श्रद्धापूर्वक कपिलेश्वर महादेव को प्रसाद अर्पित किया जाता है। इसके पश्चात कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं के लिए लंगर एवं महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया जाता है।महादेव की आकर्षक थीम पर सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण सेवा शिविर को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के लिए लाइट एवं साउंड की विशेष व्यवस्था की गई। महादेव की थीम पर आकर्षक सेल्फी प्वाइंट भी तैयार किया गया, जहां कांवड़िये एवं श्रद्धालु उत्साहपूर्वक तस्वीरें लेते नजर आए। धार्मिक सज्जा, शिवभक्ति के वातावरण और सेवा व्यवस्था ने शिविर को श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बना दिया।दोनोसंस्थाओ के स्वयंसेवकों ने संभाली व्यवस्थारोटी बैंक जयनगर एवं महिला विकास मंच जयनगर, मधुबनी से जुड़े बड़ी संख्या में सदस्य एवं स्वयंसेवक सेवा शिविर में पहुंचकर कांवड़ियों की सेवा में समर्पित रहे। भोजन वितरण, शीतल पेयजल, चिकित्सा, विश्राम सहित विभिन्न व्यवस्थाओं में कार्यकर्ताओ ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## सनराइज एकेडमी का भव्य उद्घाटन: पूर्व एमएलसी सुमन महासेठ ने फीता काटकर किया शुभारंभ



मधुबनी। नगर के गांधी चौक, बलुआ मोहल्ला स्थित शिक्षण संस्थान सनराइज एकेडमी का रविवार को गरिमामय वातावरण में भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी सुमन महासेठ ने फीता काटकर संस्थान का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत में संस्थान के संचालक चंदन आर्या ने मिथिला की समृद्ध परंपरा का निर्वहन करते हुए आए हुए सभी अतिथियों को पाग एवं अंगवस्त्र भेंटकर उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। उद्घाटन समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों की विशिष्ट मौजूदगी रही। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख अतिथियों में शामिल रहेः वशेष अतिथिः कैलाश भारद्वाज, श्रवण पूर्वे, मिथिलेश ठाकुर, मो. इम्तियाज नूरानी, पवन कापड़ी, श्री हरिभूषण राउत, सुरेश साह। अन्य महानुभावः* श्री मंटू पूर्वे, श्री रंजीत साह, श्री शिव कुमार प्रधान, विवेक महासेठ, प्रकाश पूर्वे, बद्री राय, सुनील गुप्ता, सचिन झा, नवीन मोरारका, कन्हैया महतो, प्रहलाद पूर्वे एवं श्री अमरेंद्र मंडल सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# 17 भूमिहीन के बीच वासगीत पर्चा वितरित

प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत समिति भवन के सभागार में स्थानीय विधायक अजय कुमार एवं प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी ने कार्यक्रम आयोजित कर संयुक्त रूप से 17 चयनित भूमिहीनों के बीच वासगीत पर्चा वितरित किया। यह वासगीत पर्चा बेलसंडी तारा निवासी अशोक पासवान, पछियारी टभका निवासी फूलवती देवी, मंजू देवी, सत्या कुमारी, पार्वती देवी, राधादेवी, जयलश देवी, चंचल कुमारी, मीना देवी, संजू देवी, सुमेलिया देवी, चंपा देवी, निर्मला देवी, देविया देवी, सुनीता देवी, दुनिया देवी, रंजू देवी को सौंपा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा की सरकार हर भूमिहीन को जमीन एवं बेघर को घर देने के लिए प्रतिबद्ध है।इससे पहले भी 16 भूमिहीन को पर्चा दिया जा चुका है। शेष चिन्हित भूमिहीन परिवारों को भूमि उपलब्ध कराया जाएगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार, अंचलाधिकारी चंद्रशेखर, राजस्व अधिकारी कैलाश प्रसाद मंडल, राजस्व कर्मचारी लाल देव पासवान आदि मौजूद थे।

# प्रकृति के वत्सल भाव को उजागर करती है गीतांजलि : संजय पंकज

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या के पावन अवसर पर कलाश्रम नई दिल्ली एवं राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति न्यास दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में भारत के राष्ट्रगान जन गण मन के अमर रचयिता नोबेल पुरस्कार से सम्मानित कविगुरु रवीन्द्रनाथ टैगोर की स्मृति में आयोजित कविगुरु स्मरण का भव्य आयोजन गीतांजलि सभागार, शांतिनिकेतन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर, कथक सम्राट पंडित बिरजू महाराज तथा राष्ट्रकवि दिनकर के चित्रों पर पुष्पांजलि के उपरांत वंदे मातरम से हुआ। प्रथम सत्र की अध्यक्षता करते हुए भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री माननीय अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि दिनकर स्मृति न्यास भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को संकल्पित अभियान के अंतर्गत पूरे देश में निरंतर आयोजित कर रहा है। कविगुरु ने भारत की साहित्य चेतना को विश्व में प्रसरित किया, वे बहुमुखी प्रतिभा संपन्न भारत की आत्मा के ऋषि साधक थे। उनकी लेखनी के साथ ही उनके द्वारा निर्मित विश्व-भारती अमर कृति है। साहित्य, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए कार्य अतुलनीय है। स्वागत संबोधन में दिनकर स्मृति न्यास के अध्यक्ष नीरज कुमार ने कहा कि अबतक पांच हजार से ज्यादा पूरे देश में सांस्कृतिक आयोजन किए गए है। शिक्षा, साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रियता के लिए समर्पित यह संस्था युवा पीढ़ी की सांस्कृतिक संवेदना को जागृत करने के लिए लगातार समर्पित होकर कार्य कर रही है। कवि साहित्यकार डॉ संजय पंकज ने कहा कि गुरुदेव की रचनात्मक उंचाई के दर्शन करने भर से मन औदात्य से भर जाता है। साहित्य की समस्त विधाओं में श्रेष्ठ लेखन करने वाले गुरुदेव एक चित्रकार, रंगकर्मी और सुर सधे संगीतकार के रूप में भी अनुपम हैं। उनके गीत चेतना का द्वार खोलकर आत्मा का साक्षात्कार कराते हैं। रवीन्द्रनाथ भारतीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चिंतन के बड़े वैश्विक कवि-साहित्यकार थे. गीतांजलि के गीत प्रकृति की विराट सत्ता के वत्सल भाव को उजागर करते हैं. रहस्यमय ईश्वरीय आलोक को शब्दों में प्रतिभासित करने की अद्भुत सौंदर्य कला का बोध गुरुदेव का प्रतिभा में निहित था. मंच संचालन और विषय प्रवर्तन करते हुए शांतिनिकेतन के हिंदी प्राध्यापक डॉ सुभाष चंद्र राय ने कहा कि कविकुल गौरव गुरुदेव रवींद्रनाथ ठाकुर की कई कृतियां कालजयी है। उन्होंने अपनी गीतों की स्वंय ही धुन बनाई थी जो आज भी रवींद्र संगीत के रूप में गुंजायमान है। विशिष्ट अतिथि माननीय उमेश राय, संसदीय कार्य एवं नगर विकास राज्यमंत्री,पश्चिम बंगाल ने कहा कि भारत एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक देश है. गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर राष्ट्र की महान विभूति के रूप में अपनी अमर कृतियों में आज भी प्रेरक और जीवंत हैं. वे विश्वकवि के रूप में सर्वमान्य हुए, दिनकर न्यास का यह आयोजन अभिनंदनीय है। माननीय दूध कुमार मंडल, कृषि मंत्री पश्चिम बंगाल ने कहा कि सांस्कृतिक भारत के निर्माण में गुरुदेव रवींद्रनाथ का बहुमूल्य योगदान है।

# जिले में हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया 80 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिले में शहर से लेकर गांव तक 80 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह परम्परागत उल्लास और धूमधाम से मनाया गया मुख्य समारोह सिकंदरपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हुआ, जहां जिला प्रभारी मंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया और तिरंगे को सलामी दी।समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम के अमर बलिदानियों और महात्मा गांधी को नमन किया। उन्होंने 1857 की क्रांति के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह समेत बिहार के वीर सपूतों के योगदान को भी याद किया। मंत्री ने कहा कि देश लगातार विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। इस प्रगति को कायम रखने के लिए सभी लोगों को एकजुट होकर काम करना जरूरी है। उन्होंने भगवान बुद्ध के शांति और सद्भाव के संदेश को अपनाने की भी अपील की। ध्वजारोहण से पहले मंत्री ने डीएम कुमार गौरव और एसएसपी कांतेश कुमार मिश्र के साथ संयुक्त परेड का निरीक्षण किया। समारोह में प्रमंडलीय आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह, डीआईजी चंदन कुमार कुशवाहा, डीडीसी निशांत सिहारा समेत कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक मौजूद रहे। प्रखंड मुख्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्साहपूर्ण वातावरण में शिक्षण संस्थानों, निजी प्रतिष्ठानों में राष्ट्र ध्वज फहरा कर स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। सामाजिक संगठन प्रयत्न के कार्यालय, में प्रयत्न के संस्थापक प्रभात कुमार ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रभात कुमार ने कहा कि आज हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों को प्रणाम एवं नमन करना चाहिए और उन्हें याद करना चाहिए। उन्हीं वीरों के बलिदान के कारण आज हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हम स्वतंत्र भारत के नागरिक हैं।आज हमें यह संकल्प लेने की आवश्यकता है कि हम हमेशा सत्य के मार्ग पर चलेंगे, राष्ट्रहित में कार्य करेंगे और तिरंगा सदैव ऊंचा लहराता रहे, इसके लिए हम तन-मन-धन से समर्पित रहेंगे।इस अवसर पर मुजफ्फरपुर परिवार द्वा की ओर से 1100 फीट के तिरंगे की भव्य यात्रा निकाली गई। देशभक्ति के गीतों और वंदे मातरम, जय हिंद के नारों से इस यात्रा की शुरुआत शहर के अखाड़ाघाट-सिकंदरपुर रोड से हुई। सैकड़ों युवा विशाल तिरंगा थामकर सरैयागंज टावर, बाबा गरीबनाथ मंदिर, हरिसभा चौक, कल्याणी और अघोरिया बाजार रोड होते हुए आगे बढ़े। यात्रा के दौरान सड़क के दोनों ओर लोगों की भीड़ जुटी रही। इस तिरंगा यात्रा की खासियत ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर तैयार की गई विशेष झांकी रही। झांकी के जरिए भारतीय सेना की वीरता, अदम्य साहस और देश की सुरक्षा के लिए जवानों के बलिदान को प्रदर्शित किया गया।

# स्वतंत्रता दिवस पर कविगोष्ठी आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। स्थानीय श्री गांधी पुस्तकालय, गोला रोड मुजफ्फरपुर में ह्लएक शाम, वीर शहीदो के नामह्नकवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अंजनी कुमार पाठक और मंच संचालन उमेश राज ने किया ।इसमें एक-से-बढ़कर एक देशभक्ति गीत और कविताओं से वीर शहीदो को याद किया गया तथा गीतांजली अर्पित किया गया। सर्वप्रथम ओम प्रकाश गुप्ता ने समस्याओं के समाधान पर ध्यान दीजिए कविता पढ़कर आज की समस्याओं पर ध्यान आकर्षित किया। सुमन कुमार मिश्र ने जब भी उठी आग उन्हीं के घर से उठा/मैं तो लेकर आब हमेशा खड़ा रहा कविता पढ़ी। अंजनी कुमार पाठक ने स्वतंत्रता दिवस मनायें /राष्ट्रधर्म और कर्म हमारा /घर-घर तिरंगा फहरायें पढ़कर खूब तालियाँ बटोरी। अरुण कुमार तुलसी ने आजादी मिली है हमें फरियादी की जमात में /अभिव्यक्ति की है स्वतंत्रता दंगे में फसाद में सुनाया। उमेश राज ने जितनी भी बार मिले जीवन /माँ,तेरे ही कोख से मैं आऊं सुनाकर वीर शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की। डा. अंजनी कुमार नाथानी ने ईश्वर अल्ला तेरो नाम /सबको सन्मति दे भगवान सुनाया। डा. जगदीश शर्मा ने हास्य व्यंग की रचना बुढ़ापा आया नही /बात बतंगर बना रहा हूँ सुनाकर लोगों को खूब हंसाया। दीनबंधु आजाद ने कुछ गलतियां हुई है मुझसे नादानी में/मैं बुरा हूँ कुछ लोगों की कहानी में सुनाया। अभय कुमार शब्द ने वाकि फ है ये दुनिया /बागियों के तेवर से /सच-सच लिखते हैं / साफ-साफ कहते हैं सुनाया। रामवृक्ष राम चकपुरी ने देश की नौका खेती रही /त्याग व सेवा के पथ पर डटे रहे सुनाया। महफूज आरिफ ने आज हम दौ-रे -गुलामी से हुए थे आजाद /झांसी के रानी का वो ख्वाब सुहाना देखो सुनाकर भारत की वीरंगनाओं को श्रद्धांजलि दिया।अशोक भारती ने नाम तवारीख में लिख गये / जिनका बलिदान था ऊँचा सुनाकर वीर बलिदानियों को याद किया। शहर के गायक आमोद कुमार ने देशभक्ति गीत गाकर वीर शहीदो को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसमें शहर के गणमान्य लोगों में पप्पू जी इत्यादि लोग श्रोता के रूप में उपस्थित हुए ।

# बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का कर्पूरी ग्राम स्टेशन पर ठहराव, यात्रियों को मिलेगी बड़ी सुविधा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने दरभंगा-नई दिल्ली के बीच चलने वाली बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का कर्पूरी ग्राम स्टेशन पर ठहराव देने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 12565/12566 का कपूर्री ग्राम स्टेशन पर दो मिनट का ठहराव निर्धारित किया गया है। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। रेलवे के अनुसार, ट्रेन संख्या 12565 दरभंगा-नई दिल्ली बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 19 अगस्त से कपूर्री ग्राम स्टेशन पर सुबह 9:41 बजे पहुंचेगी और दो मिनट रुकने के बाद 9:43 बजे आगे के लिए रवाना होगी। वहीं, डाउन दिशा में ट्रेन संख्या 12566 नई दिल्ली-दरभंगा बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 20 अगस्त से कपूर्री ग्राम स्टेशन पर सुबह 7:33 बजे पहुंचेगी और 7:35 बजे दरभंगा के लिए प्रस्थान करेगी। कपूर्री ग्राम स्टेशन पर बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस के ठहराव से आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को दिल्ली और दरभंगा के बीच आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। यात्रियों को अब इस महत्वपूर्ण ट्रेन की सेवा लेने के लिए दूर के स्टेशनों तक जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और क्षेत्रीय आवागमन को बेहतर बनाने की दिशा में इसे महत्वपूर्ण निर्णय बताया है।

# 500 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की होगी मुख्य सचिव स्तर पर समीक्षा

मुजफ्फरपुर। बिहार में 500 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली बड़ी और महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की प्रगति की जल्द ही मुख्य सचिव स्तर पर समीक्षा की जाएगी। इसे लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के भू-अर्जन निदेशालय ने सभी जिलाधिकारियों से परियोजनाओं की ताजा स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। विभागीय निर्देश के बाद मुजफ्फरपुर समेत राज्य के 15 जिलों ने अपनी रिपोर्ट मुख्यालय को सौंप दी है। संभावना है कि इसी महीने इन परियोजनाओं को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। मुजफ्फरपुर जिले की रिपोर्ट में साहेबगंज-मानिकपुर ठल्र-139ह फोरलेन परियोजना को प्रमुखता से शामिल किया गया है। परियोजना के निर्माण में भूमि अधिग्रहण और मुआवजा भुगतान से जुड़ी अड़चनें अब भी चुनौती बनी हुई हैं। रिपोर्ट के अनुसार सरैया समेत तीन मौजा में रैयतों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। पूर्व में मुआवजा भुगतान में देरी के कारण परियोजना के निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हुई थी। रिपोर्ट में बताया गया है कि मानिकपुर और अबुचक क्षेत्र में अभी मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। करीब 2.5 किलोमीटर के दायरे में आने वाली रैयती भूमि के भू-अर्जन और मुआवजा भुगतान की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। इसके अलावा कुछ चिह्नित स्थानों पर चकबंदी से जुड़े विवाद के कारण भी निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है। साहेबगंज-मानिकपुर फोरलेन परियोजना का हिस्सा पूर्वी चंपारण जिले में भी आता है। वहां से भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार करीब तीन किलोमीटर के दायरे में मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हो सकी है। ऐसे में भूमि अधिग्रहण और मुआवजा भुगतान से जुड़ी समस्याओं का समाधान परियोजना को गति देने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजस्व विभाग के निर्देश पर पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, बांका, भागलपुर, मुंगेर, जमुई, नवादा, गया, सारण, सिवान, भोजपुर, पटना, शेखपुरा, लखीसराय और मुजफ्फरपुर जिलों से बड़ी परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट भेजी गई है।

# कांटी विधायक अजीत कुमार ने कई संस्थानों में किया झंडोत्तोलन

मुजफ्फरपुर ।80 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जदयू विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार ने शनिवार को कई संस्थाओं में पूरे सम्मान एवं उत्साह के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया। झंडोत्तोलन के उपरांत उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाकर देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर विधायक अजीत कुमार ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजादी का यह पर्व देश के उन महान स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों के त्याग, संघर्ष एवं बलिदान की याद दिलाता है, जिनके अथक प्रयासों से देश को अंग्रेजी शासन से मुक्ति मिली। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता केवल अधिकार नहीं, बल्कि इसके साथ देश और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियां भी जुड़ी हुई हैं। विधायक अजीत कुमार ने कहा कि देश के विकास में हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस मौके पर श्री कुमार ने भगवानपुर चौक स्थित भूमि विकास बैंक मुख्यालय, नरसंडा कांटी किडजी स्कूल , रतनपुरा हाई स्कूल, चंडीगढ़ पब्लिक स्कूल रतनपुरा एवं कांटी स्थित अपने निजी कार्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। श्री कुमार ने कहा कि कांटी विधानसभा क्षेत्र के समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हर एक व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना और क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, रोजगार सहित मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है ।झंडोत्तोलन कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में हजारों लोग उपस्थित रहे। सभी ने तिरंगे को सलामी देते हुए राष्ट्र की प्रगति, शांति और समृद्धि के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति का माहौल बना रहा और उपस्थित लोगों ने भारत माता की जय तथा वंदे मातरम्‌ के जयघोष के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह को उत्साहपूर्वक मनाया।

# एनएच पर अवैध पार्किंग के खिलाफ अब सख्ती, जुमार्नें के साथ वाहन होंगे जब्त

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध पार्किंग के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए अब सख्ती बढ़ाने की तैयारी है। हाईवे, सर्विस रोड और एनएच के किनारे बनी पक्की पट्टी पर अवैध रूप से वाहन खड़ा करने वालों के खिलाफ जुमार्ना लगाने के साथ जरूरत पड़ने पर वाहनों को जब्त कर हटाया जाएगा। परिवहन विभाग-सह-बिहार सड़क सुरक्षा परिषद ने पुलिस, जिला परिवहन विभाग और एनएचएआइ को संयुक्त रूप से अभियान चलाने का निर्देश दिया है। सड़क हादसों से जुड़े एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध पार्किंग को दुर्घटनाओं की प्रमुख वजहों में माना था। इसके बाद परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा को लेकर कार्रवाई तेज करने का निर्णय लिया है। विभाग की ओर से हाईवे पर नियमित निरीक्षण के साथ विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। अभियान के दौरान ट्रक, बस और अन्य व्यावसायिक वाहनों की अवैध पार्किंग पर विशेष नजर रखी जाएगी। हाईवे या सर्विस लेन पर वाहन खड़ा कर यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ नियमानुसार जुमार्ना किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर वाहनों को जब्त कर सड़क से हटाने की कार्रवाई भी होगी। सभी जिलों को अभियान की साप्ताहिक रिपोर्ट मुख्यालय को भेजनी होगी। इसमें चालान किए गए वाहनों की संख्या और सड़क से हटाए गए वाहनों का विवरण देना होगा। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुरक्षित और निर्बाध यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना है ।मुजफ्फरपुर में चांदनी चौक से दरभंगा मोड़ तक कई स्थानों पर सर्विस लेन में अवैध पार्किंग की समस्या बनी हुई है। भगवानपुर चौक, कच्ची-पक्की चौक और गोबरसाही समेत कई इलाकों में बस, ट्रक और अन्य व्यावसायिक वाहन सड़क किनारे खड़े रहते हैं। इससे यातायात प्रभावित होने के साथ दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। इन इलाकों में प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग की ओर से कई बार अभियान चलाकर अवैध रूप से खड़े वाहनों पर जुमार्ना लगाया गया और उन्हें हटाया भी गया है। हालांकि, अभियान समाप्त होने के बाद दोबारा वाहन सड़क किनारे खड़े हो जाते हैं। अब नियमित निगरानी और कार्रवाई के जरिए अवैध पार्किंग पर स्थायी रूप से अंकुश लगाने की कोशिश की जाएगी। एनएचएआइ की ओर से दुर्घटना संभावित स्थानों को भी चिह्नित किया गया है। ऐसे स्थानों पर हाईवे पेट्रोलिंग बढ़ाने, अवैध अतिक्रमण हटाने और सड़क सुरक्षा से जुड़ी कमियों को दूर करने पर जोर दिया जाएगा। अधिकारियों का मानना है कि राष्ट्रीय राजमार्गों और सर्विस लेन पर अवैध पार्किंग पर प्रभावी रोक लगने से यातायात सुचारू होने के साथ सड़क हादसों का खतरा भी कम होगा।

# फार्मर रजिस्ट्री के लिए आधार, मोबाइल और जमाबंदी जरूरी, किसानों को निःशुल्क मिलेगी सुविधा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से फार्मर रजिस्ट्री का काम कराया जा रहा है। फार्मर आईडी बनवाने के लिए किसानों को आधार कार्ड, मोबाइल नंबर और अपने नाम की जमाबंदी की जरूरत होगी। किसान अपने पंचायत के कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार या राजस्व कर्मचारी से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा नजदीकी सीएससी या वसुधा केंद्र पर भी फार्मर आईडी बनवाई जा सकती है। यहां यह सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। किसान स्वयं भी बिहार फार्मर रजिस्ट्री पोर्टल के माध्यम से घर बैठे पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण के बाद किसानों को अपने सभी प्लॉट को फार्मर आईडी से जोड़ना होगा। प्रशासन ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील की है, ताकि उन्हें कृषि विभाग की योजनाओं और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने में परेशानी न हो। फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित किसी तरह की समस्या होने पर किसान कृषि विभाग के हेल्पलाइन नंबर 18001801551 पर संपर्क कर सकते हैं। वहीं, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की हेल्पलाइन 18003456215 जारी की गई है। पटना प्रमंडल स्तरीय फार्मर रजिस्ट्री हेल्पलाइन 9852827828 पर भी किसान अपनी समस्या बता सकते हैं। इसके अलावा किसान जिला कृषि पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, राजस्व कर्मचारी या किसान सलाहकार से संपर्क कर फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित जानकारी और सहायता प्राप्त कर सकते हैं। प्रशासन ने किसानों से समय पर फार्मर आईडी बनवाने और अपने सभी भूखंडों को इससे जोड़ने की अपील की है।

# कृषि विज्ञान केंद्र तुर्की में इफको किसान मित्र समूह प्रशिक्षण, 80 किसानों ने लिया प्रशिक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। इफको मुजफ्फरपुर की ओर से कृषि विज्ञान केंद्र तुर्की के सभागार में इफको किसान मित्र समूह प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, नैनो उर्वरकों, जैव उर्वरकों और फसल प्रबंधन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. एसके रॉय, कार्यक्रम समन्वयक सह प्रधान वैज्ञानिक, केवीके तुर्की एवं विशिष्ट अतिथि सुजीत कुमार, उप क्षेत्र प्रबंधक इफको बेतिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि डॉ. एसके रॉय ने किसानों से रासायनिक उर्वरकों के संतुलित एवं कम मात्रा में इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के स्थान पर इफको के नैनो उर्वरकों एवं जल में घुलनशील उर्वरकों का उपयोग कर किसान कम लागत में गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पाद का उत्पादन कर सकते हैं। उन्होंने किसानों को उर्वरकों के संतुलित प्रयोग और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि सुजीत कुमार ने भारतीय कृषि क्रांति में इफको के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को वितरित किए गए किट में शामिल इफको बायोडीकंपोजर, जैव उर्वरक, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, सागरिका तरल एवं एसओपी 00:00:50 के प्रयोग की विधि की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से इफको के तकनीकी मार्गदर्शन एवं देखरेख में इन उत्पादों का प्रयोग करने की अपील की। केवीके की एसएमएस डॉ. दिव्या कुमारी ने कम रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल से उत्पादित अनाज के मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले संभावित लाभों के बारे में किसानों को जानकारी दी। वहीं, इफको-एमसी के श्री राजीव कुमार सिंह ने धान की फसल में लगने वाले कीट, बीमारियों और खरपतवार की पहचान तथा उनके प्रभावी प्रबंधन पर चर्चा की। उन्होंने इफको-एमसी के अनुशंसित उत्पादों के माध्यम से फसल सुरक्षा के उपाय भी बताए। कार्यक्रम के दौरान 50 प्रगतिशील किसानों के बीच इफको के विभिन्न उत्पादों की किट वितरित की गई। कार्यक्रम में कुल करीब 80 किसान शामिल हुए। मंच संचालन इफको मुजफ्फरपुर के वरीय क्षेत्र प्रतिनिधि अमृतेश कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन इफको कृषि स्नातक प्रशिक्षु कुमार गौरव ने किया। कार्यक्रम में इफको एसएफए श्री गोल्डन कुमार, इफको एमडीई मोहम्मद इंजमाम सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# श्रावणी मेला को लेकर मुजफ्फरपुर में बदली यातायात व्यवस्था

मुजफ्फरपुर। श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा और शहर को जाम से मुक्त रखने के लिए मुजफ्फरपुर ट्रैफिक पुलिस ने यातायात व्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। सोमवार को बाबा गरीबनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए शहर में प्रवेश करने वाले वाहनों के लिए नए रूट निर्धारित किए गए हैं। इसके साथ ही दोपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए छह स्थानों को चिह्नित किया गया है। सोमवार को बाइक से आने वाले श्रद्धालु मढ़ौल से न्यू बाईपास होते हुए गोबरसाही के रास्ते मुजफ्फरपुर शहर में प्रवेश करेंगे। न्यू बाईपास से मुजफ्फरपुर की ओर आने वाले अन्य वाहन भी गोबरसाही के रास्ते शहर की ओर जा सकेंगे। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए मढ़ौल लिची स्टैच्यू से किसी भी वाहन को रामदयालु गुमटी की ओर आगे जाने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, आपातकालीन वाहनों को इस प्रतिबंध से मुक्त रखा गया है और जरूरत के अनुसार उन्हें प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। बाबा गरीबनाथ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के दोपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए मुजफ्फरपुर क्लब का मैदान, इमलीचट्टी बस स्टैंड, बी.बी. कॉलेजिएट स्कूल, आर.डी.एस. कॉलेज का मैदान, आर.डी.एस. रेलवे स्टेशन और एल.एस. कॉलेज का मैदान निर्धारित किया गया है। श्रद्धालुओं से इन चिह्नित पार्किंग स्थलों का ही इस्तेमाल करने की अपील की गई है। ट्रैफिक पुलिस ने आम नागरिकों और श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित यातायात व्यवस्था का पालन करें और सड़क या यातायात मार्ग में अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा नहीं करें। प्रशासन ने कहा है कि मेले के दौरान जाम और किसी तरह की अव्यवस्था से बचने के लिए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों के निदेर्शों का पालन करना जरूरी होगा। यातायात व्यवस्था में किए गए बदलाव का उद्देश्य श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम और श्रावणी मेला को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखना है।

# कला उत्सव 2026 में प्रशस्तिका सिंह ने हासिल किया क्षेत्रीय स्तर पर प्रथम स्थान

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। केंद्रीय विद्यालय मुजफ्फरपुर द्वितीय पाली की छात्रा प्रशस्तिका सिंह ने कला उत्सव 2026 में विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने कला उत्सव के आर्टिफैक्ट वर्ग में केंद्रीय विद्यालय के क्षेत्रीय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। प्रशस्तिका सिंह ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा, कलात्मक कौशल, मौलिक चिंतन और उत्कृष्ट प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया। उनके प्रदर्शन के आधार पर उन्हें क्षेत्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्रदान किया गया। उपलब्धि के लिए उन्हें प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सफलता में विद्यालय के कला शिक्षक संजय कुमार के मार्गदर्शन और सतत प्रोत्साहन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने प्रशस्तिका की प्रतिभा को निखारने और उसके कला-कौशल को बेहतर बनाने में सहयोग किया। विद्यालय के उप प्राचार्य राजेश कुमार ओझा ने प्रशस्तिका को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की उपलब्धियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता बढ़ाती हैं। उन्होंने छात्रा और कला शिक्षक के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय की प्राचार्या रुपाली परिहार ने भी प्रशस्तिका की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कला केवल सृजन का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, संवेदनशीलता और कल्पनाशीलता के विकास का प्रभावी साधन भी है। उन्होंने कला शिक्षक संजय कुमार के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए प्रशस्तिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि को छात्रा की मेहनत, शिक्षक के मार्गदर्शन और रचनात्मक एवं समग्र शिक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों का परिणाम बताया। क्षेत्रीय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करना विद्यालय के लिए गौरव का क्षण है। विद्यालय परिवार को उम्मीद है कि प्रशस्तिका की सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी अपनी रचनात्मक प्रतिभा पहचानने और उसे निखारने के लिए प्रेरित करेगी।

# बैरिया बस स्टैंड में खड़ी यात्री बस में अचानक लगी भीषण आग,बड़ा हादसा टला

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । शहर के बैरिया बस स्टैंड परिसर में खड़ी एक यात्री बस में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप अख्तियार कर लिया और पूरी बस धू-धू कर जलने लगी। आग की ऊंची लपटों और काले धुएं के गुबार से आसपास का इलाका भर गया ।बस में आग लगते ही स्टैंड पर मौजूद यात्रियों और बस कर्मियों में हड़कंप मच गया। आग फैलने के डर से लोग इधर-उधर भागने लगे। इस बीच आसपास खड़ी दूसरी बसों के चालकों और कर्मियों ने फौरन मोर्चा संभाला और अपनी-अपनी गाड़ियों को घटनास्थल से दूर हटा दिया। उनकी इस तत्परता से आग के दूसरी बसों तक पहुंचने का खतरा टल गया और एक बड़ा हादसा होने से बच गया ।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी गई। दमकल की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आग बुझाने के अभियान में जुट गई। काफी मशक्कत के बाद आग की लपटों पर काबू पाया गया ।राहत की बात यह है कि अब तक किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने के वक्त बस में कोई यात्री मौजूद था या नहीं, इसकी भी जांच की जा रही है।

# सामाजिक संगठन प्रयत्न के कार्यालय में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

मुजफ्फरपुर।80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सामाजिक संगठन प्रयत्न के कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। प्रयत्न के संस्थापक प्रभात कुमार ने राष्ट्र ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी ।इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री प्रभात कुमार ने कहा कि आज हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों को प्रणाम एवं नमन करना चाहिए और उन्हें याद करना चाहिए। उन्हीं वीरों के बलिदान के कारण आज हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हम स्वतंत्र भारत के नागरिक हैं। आज हमें यह संकल्प लेने की आवश्यकता है कि हम हमेशा सत्य के मार्ग पर चलेंगे, राष्ट्रहित में कार्य करेंगे और तिरंगा सदैव ऊंचा लहराता रहे, इसके लिए हम तन-मन-धन से समर्पित रहेंगे।

# डायट रामबाग में झंडोत्तोलन, प्रशिक्षुओं को राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), रामबाग परिसर मे हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में झंडोत्तोलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के प्राचार्य इंद्रजीत कुमार सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। प्राचार्य श्री इंद्रजीत कुमार सिंह ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के गौरवपूर्ण इतिहास का स्मरण कराया। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में क्रमिक एवं उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि भारत ने शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कृषि, स्वास्थ्य, बुनियादी ढाँचे एवं अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं, तथापि राष्ट्र के समग्र एवं सतत विकास हेतु निरंतर प्रयासों की आवश्यकता बनी हुई है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से अपने ज्ञान, कौशल एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

# कृत्रिम पैर के सहारे बाबा गरीबनाथ के दरबार पहुंचे दिव्यांग श्रद्धालु

मुजफ्फरपुर। आस्था और हौसले की अद्भुत मिसाल पेश करते हुए एक दिव्यांग श्रद्धालु कृत्रिम पैर के सहारे बाबा गरीबनाथ की नगरी की ओर बढ़ते नजर आए। बाबा के दरबार में पहुंचने के लिए उन्होंने बम दंड बैठक करते हुए अपनी यात्रा जारी रखी। शारीरिक चुनौती के बावजूद श्रद्धालु की आस्था और हिम्मत में कोई कमी नहीं दिखी। कृत्रिम पैर के सहारे बाबा गरीबनाथ की नगरी तक पहुंचने का उनका जज्बा लोगों को प्रेरित कर रहा है। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा को देखकर लोग उन्हें सलाम कर रहे हैं। यह दृश्य संदेश देता है कि सच्ची आस्था और मजबूत हौसले के सामने बड़ी से बड़ी चुनौती भी छोटी पड़ जाती है।

# पोखर में नहाने के दौरान दो किशोरों के डूबने से मौत

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के औराई थाना क्षेत्र के जनार पंचायत के बेदौल गांव के कोन्हा टोला में रविवार की दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया। गांव से करीब 500 मीटर दूर गहरे गड्ढे में नहाने के दौरान तीन किशोर डूब गए। हादसे में दो की मौत हो गई, जबकि तीसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। उसका इलाज एसकेएमसीएच में चल रहा है। मृतकों की पहचान बेदौल कोन्हा टोला निवासी रविंद्र राय के 12 वर्षीय पुत्र विकास कुमार और सुरेंद्र राय के करीब 9 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार के रूप में हुई है। वहीं, देवेंद्र राय के 13 वर्षीय पुत्र रामानंद राय का एसकेएमसीएच में इलाज जारी है। घटना रविवार दोपहर करीब 12 बजे की है। छुट्टी के दिन तीनों बच्चे घरवालों की नजर बचाकर गांव से कुछ दूरी पर स्थित गड्ढे में नहाने चले गए थे। इसी दौरान तीनों एक-एक कर गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। खेत में काम कर रहे लोगों की नजर बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद तीनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला। इसके बाद परिजनों के साथ सभी को एसकेएमसीएच ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने विकास और सत्यम को मृत घोषित कर दिया। रामानंद

सम्पादकीय

## स्वतंत्रता के महाकुम्भ से प्रगट होता वैचारिक अमृत

डा. रवीन्द्र अरजरिया

स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व केवल एक तिथि की स्मृति ही नहीं है बल्कि अनगिनत राष्ट्रभक्तों के बलिदानों से जुड़ा उनके संकल्पों, आदर्शों और जीवन्तता का प्रेरणादायक अनुकरणीय उत्सव है। यही है देश के गणतंत्र की आत्मा जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को स्वतंत्रता का अमूल्य उपहार देता है जो अभिव्यक्ति, विचार और विश्वास की धरातल पर पुष्पित होती है किंतु समकालीन राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य को देखकर यह यक्ष प्रश्न उठने लगा है कि क्या संविधान प्रदत्त स्वतंत्रता धीरे-धीरे अपनी मर्यादें खोकर विकृत स्वरूप धारण कर रही है? स्वाधीनता का अर्थ कभी भी स्वच्छन्दता या राष्ट्रीय मर्यादाओं के प्रति अनादर नहीं हो सकता। जब राष्ट्र के सबसे बड़े पर्व पर दलीय संकीर्णता, व्यक्तिगत अहंकार और वैचारिक भटकाव हावी होने लगे, तो यह संकेत है कि स्वतंत्रता की मूल परिभाषा को निहित स्वार्थों के लिए बदला जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर लालकिले से लेकर विपक्ष के गलियारों तक जो कुछ घटित हुआ, वह इस विकृति का एक प्रामाणिक और चिंताजनक दस्तावेज है। परंपराओं के अनुसार इस बार भी स्वतंत्रता दिवस पर लालकिले की प्राचीर से संपूर्ण देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र की उपलब्धियों और भविष्य की चुनौतियों का खाका खींचा। इस ऐतिहासिक उद्बोधन में अनेक ज्वलन्त मुद्दों का संदर्भ देते हुए प्रधानमंत्री ने एक अत्यंत गंभीर विषय की ओर भी देश का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि देश को जंगलों में सक्रिय हथियारबंद नक्सल से मुक्ति मिलने में बड़ी सफलता मिली है लेकिन अब दिमागी नक्सल मौके की तलाश में हैं और समाज को गलत रास्ते पर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं, जिन्हें पहचान कर अलग-थलग करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री के संकेतों ने वास्तविक और प्रायोजित बुद्धिजीवियों से लेकर आम नागरिक और दलगत भौंपुओं तक शब्द युद्ध छेड दिया है। डीप स्टेट के स्लीपर-सेल, राष्ट्र-विरोधी और मीरजाफरों में खलबली मची हुई है। वे संवाद प्रेषण के बाद से ही अपने अस्तित्व की चिन्ता में चिंता की ओर अग्रसर होने लगे है। यह वैचारिक और बौद्धिक छद्मवेशी वर्ग समाज के भीतर रहकर, शिक्षण संस्थानों, व्यवसायगत संगठनों, विमर्शों और मीडिया के माध्यम से देश को तोड़ने और समाज को गलत रास्ते पर ले जाने की निरंतर चेष्टा कर रहा है। यह एक ऐसी मानसिक ग्रंथि है जो स्वतंत्रता के नाम पर न केवल युवाओं को दिग्भ्रमित करती है बल्कि व्यवस्था के प्रति घृणा का बीज भी बोती है। देश की प्रगति के लिए इन छद्म बुद्धिजीवियों को पहचानना और उन्हें समाज से अलग-थलग करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। दुर्भाग्यवश जहां एक ओर देश इस वैचारिक विमर्श से जूझ रहा है वहीं दूसरी ओर देश के राजनीतिक विपक्ष द्वारा आयोजित कार्यक्रमों ने लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार करने की मुहिम चला रखी है। विपक्षी लोकतंत्र में मतभेद स्वाभाविक हैं और उनका स्वागत भी होना चाहिए परंतु जब ये मतभेद, मनभेद में बदलकर राष्ट्रीय उत्सव की गरिमा को कम करने लगें तो स्वतंत्रता का वह स्वरूप विखण्डित होने लगता है। इस वैचारिक भटकाव और मर्यादाविहीनता का सबसे व्यथित करने वाला दृश्य देश की एक राजनीतिक पार्टी के कार्यालय में देखने को मिला जहां आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान जब राष्ट्र के सांस्कृतिक नवजागरण के प्रतीक राष्ट्रीय गीत गाया जा रहा था तब उस दल के शीर्ष नेताओं के चेहरों पर स्पष्ट रूप से असहजता और संकोच के भाव तैर रहे थे। इतिहास गवाह है कि जिस ह्यवंदे मातरम्ह के एक उद्घोष मात्र से स्वतंत्रता सेनानियों के भीतर फांसी के फंदे को चूमने का साहस आ जाता था आज उसी गीत के गायन के दौरान दिखने वाली इन सफेदपोशों की कसमसाहट ने उनकी मानसिकता को पूरी तरह से उजागर कर दिया है। इस पूरे परिदृश्य ने राजनीतिक तुष्टीकरण की विवशता को ही प्रदर्शित नहीं किया बल्कि उनका वैचारिक संकीर्णता को भी प्रकाशित किया है। वोट बैंक की राजनीति जब राष्ट्रगीत के सम्मान पर भारी पड़ने लगे तो समझ लेना चाहिए कि स्वतंत्रता के अधिकार का उपयोग देश को जोड़ने के लिए नहीं बल्कि सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने के लिए किया जा रहा है। राजनीतिक अहंकार और हठधर्मिता की पराकाष्ठा तब देखने को मिली जब लालकिला परिसर में आयोजित मुख्य राष्ट्रीय समारोह में बैठने की व्यवस्था को ढाल बनाकर अनेक पार्टी दिग्गजों ने इस पूरे आयोजन का ही बहिष्कार कर दिया।

## अटल बिहारी वाजपेयी : राजनीति में अटल संकल्प शब्दों में कविता और हृदय में बसता था भारत

कांतिलाल मांडोत

कुछ व्यक्तित्व समय के साथ इतिहास बन जाते हैं, लेकिन कुछ ऐसे होते हैं जो इतिहास का हिस्सा बनने के बाद भी जनमानस की स्मृतियों में लगातार जीवित रहते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी ऐसा ही एक विराट व्यक्तित्व थे। वे भारत के प्रधानमंत्री रहे, विपक्ष के नेता रहे, विदेश मंत्री रहे, सांसद रहे, पत्रकार रहे और सबसे बढ़कर एक संवेदनशील कवि रहे। उनके भीतर राजनीति की दृढ़ता और कविता की कोमलता का अद्भुत संगम था। 16 अगस्त 2018 को उनके निधन के बाद हर वर्ष 16 अगस्त को उनकी पुण्यतिथि आती है तो देश केवल अपने पूर्व प्रधानमंत्री को याद नहीं करता, बल्कि उस राजनीतिक संस्कृति को भी स्मरण करता है जिसमें असहमति के बीच संवाद, सत्ता के बीच संयम और राष्ट्रहित को राजनीति से ऊपर रखने की परंपरा थी। संघर्ष की राह से देश के सर्वोच्च पद तक अटल बिहारी वाजपेयी का राजनीतिक जीवन संघर्षों से होकर गुजरा। 1952 में उन्होंने पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन सफलता नहीं मिली। पराजय ने उनके कदम नहीं रोके। 1957 में बलरामपुर से लोकसभा के लिए चुने गए और इसके बाद भारतीय राजनीति में उनकी पहचान लगातार मजबूत होती गई। भारतीय जनसंघ के संस्थापक नेताओं में शामिल होकर उन्होंने संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत किया और 1968 से 1973 तक उसके अध्यक्ष रहे। वे पत्रकार भी थे और राष्ट्रधर्म, पांचजन्य तथा वीर अर्जुन जैसे पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से अपने विचारों को समाज तक पहुंचाते रहे। पत्रकारिता ने उनकी भाषा को धार दी और राजनीति ने उनके विचारों को व्यापक मंच दिया। 1977 में जनता सरकार में विदेश मंत्री बने तो अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की आवाज को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के समय वे उसके प्रमुख संस्थापक नेताओं में रहे और उसके प्रथम अध्यक्ष बने। उनका राजनीतिक जीवन लगभग चार दशकों तक संसद से जुड़ा रहा। लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। यह लंबी संसदीय यात्रा केवल पदों की संख्या नहीं थी, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के बदलते दौर की साक्षी थी। अटल जी तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने। 16 मई 1996 को पहली बार प्रधानमंत्री पद संभाला, लेकिन बहुमत सिद्ध न कर पाने के कारण 13 दिन बाद इस्तीफा देना पड़ा। 19 मार्च 1998 को उन्होंने दूसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। गठबंधन सहयोगी के समर्थन वापस लेने के कारण उनकी सरकार 1999 में गिर गई। इसके बाद 13 अक्टूबर 1999 को वे तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और 2004 तक उन्होंने सरकार का नेतृत्व किया। उनकी सबसे बड़ी राजनीतिक उपलब्धियों में गठबंधन सरकार को स्थायित्व देना माना जाता है। अनेक दलों और अलग-अलग राजनीतिक विचारों को साथ लेकर सरकार चलाना उस दौर में आसान नहीं था। अटल जी ने संवाद, सहमति और राजनीतिक संतुलन के सहारे गठबंधन को सफलतापूर्वक चलाया। यही कारण है कि वे केवल अपनी पार्टी के नेता नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र में गठबंधन राजनीति के एक महत्वपूर्ण शिल्पकार के रूप में भी याद किए जाते हैं। अटल जी का व्यक्तित्व केवल मधुर भाषणों तक सीमित नहीं था। वे आवश्यकता पड़ने पर साहसिक निर्णय लेने वाले नेता भी थे। 1998 में उनके नेतृत्व में पोखरण में परमाणु परीक्षण किए गए। अंतरराष्ट्रीय दबाव और संभावित प्रतिबंधों की आशंकाओं के बावजूद भारत ने अपनी सामरिक क्षमता का प्रदर्शन किया। लेकिन शक्ति के प्रति उनका दृष्टिकोण युद्धोन्मादी नहीं था। वे मजबूत भारत को शांति का आधार मानते थे। उनका विश्वास था कि राष्ट्र की सुरक्षा मजबूत होगी तो वह दुनिया के सामने अपनी स्वतंत्र नीति के साथ खड़ा रह सकेगा। इसी कारण उनकी राजनीति में शक्ति और शांति दोनों साथ दिखाई देते हैं। वे देश की वास्तविक चुनौतियों को भी पहचानते थे। उनका सपना ऐसा भारत था जो भूख, भय, निरक्षरता और अभाव से मुक्त हो। वे मानते थे कि बेरोजगारी, बीमारी, गरीबी और पिछड़ापन भी राष्ट्र के विरुद्ध बड़ी चुनौतियां हैं।

# ईरान के चक्रव्यूह में फंसे ट्रंप

**इस युद्धपोत पर लगभग 5,000 नौसैनिक और मरीन तैनात हैं। इन नौसैनिकों ने समुद्र में लगातार 250 से अधिक दिन बिताए हैं, जिसमें से करीब 200 दिन बिना किसी ह्यपोर्ट कॉलह्व अर्थात बिना किसी बंदरगाह पर रुके हुये बीते हैं, जो आधुनिक अमेरिकी नौसेना के इतिहास में एक रिकॉर्ड है। नौसैनिकों व मरीन की इस तैनाती को मूल रूप से मई 2026 में समाप्त होना था, लेकिन ईरान के साथ जारी जंग के कारण इसे बार-बार आगे बढ़ाया गया, जिससे सैनिकों की घर वापसी अनिश्चित हो गई। सैनिकों में पैदा हुये इसी अत्यधिक मानसिक दबाव के चलते कम से कम 6 नौसैनिकों ने युद्धपोत से समुद्र में कूदकर जान देने यानी आत्महत्या करने की कोशिश की, जिन्हें उन्हीं के सैनिक साथियों द्वारा समय रहते बचा लिया गया। इस घटना को लेकर पूरी दुनिया में बड़ी चर्चा छिड़ गई है। माइक लेविन जैसे कई अमेरिकी सांसदों और मरीन सैनिकों के परिवारों ने भी यह खुलासा किया कि युद्धपोत पर जीवन नरक जैसा हो गया है। कई हफ्तों तक जहाज पर गर्म पानी नहीं मिलता और टॉयलेट्स व शावर आदि खराब हो चुके हैं। लॉन्ड्री सुविधा बंद रहने से सैनिक गंदे कपड़े पहनने को मजबूर हैं।**





तनवीर जाफरी
(लेखक)

पूरे विश्व की निगाहें इस समय अमेरिका -ईरान के मध्य चल रहे तनावपूर्ण हालात पर लगी हुई है। इस्राईल के प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू ने अपने छल से राष्ट्रपति ट्रंप को ईरान से एक ऐसे युद्ध में उलझा दिया है जिससे ट्रंप के लिये बड़ी परेशानी खड़ी हो गयी है। विश्व इतिहास में यह पहला मौका है जबकि ईरान जैसा देश प्रत्येक मोर्चों पर अमेरिका को बराबर की चुनौती दे रहा है। नतीजतन ट्रंप के गलत फैसलों से अब अमेरिकी सेना के जवान भी ऊब चुके हैं। पिछले दिनों अमेरिकी नौसेना के एक परमाणु ऊर्जा संचालित सुपर-कैरियर विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन उश्ठ-72 को लेकर एक ऐसी खबर आई जिसने पूरी दुनिया को हैरानी में डाल दिया। यह युद्धपोत 21 नवंबर 2025 को सैन डिएगो, कैलिफोर्निया से अपनी निर्धारित यात्रा पर निकला था। शुरूआत में इसे प्रशांत क्षेत्र और दक्षिण चीन सागर में तैनात किया जाना था, लेकिन जनवरी 2026 में इस्राईल -अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध छिड़ जाने के बाद इसे अचानक पश्चिम एशिया/अरब सागर की ओर मोड़ दिया गया। इस युद्धपोत पर लगभग 5,000 नौसैनिक और मरीन तैनात हैं। इन नौसैनिकों ने समुद्र में लगातार 250 से अधिक दिन बिताए हैं, जिसमें से करीब 200 दिन बिना किसी ह्यपोर्ट कॉलह्व अर्थात बिना किसी बंदरगाह पर रुके हुये बीते हैं, जो आधुनिक अमेरिकी नौसेना के इतिहास में एक रिकॉर्ड है। नौसैनिकों व मरीन की इस तैनाती को मूल रूप से मई 2026 में समाप्त होना था, लेकिन ईरान के साथ जारी जंग के कारण इसे बार-बार आगे बढ़ाया गया, जिससे सैनिकों की घर वापसी अनिश्चित हो गई। सैनिकों में पैदा हुये इसी अत्यधिक मानसिक दबाव के चलते कम से कम 6 नौसैनिकों ने युद्धपोत से समुद्र में कूदकर जान देने यानी आत्महत्या करने की कोशिश की, जिन्हें उन्हीं के सैनिक साथियों द्वारा समय रहते बचा लिया गया। इस घटना को लेकर पूरी दुनिया में बड़ी चर्चा छिड़ गई है। माइक लेविन जैसे कई अमेरिकी सांसदों और मरीन सैनिकों के परिवारों ने भी यह खुलासा किया कि युद्धपोत पर जीवन नरक जैसा हो गया है। कई हफ़्तों तक जहाज पर गर्म पानी नहीं मिलता और टॉयलेट्स व शावर आदि खराब हो चुके हैं। लॉन्ड्री सुविधा बंद रहने से सैनिक गंदे कपड़े पहनने को मजबूर हैं। युद्धपोत पर भोजन और जरूरी सामानों की भारी कमी हो गई, यहाँ तक कि राशन कम होने पर सैनिकों को भोजन में बेहद कम व सीमित मात्रा दी जा रही है। और तो और युद्ध के कारण आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने से बहरीन जैसे अमेरिकी ठिकानों से जहाज तक रसद पहुँचाना भी मुश्किल हो गया है। इस हादसे, अमेरिकी सांसदों के दबाव और परिवारों के आक्रोश के बाद अब अमेरिकी नौसेना के कार्यवाहक सचिव हंग काओ ने घोषणा की है कि युद्धपोत को अब रोटेशन प्लान के तहत वापस बुलाया जा रहा है। मिडिल ईस्ट में इसकी जगह लेने के लिए दूसरे विमानवाहक पोत यूएसएस जॉर्ज वाशिंगटन को भेजा जा रहा है ताकि थके हुए सैनिकों को राहत मिल सके। परन्तु इस खबर ने वर्तमान समय में अमेरिकी सैनिकों की उबावपूर्ण स्थिति तो उजागर कर ही दी है। उधर ईरान की तरफ से संभावित खतरे के संदेह में राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा अंतिम समय में विमान बदलने से जुड़ी हुई एक हैरतअंगेज खबर सामने आई। वॉशिंगटन पोस्ट के अनुसार पिछले महीने तुर्की में नेटो शिखर सम्मेलन से निकलते समय ट्रंप ने गुपचुप तरीके से अपना विमान बदल लिया था। खबरों के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति टेलीविजन कैमरों की मौजूदगी में एयर फोर्स वन में सवार हुए, फिर उन्हें चुपके से एक ऊंचे एयरपोर्ट कैटरिंग ट्रक में ले जाया गया और एक सैन्य विमान तक पहुंचाया गया। हालांकि, अब वॉशिंगटन पोस्ट की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप ने एक बार फिर विमान बदल दिया था। पोस्ट ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि ट्रंप को पुराने एयर फोर्स वन विमान से एक कैटरिंग कंटेनर में बाहर निकाला गया। यह कंटेनर ट्रंप को एक छोटे सी-32ए विमान तक ले गया। इसी विमान से उन्होंने ब्रिटेन के लिए उड़ान भरी। इस दौरान विमान में सवार पत्रकारों और व्हाइट हाउस के कुछ कर्मचारियों को भी इसकी जानकारी नहीं थी। इससे पहले अंकारा में शिखर सम्मेलन के दौरान ट्रंप ने कहा था कि वो ईरान का नंबर वन निशाना हैं। ट्रंप के ईरान से भयभीत होने की एक सबसे बड़ी वजह यह भी है कि जुलाई 2026 में ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार के दौरान ईरान में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या से जुड़े बेहद आक्रामक पोस्टर, बैनर और नारे खुले आम लगाए गए थे। फरवरी 2026 में अमेरिका-इस्राईल के हवाई हमलों में अयातुल्ला खामेनेई व उनके कई परिजन शहीद हो गए थे जिसके बाद हुए उनके विशाल अंतिम संस्कार में ईरानी लोगों में काफी आक्रोश देखा गया। अंतिम संस्कार के दौरान राजधानी तेहरान और खामेनेई के दफ़्न वाले शहर मशहद की सड़कों पर जगह जगह अंग्रेजी में ह्लङक्कछछ ळफ्रटढह्व लिखे बड़े बड़े बैनर और धमकी भरे पोस्टर देखे गये। काले कपड़ों में शामिल महिलाओं और प्रदर्शनकारियों ने अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में ह्लङक्कछछ ळफ्रटढह्व लिखे हुए लाल रंग के प्लेकार्ड उठा रखे थे। कई पोस्टर्स में डोनाल्ड ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और इस्राईली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की तस्वीरों पर बंदूक की दूरबीन का निशाना क्रॉस हेयर बना हुआ था।

# 80वां स्वतंत्रता दिवस - सप्तधारा से विकसित होगा भारत

**सात रंग प्रकृति के प्रकाश को विविधता देते हैं। सात महाद्वीप पृथ्वी की व्यापकता का बोध कराते हैं। विवाह संस्कार में सप्तपदी केवल सात कदम नहीं हैं। वे जीवनभर साथ चलने के सात संकल्प हैं। दो व्यक्तियों के बीच संबंध को सामाजिक और आध्यात्मिक जिम्मेदारी में बदलने वाली यह परंपरा बताती है। संगीत में सात स्वर सा, रे, ग, म, प, ध, नि, अपने आप में सीमित दिखाई देते हैं, लेकिन इन्हीं से असंख्य राग, धुन और भावनाएं जन्म लेती हैं। योग परंपरा में सात प्रमुख चक्र चेतना के विभिन्न स्तरों से जोड़े जाते हैं। सूर्यदेव के रथ के सात अश्व गति, ऊर्जा और प्रकाश के प्रतीक माने जाते हैं। पौराणिक साहित्य में सप्तलोक, सप्तद्वीप और सप्तसिंधु जैसे उल्लेख भी मिलते हैं। सप्तमातृका, सप्तधान्य, सप्तगण, सप्तकल्प और सात जन्म जैसी अवधारणाएं भारतीय सांस्कृतिक चेतना में अलग-अलग रूपों में दिखाई देती हैं। इन सभी धारणाओं में एक साझा संदेश छिपा है अलग-अलग शक्तियों का संतुलित मेल ही संपूर्णता पैदा करता है। यही बात आधुनिक राष्ट्र निर्माण पर भी लागू होती है। कोई देश केवल कृषि से विकसित नहीं हो सकता है, केवल उद्योग से भी नहीं, केवल तकनीक पर्याप्त नहीं है और केवल रक्षा शक्ति से समृद्धि नहीं आती है।**





जितेन्द्र कुमार सिन्हा
(लेखक)

शनिवार को भारत ने अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। यह केवल तिरंगा फहराने, राष्ट्रगान गाने और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करने का अवसर नहीं था, बल्कि आठ दशकों की यात्रा का हिसाब लेने और आने वाले भारत की दिशा, लक्ष्य तथा नियति को समझने का भी क्षण था। लाल किले की प्राचीर से निकला प्रत्येक शब्द इसलिए महत्वपूर्ण था कि उसमें अतीत की स्मृतियों के साथ भविष्य के भारत का खाका भी दिखाई दिया। विशेष रूप से ह्लशक्ति की सप्तधाराह्व को केवल किसी राजनीतिक भाषण या चुनावी रैली के नजरिये से देखना भारत की सभ्यता और उसके सांस्कृतिक संकेतों को सीमित कर देना होगा। भारत की परंपरा में सात केवल एक संख्या नहीं है। सात पूर्णता, संतुलन, विविधता में एकता और जीवन के अलग-अलग आयामों के समन्वय का प्रतीक रहा है। आज जब भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है, तब सात राष्ट्रीय क्षमताओं को एक दिशा में प्रवाहित करने की कल्पना अपने भीतर गहरा सांस्कृतिक और रणनीतिक अर्थ रखती है भारतीय चिंतन में सात का अंक सदियों से विशेष महत्व रखता आया है। सप्तऋषि ज्ञान की निरंतर परंपरा के प्रतीक हैं। सात दिन समय की गति को व्यवस्थित करते हैं। सात रंग प्रकृति के प्रकाश को विविधता देते हैं। सात महाद्वीप पृथ्वी की व्यापकता का बोध कराते हैं। विवाह संस्कार में सप्तपदी केवल सात कदम नहीं हैं। वे जीवनभर साथ चलने के सात संकल्प हैं। दो व्यक्तियों के बीच संबंध को सामाजिक और आध्यात्मिक जिम्मेदारी में बदलने वाली यह परंपरा बताती है। संगीत में सात स्वर सा, रे, ग, म, प, ध, नि, अपने आप में सीमित दिखाई देते हैं, लेकिन इन्हीं से असंख्य राग, धुन और भावनाएं जन्म लेती हैं। योग परंपरा में सात प्रमुख चक्र चेतना के विभिन्न स्तरों से जोड़े जाते हैं। सूर्यदेव के रथ के सात अश्व गति, ऊर्जा और प्रकाश के प्रतीक माने जाते हैं। पौराणिक साहित्य में सप्तलोक, सप्तद्वीप और सप्तसिंधु जैसे उल्लेख भी मिलते हैं। सप्तमातृका, सप्तधान्य, सप्तगण, सप्तकल्प और सात जन्म जैसी अवधारणाएं भारतीय सांस्कृतिक चेतना में अलग-अलग रूपों में दिखाई देती हैं। इन सभी धारणाओं में एक साझा संदेश छिपा है अलग-अलग शक्तियों का संतुलित मेल ही संपूर्णता पैदा करता है। यही बात आधुनिक राष्ट्र निर्माण पर भी लागू होती है। कोई देश केवल कृषि से विकसित नहीं हो सकता है, केवल उद्योग से भी नहीं, केवल तकनीक पर्याप्त नहीं है और केवल रक्षा शक्ति से समृद्धि नहीं आती है। विकास तब स्थायी और व्यापक बनता है, जब उसकी अनेक धाराएं एक-दूसरे की पूरक बनकर एक दिशा में बहती हैं। आज भारत की सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि विकास को केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि एक समग्र राष्ट्रीय क्षमता के रूप में देखा जाए। नई सप्तधारा में विनिर्माण, कृषि एवं खाद्य उत्पादन, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार, गति शक्ति, रक्षा शक्ति, सौम्य शक्ति तथा समग्र श्वेत, हरित और नील, अर्थव्यवस्था को स्थान दिया गया है। इन सातों क्षेत्रों को अलग-अलग विभागों या योजनाओं की तरह देखना इस विचार की व्यापकता को कम कर देगा। वास्तव में ये सातों एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। विनिर्माण को कृषि से कच्चा माल चाहिए। कृषि को तकनीक चाहिए। तकनीक को ऊर्जा और कुशल मानव संसाधन चाहिए। विनिर्माण और कृषि को बेहतर बाजार तथा तेज परिवहन चाहिए। देश की आर्थिक शक्ति को सुरक्षित रखने के लिए रक्षा शक्ति आवश्यक है। दुनिया में अपनी पहचान और प्रभाव बढ़ाने के लिए सौम्य शक्ति जरूरी है। और इन सभी के बीच श्वेत, हरित और नील अर्थव्यवस्था भारत की सामाजिक तथा पर्यावरणीय स्थिरता का आधार बन सकती है। सप्तधारा का वास्तविक संदेश है विकास की धाराएं अलग-अलग नहीं, परस्पर जुड़ी हुई है। पहली धारा- भारत लंबे समय तक सेवा क्षेत्र की ताकत के लिए जाना जाता रहा है। लेकिन 21वीं सदी की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत विनिर्माण क्षमता के बिना कोई भी बड़ा राष्ट्र आर्थिक रूप से पूर्ण शक्ति नहीं बन सकता। मोबाइल फोन से लेकर सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर रक्षा उपकरण, ऑटोमोबाइल से लेकर मशीनरी और फार्मास्यूटिकल्स से लेकर हरित तकनीक तक भारत के सामने विशाल अवसर हैं। विनिर्माण केवल कारखाने लगाने का नाम नहीं है। इसका अर्थ है रोजगार, कौशल, अनुसंधान, आपूर्ति श्रृंखला, निर्यात और स्थानीय उद्यमिता का विस्तार। यदि भारत अपने गांवों, कस्बों और छोटे शहरों तक उत्पादन की संस्कृति पहुंचा सके, तो विनिर्माण आर्थिक विकास के साथ सामाजिक परिवर्तन का माध्यम भी बन सकता है। ह्यमेड इन इंडियाह्व को ह्यमेड फॉर द वर्ल्डह्व में बदलना इस धारा की सबसे बड़ी परीक्षा होगी। दूसरी धारा- भारत की आत्मा में कृषि का स्थान आज भी केंद्रीय है। कृषि केवल किसान की आय का विषय नहीं है; यह खाद्य सुरक्षा, ग्रामीण रोजगार, पोषण और सामाजिक स्थिरता से जुड़ी हुई है। भविष्य की कृषि पारंपरिक खेती और आधुनिक तकनीक का मेल होगी। ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मौसम आधारित सलाह, बेहतर बीज, सिंचाई तकनीक, भंडारण, कोल्ड चेन और खाद्य प्रसंस्करण किसानों की उत्पादकता और आय दोनों बढ़ा सकते हैं। भारत को केवल अनाज पैदा करने वाला देश नहीं, बल्कि वैश्विक खाद्य प्रसंस्करण और खाद्य निर्यात की बड़ी शक्ति बनना होगा। कृषि से उद्योग जुड़ेगा, उद्योग से रोजगार बनेगा और रोजगार से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। यही वह चक्र है, जो कृषि को केवल जीविका से आगे बढ़ाकर राष्ट्रीय आर्थिक शक्ति में बदल सकता है। तीसरी धारा- 21वीं सदी में जिस देश के पास तकनीक होगी, उसके पास प्रतिस्पर्धा की निर्णायक क्षमता होगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, क्वांटम तकनीक, रोबोटिक्स, अंतरिक्ष विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी और डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना जैसे क्षेत्र भारत के भविष्य को परिभाषित कर सकते हैं।

डॉ. प्रियंका सौरभ

# बदलता भारत, बनता भारत

प्रत्येक स्वतंत्रता दिवस हमें अपने राष्ट्र के अतीत पर चिंतन करने और भविष्य पर विचार करने का अवसर देता है। स्वतंत्रता के पिछले 80 वर्षों में भारत में आए कुछ परिवर्तनों को याद करने का यह मेरा एक प्रयास है। यह परिवर्तन केवल हमारी अर्थव्यवस्था, शहरों या प्रौद्योगिकी में ही नहीं, बल्कि आम भारतीयों की आकांक्षाओं, आत्मविश्वास और दृष्टिकोण में भी देखा गया है। आज का भारत 1947 में औपनिवेशिक शासन से मुक्त हुए भारत से बहुत अलग है। आर्थिक दृष्टि से सबसे बड़ा अंतर यही है। स्वतंत्रता के बाद के शुरूआती दशकों में संसाधनों की कमी थी, अवसर सीमित थे और विशाल जनसंख्या की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना एक चुनौती थी। भारत आज विश्व की महान आर्थिक शक्तियों में से एक है; आधुनिक उद्योग, विकसित होता बुनियादी ढांचा और उद्यमशीलता की नई भावना, महत्वाकांक्षी युवा पीढ़ी। सड़कों, हवाई अड्डों, मेट्रो, डिजिटल नेटवर्क और बेहतर कनेक्टिविटी के कारण स्थान और लोग एक-दूसरे के करीब आ गए हैं। एक युवा ऑनलाइन पढ़ाई कर सकता है, किसी दूसरे शहर की कंपनी में काम कर सकता है और यहां तक कि पूरे देश में लोगों को सेवा प्रदान करने वाला व्यवसाय भी चला सकता है। पिछली पीढ़ियों के लिए ऐसी संभावनाओं की कल्पना करना भी मुश्किल रहा होगा। शायद इस बदलाव में प्रौद्योगिकी का सबसे बड़ा योगदान है। मोबाइल फोन अब सिर्फ संचार का साधन नहीं रह गया है। यह एक बैंक, कक्षा, बाजार, कार्यालय और सूचना का स्रोत बन गया है। ऑनलाइन भुगतान ने हमारे दैनिक जीवन में क्रांति ला दी है और अनेक सार्वजनिक सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं। प्रौद्योगिकी ने भारत को सूचना और अवसरों के मामले में कई मायनों में अधिक जुड़ा हुआ और अधिक लोकतांत्रिक बनाया है। लेकिन प्रगति का सच्चा सूचक प्रौद्योगिकी नहीं है, बल्कि यह है कि प्रौद्योगिकी आम आदमी के जीवन को कैसे प्रभावित करती है। भारतीयों और उनके राष्ट्र के आत्मविश्वास में अद्भुत परिवर्तन आया है। कुछ पीढ़ियों पहले, पश्चिम के प्रति प्रशंसा और कभी-कभी हीनता की भावना प्रचलित थी। आज, हमारे युवा खुद को विश्व के सर्वश्रेष्ठ लोगों के बराबर मानते हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उद्यमशीलता, पेशेवर क्षेत्र, कला एवं खेल के क्षेत्र में भारतीय नागरिक विदेशों में अपनी पहचान बना रहे हैं। साथ ही, भारत की संस्कृति, भाषाओं, परंपराओं और इतिहास का पुनरुद्धार हो रहा है। आधुनिकता और जड़ों से जुड़ाव की अवधारणा अब विरोधाभासी नहीं रह गई है। प्रगति के बावजूद, हमारी समस्याएं कम नहीं हुई हैं। हमारे पास विश्व स्तरीय हवाई अड्डे और डिजिटल बुनियादी ढांचा है, लेकिन कुछ समुदाय अभी भी स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता जैसी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। हमारे पास बेहतरीन व्यवसाय और कुशल कर्मचारी हैं, फिर भी लाखों युवा स्थिर और लाभकारी रोजगार की तलाश में हैं। शहरों के विकास के साथ-साथ, कई शहर प्रदूषण, भीड़भाड़ और खराब शहरी नियोजन से जूझ रहे हैं। आर्थिक विकास ने अपार अवसर पैदा किए हैं, लेकिन सभी नागरिकों को इसका समान लाभ नहीं मिल रहा है। संतुलित आलोचना का महत्व यहीं पर है। अपने देश की कमियों से अवगत हुए बिना उससे प्रेम करना संभव नहीं है। वास्तव में, सच्ची देशभक्ति हमें उन चीजों को स्वीकार करने का साहस देती है जिन्हें बदलने की आवश्यकता है। एक सशक्त लोकतंत्र में असहमति और आलोचना को सहन किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय हित केवल आर्थिक विकास, सैन्य शक्ति और अंतरराष्ट्रीय शक्ति तक सीमित नहीं होना चाहिए। इसमें सामाजिक सद्भाव, सुदृढ़ संस्थाएं, समान अवसर, सभी नागरिकों के लिए गरिमा और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में विश्वास भी शामिल होना चाहिए। यदि देश का कोई भविष्य है, तो उसे कठिन प्रश्नों को स्वीकार करने के लिए पर्याप्त आत्मविश्वास होना चाहिए।

# स्वतंत्रता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 32 कर्मी हुए सम्मानित

- अधिकारियों-कर्मियों को उपमुख्यमंत्री ने किया सम्मानित, सुशासन और जनसेवा में उल्लेखनीय योगदान की सराहना

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित 80वें स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में उपमुख्यमंत्री सह वित्त एवं वाणिज्य-कर मंत्री तथा सारण के प्रभारी मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव एवं जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्मानित किया गया। प्रशासन की ओर से तैयार सूची में कुल 41 नाम शामिल हैं, जिनमें विभागीय अधिकारी-कर्मियों के साथ विद्यार्थी एवं अन्य सम्मानित भी शामिल हैं। इनमें प्रमुख रूप से 32 अधिकारी-कर्मी शामिल हैं, जिन्होंने विधि-व्यवस्था, राजस्व, ऊर्जा, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, ग्रामीण विकास और प्रशासनिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया। विधि-व्यवस्थाः अनुमंडल पदाधिकारी सदर छपरा नितेश कुमार, अपर समाहर्ता विधि-व्यवस्था सारण प्रमोद कुमार पांडेय, प्रखंड विकास पदाधिकारी छपरा सदर दृष्टि पाठक तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी रिविलगंज रितेश कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। बता दें रिविलगंज के वीडियो की अनुपस्थिति में उनकी पत्नी ने मुख्य अतिथि से सम्मान प्राप्त किया। जबकि राजस्व शाखाः अंचलाधिकारी गरखा नीली यादव, अंचलाधिकारी सोनपुर राज कुमार तथा अमीन दरियापुर शिवम कुमार को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान मिला। वहीं ऊर्जा विभागः सहायक अभियंता विद्युत छपरा धीरज सती, सहायक अभियंता विद्युत सोनपुर शंभू कुमार, कनीय अभियंता काशी बाजार विद्युत आपूर्ति प्रमंडल पश्चिमी हरे राम नारायण, कनीय अभियंता परसा विद्युत आपूर्ति प्रमंडल पूर्वी हरि शंकर पासवान तथा एसबीआई कृषि विकास शाखा परसा के शाखा प्रबंधक डॉली सिन्हा को सम्मानित किया गया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभागः प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मांझी डॉ. रोहित कुमार, आशा कार्यकर्ता ताजपुर, मांझी मंजू देवी, आशा कार्यकर्ता गोराईपुर, दिघवारा सोना देवी, जीएनएम सदर अस्पताल छपरा निर्मला कुमारी तथा एएनएम स्वास्थ्य उपकेंद्र धनाव, बनियापुर पूनम कुमारी को सम्मान मिला। सदर अस्पताल छपरा के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रवि अमृत को भी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा के लिए सम्मानित किया गया। कृषि विभागः सर्वे अमीन रिविलगंज पाण्डव कुमार यादव तथा किसान सलाहकार दिघवारा शंभू नारायण को फार्मर रजिस्ट्री कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। शिक्षा विभागः शिक्षक उच्च माध्यमिक विद्यालय झौवा, दिघवारा नसीम अख्तर तथा प्रधान शिक्षिका उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसांढी, सदर छपरा चंचला तिवारी को सम्मान मिला। जिला ग्रामीण विकास अभिकरणः तकनीकी सहायक विनोद यादव तथा कार्यपालक सहायक राम कुमार को सहयोग शिविर, फार्मर रजिस्ट्री एवं अन्य अभियानों में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। सारण समाहरणालयः जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, ठकउ छपरा तारिणी कुमार, नजारत उप-समाहर्त्ता-सह-जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी रवि प्रकाश, विशेष कार्य पदाधिकारी मिंटू चौधरी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गुलाम शाहिद, अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बिजेंद्र कुमार, लिपिक सुरेंद्र कुमार, लिपिक गुलाम गौस तथा कार्यालय परिचारी, जिला नजारत शाखा विनोद कुमार राम को उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्य के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए प्रशासन ने कहा कि ऐसे कर्मठ और समर्पित कर्मी जनसेवा तथा सुशासन की व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# आजादी के जश्न में डूबा दरियापुर जगह-जगह शान से लहराया तिरंगा

प्रात : किरण संवाददाता



दरियापुर। प्रखंड क्षेत्र में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों में धूमधाम और उत्साह के साथ ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान देशभक्ति के नारों से परिसर गूंज उठे। लोगों ने राष्ट्रध्वज को सलामी देकर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया। राजकिशोर नर्सिंग कॉलेज, सुतिहार में कॉलेज के चेयरमैन सह निदेशक राजकिशोर प्रसाद यादव ने तिरंगा फहराया।

वहीं, बीआरसी में बीईओ राजेश कुमार, सीएचसी में प्रभारी चिकित्सक डॉ. सत्येंद्र कुमार, सागर हिल टॉप एकेडमी में निदेशक विजय कुमार सिंह, एसबीआईएम में निदेशक शिशुपाल सिंह, बीके ज्ञानस्थली में निदेशक बबन पटेल तथा डेरनी थाना परिसर में थानाध्यक्ष प्रीति कुमारी ने ध्वजारोहण किया। दुर्गा उच्च विद्यालय, शाहपुर सुतिहार में एचएम सुनील कुमार ने राष्ट्रध्वज फहराया। इसके अलावा हरिहरपुर पंचायत भवन में मुखिया उपेन्द्र कुमार सिंह, खानपुर में मुखिया सुधीर कुमार सिंह, अकबरपुर में सरिता देवी तथा विश्वम्भरपुर पंचायत भवन में मुखिया विद्या देवी ने तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस की खुशियां मनाई।

विद्यालयों में भी दिखा देशभक्ति का उत्साहः प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। उत्क्रमित उच्च विद्यालय अरविंद नगर में प्रधानाध्यापक आदित्य कुमार तथा एनपीएस पूणाडीह में प्रधानाध्यापक रुस्तम अली सहित गांधी कुमार और पूनम देवी ने ध्वजारोहण कार्यक्रम में भाग लिया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े विचार प्रस्तुत किए। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों में देशभक्ति का जज्बा भर दिया। पूरे प्रखंड क्षेत्र में दिनभर स्वतंत्रता दिवस को लेकर उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### व्यवहार न्यायालय मे जिला जज विधि मंडल अध्यक्ष और महामंत्री ने किया झंडातोलन

छपरा व्यवहार न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश अनंत सिंह ने झंडा फहराया जिसमे सभी न्यायिक पधाधिकारी और कर्मचारी सहित अधिवक्ता उपस्थित थे।विधि मंडल में अध्यक्ष रवि रंजन प्रसाद सिंह एवं महामंत्री शशि भूषण त्रिपाठी ने झंडा फहराया।विधि मंडल में झंडारोहण के समय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित सभी न्यायिक पदाधिकारी विधि मंडल के सभी अधिवक्ता उपस्थित थे। विधि मंडल द्वारा चौदह अधिवक्ताओं को भी अंग वस्त दे कर सम्मानित किया गया।

### विगत 24 घंटे में 35 अभियुक्त किये गये गिरफ्तार

छपरा सदर।सारण के वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों, अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन,बिक्री,भंडारण,बिक्री, भंडारण, निर्माण और परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए 15 अगस्त को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल-35 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें वारंट में 10, शराब कारोबारी में 11, शराब सेवन में 8, हत्या में 2, हत्या के प्रयास में 2 और गृहभेदन के कांड में 2 अभियुक्त शामिल है।वही अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल-41 वाहनों से 42,000 रूपए जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत कुल शराब-399.18 ली०,कार-01, स्कॉर्पियो-01 एवं पिकअप-01 बरामद किए गए

### भेल्दी में भी शान से लहराया तिरंगा, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

भेल्दी। भेल्दी में 80 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह काफी उत्सवी माहौल में संपन्न हो गया।भेल्दी थाना पर थानाध्यक्ष श्रवण कुमार पाल, बी के ज्ञान स्थली रसूलपुर सुतिहार पर निदेशक बबन कुमार पटेल, सामुदायिक भवन उमरपुर पर मुखिया संजीव प्रसाद यादव, शोभेपुर पंचायत भवन पर मुखिया देवन्ती देवी, मध्य विद्यालय बेदवलिया पर एचएम मोहन प्रसाद, भेल्दी इप्टा कार्यालय पर इप्टा अध्यक्ष व पूर्व मुखिया रमेश कुमार यादव, मिडिल स्कूल हेला बसौता पर एचएम हरिशंकर प्रसाद, मिडिल स्कूल मोलनापुर पर एचएम सुनील कुमार गुप्ता, सलखुआ एसबीआई सीएसपी पर सीएसपी संचालिका शोभा कुमारी, मिडिल स्कूल कटसा पर एचएम उषा कुमारी, पंचायत भवन कटसा पर मुखिया गौतम कुमार साह, सेंट माइकल एकेडमी कटसा पर निदेशक शत्रुघ्न प्रसाद सिंह, मिडिल स्कूल तकेया पर एचएम शिवदयाल शर्मा, रेडिएण्ट पब्लिक स्कूल भेल्दी पर निदेशक रंजीत शांडिल्य, मॉडल पब्लिक स्कूल सोनहो पर निदेशक उदय कुमार सिंह, प्रोगेसिभ कम्प्यूटर सेंटर पर पप्पु कुमार पाण्डेय, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय रायपुरा बनिया टोली पर एचएम उज्जवला सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।इस मौके पर शिक्षक रविन्द्र सिंह, राहुल कुमार, सुधीर कुमार, बबली कुमारी, जुही गुप्ता, प्रियंका कुमारी आदि उपस्थित थी।इस मौके पर छात्रा खुशी कुमारी ने मां भारती का अभिनय कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

# गंगा सिंह कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। शनिवार को देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ कॉलेज परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने सर्वप्रथम राष्ट्रगीत ह्ववंदे मातरमह्न को गाया। इस पावन अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो प्रमेन्द्र रंजन सिंह द्वारा ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थित सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं और गणमान्य सदस्यों ने पूरी तन्मयता के साथ राष्ट्रगान गाया और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी दी। समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य महोदय ने देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन किया और उनके सपनों के भारत के निर्माण में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और विकास के लिए हम सभी को अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करना चाहिए।

# इसुआपुर में शान से लहराया तिरंगा

प्रात : किरणसंवाददाता



इसुआपुर। प्रखंड में शान से ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई। प्रखंड विकास कार्यालय इसुआपुर पर बीडीओ इसुआपुर इंजीनियर सत्यम सिंह की मौजूदगी में प्रखंड प्रमुख मितेन्द्र प्रसाद यादव, थाना पर थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार, सीएचसी पर डॉक्टर तूलिका कुमारी, डोईला गांव स्थित तरैया विधानसभा भाजपा के प्रधान कार्यालय पर विधायक जनक सिंह, आतानगर गांव स्थित तरैया विधानसभा राजद के प्रधान कार्यालय पर नागेंद्र सिंह, प्रखंड जदयू कार्यालय पर पूर्व मुखिया राज किशोर सिंह, सैनिक कैंटीन पर जाहिद हुसैन, निपनिया पंचायत भवन पुर मुखिया राखी देवी, चांदपुरा गांव स्थित हिन्दुस्तान खाद बीज भंडार के आवासीय परिसर में वयोवृद्ध पूर्व मुखिया समियुद्दीन अहमद, इसुआपुर पंचायत भवन पर मुखिया शहवार खातून, अटौली पंचायत भवन पर मुखिया धनंजय पांडेय, पंचायत भवन लौंवा पर मुखिया संगीता देवी, प्लस टू विद्यालय इसुआपुर पर रामचंद्र प्रसाद, राजकीय मध्य विद्यालय पर अमरनाथ प्रसाद, पंचायत भवन डटरा पुरसौली पर मुखिया अजय राय ने हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया।

# ठाकुरबाड़ी में पुलिस की मौजूदगी में हुई शादी

प्रात : किरण संवाददाता

पानापुर( सारण )प्रखंड के ठाकुरबाड़ी मंदिर में शुक्रवार की रात एक अनोखी शादी चर्चा का विषय बन गई। वर्षों से एक-दूसरे से प्रेम करने वाले युवक-युवती ने परिजनों की सहमति के बाद वैदिक रीति-रिवाज से विवाह रचाया। इस विवाह में पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय पुलिस की मौजूदगी खास रही। पुलिसकर्मी और पंचायत प्रतिनिधि इस दौरान बराती-घराती की भूमिका में नजर आए और नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया।

जानकारी के अनुसार, बनियापुर प्रखंड के देवलखा भिट्ठी गांव निवासी 23 वर्षीय युवती का पानापुर प्रखंड के मेंथौरा गांव निवासी 26 वर्षीय युवक से करीब आठ-नौ वर्षों से प्रेम संबंध था। दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन परिवार की सहमति नहीं मिल रही थी। इसी बीच गुरुवार को युवती अपने प्रेमी के घर पहुंच गई। इसकी जानकारी मिलने पर उसके परिजन भी शुक्रवार को मेंथौरा पहुंच गए, जहां दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई।मामले की सूचना मिलने पर डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से बातचीत की। दोनों युवक-युवती शादी करने के अपने फैसले पर अड़े रहे। इसके बाद पुलिस और पंचायत प्रतिनिधियों ने दोनों परिवारों को समझाने का प्रयास किया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए परिजनों को थाने बुलाकर भी बातचीत की गई। काफी समझाने-बुझाने के बाद दोनों परिवार शादी के लिए राजी हो गए।परिजनों की सहमति मिलने के बाद पानापुर स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दोनों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए और एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। मंदिर के पुजारी, पुलिसकर्मियों और पंचायत प्रतिनिधियों ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया।

### प्रखंड के सभी सरकारी ,निजी संस्थानों हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण

बनियापुर। प्रखंड के सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों के इस 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशेष आयोजन के साथ ध्वजारोहण किया गया,ध्वजा रोहन पर जहां राष्ट्रगीत,राष्ट्रगान से प्रारंभ कर अन्य कार्यक्रम शुरू किए गए,जहां प्रखंड ,अंचल कार्यालय पर प्रखंड प्रमुख मंजूषा ओझा,बीडीओ रमेंद्र कुमार सीओ दीनानाथ कुमार,सैकड़ों गणमान्य, बीडीसी उप प्रमुख दिवाकर तिवारी की मौजूदगी में शान से ध्वजारोहण किया,वही बीआरसी भवन बी ई ओ ओम प्रकाश शर्मा,श्री कांत पाण्डेय कौसर अली, थाना कार्यालय थानाध्यक्ष पिंटूकुमार जेडी यू कार्यालय ,राजद,बीजेपी कांग्रेस कार्यालयों पर उनके अध्यक्षों द्वारा ध्वजारोहण किया गया,सरकारी विद्यालयों में मध्य विद्यालय पूछरी में प्रधानाध्यापिका पुष्पलता कुमारी, मध्य विद्यालय भटवलिया में ब्रजेन्द्र सिंह , कन्या मध्य विद्यालय में डीडीओ जलालुद्दीन, आशमोहम्मद,रामाधार कुमार मनोज प्रसाद आशुतोष कुमार अरविंद कुमार सिंह, श्रीराम, नाजिर हुसैन सभी प्रधानाध्यापकों ने हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया।

# राजेंद्र स्टेडियम में 11 टुकड़ियों ने दिखाया अनुशासन, शौर्य और देशभक्ति का जज्बा

- जिला सशस्त्र बल से लेकर होमगार्ड, एनसीसी और स्काउट गाइड तक की टुकड़ियों ने किया शानदार मार्चपास्ट

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में पुलिस एवं विभिन्न सुरक्षा संगठनों की टुकड़ियों ने शानदार परेड प्रस्तुत कर देशभक्ति, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। परेड के दौरान कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ती जवानों की टुकड़ियों ने समारोह में मौजूद लोगों में राष्ट्रभक्ति का उत्साह भर दिया। स्वतंत्रता दिवस परेड का नेतृत्व परेड कमांडर सार्जेंट मेजर अविनाश कुमार, पुलिस केंद्र, सारण ने किया, जबकि द्वितीय परेड कमांडर सार्जेंट पूजा कुमारी, पुलिस केंद्र, सारण रहीं। परेड में प्लाटून नंबर-1 के रूप में जिला सशस्त्र बल (पुरुष) तथा प्लाटून नंबर-2 में जिला सशस्त्र बल (महिला) की टुकड़ियों ने भाग लिया। पुरुष टुकड़ी के प्लाटून कमांडर सार्जेंट दीपक कुमार और महिला टुकड़ी की प्लाटून कमांडर सार्जेंट सृष्टि सुमन रहीं। इसके अलावा प्लाटून नंबर-3 में नवप्रशिक्षित जिला सशस्त्र बल के पुरुष सिपाहियों तथा प्लाटून नंबर-4 में नवप्रशिक्षित जिला सशस्त्र बल की महिला सिपाहियों ने मार्चपास्ट किया। इनका नेतृत्व क्रमशः सार्जेंट नितेश राज और सार्जेंट ज्योति कुमारी ने किया। प्लाटून नंबर-5 में बिहार गृह रक्षा वाहिनी (पुरुष), सारण तथा प्लाटून नंबर-6 में बिहार गृह रक्षा वाहिनी (महिला), सारण की टुकड़ियां शामिल रहीं। पुरुष टुकड़ी के कमांडर परिचारी ऋषि कुमार तथा महिला टुकड़ी की कमांडर यूजीओ शिवानी शरण सेठ रहीं। परेड में प्लाटून नंबर-7 के रूप में एनसीसी के जवान, सारण ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इसका नेतृत्व आयुष रंजन पर्वत ने किया। वहीं प्लाटून नंबर-8, 9, 10 और 11 में स्काउट गाइड के जवान, सारण की अलग-अलग टुकड़ियों ने भाग लिया। इनका नेतृत्व क्रमशः रितेश राज, अमृता कुमारी, मंतव्य फगनोटा और अर्पणा सिंह ने किया। समारोह में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर एवं सेंट्रल पब्लिक स्कूल, छपरा की बैंड पार्टी तथा राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, सारण की राष्ट्रगान टीम ने भी अपनी प्रस्तुति दी। परेड के दौरान झंडा बांधने की जिम्मेदारी भी निर्धारित जवानों एवं भारत स्काउट गाइड के प्रतिनिधियों ने संभाली। स्वतंत्रता दिवस के इस भव्य आयोजन में विभिन्न टुकड़ियों की सधे कदमों वाली परेड ने समारोह की गरिमा को और बढ़ा दिया। पुलिस, सुरक्षा बल, एनसीसी और स्काउट गाइड के जवानों ने अपने अनुशासन एवं समर्पण के माध्यम से राष्ट्रसेवा की भावना को प्रदर्शित किया।

# सरकारी दफ्तरों में शान से लहराया तिरंगा अधिकारियों ने दी राष्ट्रध्वज को सलामी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सारण जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालयों में पूरे उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। अधिकारियों एवं कर्मियों ने राष्ट्रध्वज को सलामी देकर देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के साथ जनसेवा के प्रति अपने दायित्वों को निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया।

प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय परिसर में प्रमंडलीय आयुक्त एवं डीआईजी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने राष्ट्रगान के साथ देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों और अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। सारण समाहरणालय परिसर में जिला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

वहीं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने भी अपने कार्यालय परिसर में तिरंगा फहराकर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। अधिकारियों ने स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के बलिदान को स्मरण करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को और अधिक जिम्मेदारी के साथ निभाने का संकल्प लिया। इसी क्रम में उप विकास आयुक्त ने डीडीसी कार्यालय तथा सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने अपने कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। इसके अलावा जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और झंडे की सलामी ली। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी कार्यालयों में तिरंगे की शान और देशभक्ति गाना और नारों से लोगों में देश भक्ति का जज्बा दिखा।

# सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों में धूमधाम से फहराया गया तिरंगा

- स्वतंत्रता दिवस पर विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रही धूम, देशभक्ति के रंग में रंगा परसा प्रखंड व नगर

प्रात : किरण संवाददाता

परसा। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को परसा प्रखंड एवं नगर क्षेत्र में सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में हर्षोल्लास के साथ तिरंगा फहराया गया. सुबह से ही विभिन्न सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, शिक्षण संस्थानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए गए. इस दौरान राष्ट्रगान, देशभक्ति गीत और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया.स्वराज आश्रम में विधायक करिश्मा राय ने ध्वजारोहण किया.वहीं प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख सबिता देवी ने तिरंगा फहराया.थाना परिसर में थानाध्यक्ष ओमप्रकाश, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुमन कुमार तथा दरोगा राय पुस्तकालय में लालबहादुर राय ने ध्वजारोहण किया.नगर पंचायत कार्यालय में मुख्य पार्षद ऐशा खातून, बीआरसी में अकाउंटेंट कार्तिक कुमार, आदर्श मध्य विद्यालय परसा में प्राचार्य बिपिन बिहारी यादव, उत्तर माध्यमिक विद्यालय बाजितपुर में प्राचार्य विकास कुमार तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसा में प्राचार्य जय शंकर गुप्ता ने झंडोतोलन किया। डाक बंगला में जीप सदस्य बिनोद राय तथा निबंधन कार्यालय में राखी कुमारी ने तिरंगा फहराया.प्रभुनाथ कॉलेज परसा में प्राचार्य प्रो. डॉ. संजय कुमार सिंह, इंटेलस में डॉ. विश्वकर्मा शर्मा तथा सांसद कार्यालय में जितेंद्र उर्फ भूलन सिंह ने ध्वजारोहण किया.पेट्स अपहर में निदेशक प्रो. शिवानंद उपाध्याय ने झंडा फहराया.परसौना पंचायत सरकार भवन में मुखिया सरिता देवी, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल हरपुर परसा में निदेशक प्रियंका कुमारी तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय अन्याय में प्राचार्य नगीना कुमार ने ध्वजारोहण किया. सभी स्थानों पर उपस्थित लोगों ने राष्ट्रध्वज को सलामी देते हुए देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा का संकल्प लिया.स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए.बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य एवं नाटक के माध्यम से देशप्रेम की भावना को प्रदर्शित किया. बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया.कई विद्यालयों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया.समारोह के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार, अंचलाधिकारी अनुज कुमार, नगर कार्यपालक पदाधिकारी रजनीश कुमार सहित चंदन कुमार, राजकिशोर कुमार, क्रमुल्लाह, अख्तर अली समेत अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे. पूरे प्रखंड एवं नगर क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस को लेकर उत्साह और देशभक्ति का माहौल बना रहा.

# इसुआपुर के दो उच्च विद्यालयों में प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता



इसुआपुर, सारण। जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण के पत्र के आलोक में इसुआपुर प्रखंड में प्रथम सोपान प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रखंड के दो प्रशिक्षण केंद्रों–उच्च माध्यमिक विद्यालय निपनिया एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय जैतपुर में आयोजित शिविर में विभिन्न विद्यालयों के स्काउट एवं गाइड कैडेटों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान कैडेटों को स्काउटिंग के मूल सिद्धांतों के साथ अनुशासन, सेवा भावना, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, स्वावलंबन एवं प्राथमिक उपचार जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। उच्च माध्यमिक विद्यालय निपनिया को शिविर स्थल बनाया गया, जहाँ उच्च माध्यमिक विद्यालय डटरा पुरसौली एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय सहवा के स्काउट-गाइड ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। वहीं उच्च माध्यमिक विद्यालय जैतपुर में आयोजित शिविर में उच्च माध्यमिक विद्यालय शामकौड़िया एवं मध्य विद्यालय जैतपुर के स्काउट-गाइड शामिल हुए। दोनों केंद्रों पर प्रशिक्षकों द्वारा कैडेटों को व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से स्काउटिंग के विभिन्न कौशलों से परिचित कराया गया। शिविर के दौरान कैडेटों में विशेष उत्साह एवं सीखने की ललक देखने को मिली। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर कैडेटों को स्काउटिंग के आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने तथा समाज एवं राष्ट्र की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया गया। दो प्रशिक्षण केंद्रों पर आयोजित इस शिविर ने विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# दोस्तों के साथ विवाद के बाद 17 वर्षीय किशोर की चाकू से हत्या, आरोपी खुद पहुंचा थाने

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा।जिले के जनता बाजार थाना क्षेत्र में दोस्तों के बीच हुए विवाद के बाद 17 वर्षीय किशोर की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि विवाद के दौरान कुछ युवकों ने मिलकर रोहित कुमार की चाकू एवं धारदार हथियार से हत्या कर दी और शव को खेत में फेंक दिया। घटना के बाद आरोपित बताया जा रहा युवक आकाश कुमार खुद जनता बाजार थाना पहुंचा और पुलिस को वारदात की जानकारी दी।उसकी निशानदेही पर पुलिस ने खेत से किशोर का शव बरामद किया।मृतक की पहचान जनता बाजार थाना क्षेत्र के बगछिया गांव निवासी जीउत राम के 17 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। तीन-चार दोस्तों के साथ घर से निकला था रोहित परिजनों के अनुसार, रोहित बीती शाम गांव के ही तीन-चार युवकों के साथ घर से निकला था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी बीच पुलिस से उसकी हत्या की सूचना मिली। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे तो खेत में रोहित का शव पड़ा मिला। शव देखते ही वहां चीख-पुकार मच गई। खुद थाने पहुंचा आकाश, पुलिस को बताई वारदात पुलिस के अनुसार, घटना के बाद आकाश कुमार खुद जनता बाजार थाना पहुंचा और विवाद तथा मारपीट के बाद रोहित की हत्या किए जाने की जानकारी दी। उसने पुलिस को शव फेंके जाने की जगह भी बताई। इसके बाद पुलिस टीम ने उसकी निशानदेही पर खेत से शव बरामद किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। शव सड़क पर रखकर ग्रामीणों का प्रदर्शन शव गांव पहुंचने के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने उसे सड़क पर रखकर जाम कर दिया।

### अमनौर गोलीकांड में पुलिस की त्वरित कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

अमनौर। सारण पुलिस की सक्रियता से अमनौर थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में हुए गोलीकांड* मामले में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।घटना 13 अगस्त 2026 की शाम करीब 7:30 बजे की है।पुलिस को सूचना मिली कि रसूलपुर गांव में एक व्यक्ति को गोली लगी है। सूचना मिलते ही अमनौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायल की पहचान बजरंगी कुमार प्रसाद, 32 वर्ष, पिता स्व. सुरेंद्र प्रसाद शाह, ग्राम हुस्सेपुर, थाना अमनौर के रूप में हुई। परिजनों ने घायल को बेहतर इलाज के लिए पटना में भर्ती कराया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घायल ने वीडियो बयान में अपने पाटीदार अमन कुमार और यशराज कुमार का नाम लिया है। दोनों पक्षों के बीच पहले से भूमि विवाद चल रहा था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों अमन कुमार और यशराज कुमार, पिता प्रयाग कुमार, निवासी हुस्सेपुर* को गिरफ्तार कर लिया।

# 80वें स्वतंत्रता दिवस पर अमनौर में हर्षोल्लास के साथ फहराया गया तिरंगा

प्रात : किरण संवाददाता



अमनौर। देश के 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रखंड के विभिन्न संस्थानों, मुख्यालयों और विद्यालयों में तिरंगा आन-बान-शान के साथ फहराया गया। पूरे क्षेत्र में देशभक्ति के गीत, संगीत और नृत्य कार्यक्रमों से माहौल देशभक्तिमय हो गया। प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रमुख फारिदा खातून ने, थाना परिसर में थानाध्यक्ष बिमलेश कुमार ने और बीआरसी परिसर में शिक्षा पदाधिकारी बिमला देवी ने ध्वजारोहण किया। एचआर कॉलेज में प्राचार्य डॉ. अंजन आलम ने, कपूर्री विकास मंच परिसर में पत्रकार उमेश शर्मा ने झंडा फहराया। अमनौर कल्याण पैक्स कार्यालय पर राहुल कुमार सिंह ग्राम कचहरी पर सरपंच सिम्पू कुमारी, अमनौर हरनारायण पंचायत के पैक्स कार्यालय पर विजय कुमार विद्यार्थी और ग्राम कचहरी पर सरपंच निर्मला देवी ने झंडोतोलन किया।वहीं सांसद राजीव प्रताप रूडी के आवासीय परिसर में मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह ने तिरंगा फहराया। मध्य विद्यालय खोरी पाकर गोविंद में नीरज शर्मा मेधा पब्लिक स्कूल में शिक्षक आनंद कुमार राय ने ध्वजारोहण किया। कई स्कूलों और संस्थानों में देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम और नृत्य प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने वंदे मातरम और सारे जहां से अच्छा जैसे गीतों से सभी को भावविभोर कर दिया।

# कोईलवर प्रखंड क्षेत्र में धूम-धाम से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

प्रात : किरण संवाददाता



कोईलवर। भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड में शनिवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास, उत्साह एवं देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, पंचायतों एवं पुलिस थानों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रम की शुरूआत नगर पंचायत कार्यालय से हुई, जहां मुख्य पार्षद सरताज आलम ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-2) कार्यालय में एसडीपीओ रंजीत कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख मनोज सिंह ने तिरंगा फहराकर उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।पुलिस अंचल कार्यालय में अंचल निरीक्षक विजय भारती, कोईलवर थाना में थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र, प्रखंड शिक्षा कार्यालय में बीडीओ सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बीर बहादुर पाठक द्वारा ध्वजारोहण किया गया। वहीं कृषि कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बाल विकास परियोजना कार्यालय, प्रखंड सहकारिता कार्यालय, मनरेगा कार्यालय , शहीद कपिलदेव चौक, मध्य विद्यालय बालक कोईलवर तथा तारामणि भगवान साव विद्यालय में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में भी स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। खनगांव पंचायत में मुखिया शालिनी सिंह, कायमनगर में पिंकी देवी, धनडीहा में धीरेंद्र प्रताप सिंह तथा नरबीरपुर पंचायत में धनंजय चौहान ने ध्वजारोहण किया।शैक्षणिक संस्थानों में भी देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। कैम्ब्रिज नाइटिंगेल पब्लिक स्कूल, शिक्षा नगर चांदी में प्राचार्य राजीव रंजन कुमार, आरपीपीएस विद्यालय में रविकांत राय ,आईएमएस विद्या निकेतन, खनगांव में प्राचार्य धनंजय सिंह, गुरुकुल विद्यालय कुल्हड़िया में मितेश कुमार सिंह तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोदीपुर में प्रधानाध्यापक चंद्र भूषण सिंह ने तिरंगा फहराया।पुलिस महकमे में चांदी थाना में थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन, बबुरा थाना में संजय कुमार तथा गीधा थाना में थानाध्यक्ष टिंकू कुमार ने ध्वजारोहण किया। वहीं शहीद जयराम सिंह स्मृति स्थल लोदीपुर में अजय कुमार सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी स्थानों पर राष्ट्रगान, देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दिलाया।

## जगदीशपुर प्रमुख सविता कुमारी ने शान से लहराया तिरंगा प्रभारी एसडीम डीएसपी बीडीओ, सीओ रहे मौजूद

प्रात : किरण संवाददाता



जगदीशपुर प्रखंड कार्यालय सहित प्रखंड क्षेत्र में आन बान शान से फहराया गया परिसर में प्रखंड प्रमुख सविता कुमारी ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को फहराया। ध्वजारोहण के दौरान जगदीशपुर प्रभारी एसडीम सह डीसीएलआर अमरेंद्र कुमार डीएसपी पंकज कुमार मिश्रा बीडीओ,सीओ, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि चंदेश्वर सिंह उर्फ साधु यादव सहित अन्य पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्रगान गया और तिरंगे को सलामी दी। पहले वंदे मातरम गान के समापन के बाद झंडा तोलन के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रगीत प्रस्तुत की गई। बाबू वीर कुंवर सिंह कि सौर और बलिदान को याद किया गया। तथा युवाओं को उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की गई। इस दौरान बाबू वीर कुंवर सिंह अमर रहे, वंदे मातरम भारत माता की जय वीर जवान अमर रहे के नारे लगाए गए। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत हरिगांव में पंचायत भवन पर मुखिया विजय शंकर चौबे पैक्स गोदाम पैक्स अध्यक्ष पर राणा प्रताप कुशवाहा ने झंडा तोलन किया जगदीशपुर नगर पंचायत कार्यालय में भी धूमधाम से झंडा तोलन किया गया नगर पंचायत के पूर्व मुख्य पार्षद मुकेश कुमार गुड्डू ने भी अपने आवास पर झंडा तोलन किया

## संक्षिप्त खबरें

### सहार प्रखंड में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर झंडोलन

सहार। सहार प्रखड मुख्यालय पर झंडोतोलन प्रखंड प्रमुख मदन सिंह, प्रखंड कार्यालय पर बीडीओ जानर्दन तिवारी, बीआरसी परिसर पर बीडीओ जानर्दन तिवारी, बाल विकास कार्यालय पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी चंदना माधव, सहार थाना परिषर में थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर सुबोध कुमार, चौरी थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर राकेश कुमार सिंह, सहार पंचायत भवन पर मुखिया बसंत कुमार, समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में चिकित्सा प्रभारी डाक्टर मोहन कुमार,कन्या मध्य विद्यालय परिसर पर प्रधानाध्यापक मधु सिन्हा और वार्ड अध्यक्ष इमरान अली, उर्दू प्राथमिक विद्यालय पेरहाप परिसर पर हेड टीचर अंकित कुमार, जीएन पब्लिक स्कूल सहार के परिसर में डायरेक्ट सरफराज अहमद, कौरनडिहरी पंचायत भवन पर मुखिया राम सुभग सिंह, एकवारी पंचायत भवन पर मुखिया कुंती देवी,पेरहाप पंचायत समुदायिक भवन पर मुखिया महेन्द्र प्रसाद, अंधारी पंचायत भवन पर मुखिया सीमा सिंह,उर्दू कन्या प्राथमिक विः परिसर पर प्रधानाचार्य मो ताबिश सहित अन्य जगहों पर झंडोतोलन किया गया।

### महाप्रबंधक का धनबाद-रखितपुर-सिंदरी टाउन रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह द्वारा आज 16.08.2026 को धनबाद-रखितपुर-सिंदरी टाउन रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने रेल संरक्षा, सिग्नलिंग व्यवस्था, रेलवे ट्रैक, रेल पुलों आदि का मुआयना किया। महाप्रबंधक ने रेल ट्रैक के बेहतर रख-रखाव पर संतोष व्यक्त करते हुए संरक्षित रेल परिचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को हर संभव कदम उठाने का निर्देश दिए। इसके उपरांत महाप्रबंधक द्वारा न्यू सेल कोलियरी, तसरा तथा सिंदरी स्थित हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (ल्वपफ्छ) का भी निरीक्षण किया गया एवं तसरा तथा ल्वपफ्छ के अधिकारियों के साथ बैठक किया गया। निरीक्षण के अंत में महाप्रबंधक महोदय द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, धनबाद में मंडल के अधिकारियों के साथ मंडल की कार्यप्रगति एवं विभिन्न विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की । निरीक्षण के दौरान धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री अखिलेश मिश्र तथा मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन द्वारा रेलवे कॉलोनी स्कूल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह के नेतृत्व में दिनांक 15.08.2026 को रेलवे कॉलोनी, कोनहाराघाट, हाजीपुर स्थित लिटिल ऐंजल किंडरगार्टन एंड प्ले स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन का आरंभ श्रीमती सुनीता सिंह के कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण कर के किया गया । इसके उपरांत स्कूल में एक नई कक्षा तथा लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही एक नए कंप्यूटर और प्रिंटर का लोकार्पण अध्यक्षा, महिला कल्याण संगठन के हाथों किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों को उनके कार्यक्रम के फलस्वरुप उन्हें उपहार वितरित किया गया तथा स्कूल के शिक्षकगण और अन्य स्टाफ को भी उपहार प्रदान किया गया। इसके साथ ही स्वतंत्रता दिवस समारोह के शुभ अवसर पर अध्यक्षा महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर श्रीमती सुनीता सिंह द्वारा सेंट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पीटल, पटना में संगठन की तरफ से एक ऑटोमेटिक वाशिंग मशीन भेंट किया गया ।

## ज्ञानपुर में नदी में गिरने से पांचवीं के छात्र की मौत

प्रात : किरण संवाददाता



कोईलवर। गीधा थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर गांव में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में पांचवीं कक्षा के 14 वर्षीय छात्र की जान चली गई। स्वतंत्रता दिवस समारोह से घर लौटने के दौरान बिना रेलिंग वाली पुलिया से पैर फिसलने के कारण वह कुम्हरी नदी में गिर गया। गंभीर हालत में ग्रामीणों ने उसे बाहर निकालकर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के नया खवासपुर गांव निवासी मनोज बिन के 14 वर्षीय पुत्र सागर कुमार के रूप में हुई है। सागर बचपन से ही ज्ञानपुर स्थित अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रहा था और स्थानीय विद्यालय में पांचवीं कक्षा का छात्र था। परिजनों के अनुसार, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में भाग लेने के बाद सागर अपने ननिहाल लौट रहा था। इसी दौरान विद्यालय के समीप स्थित पुलिया पार करते समय उसका पैर फिसल गया और वह कुम्हरी नदी में जा गिरा। पुलिया पर सुरक्षा रेलिंग नहीं होने के कारण हादसा और गंभीर हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद सागर को नदी से बाहर निकाला। उसे तत्काल इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया।ग्रामीणों का कहना है कि कुम्हरी नदी में इन दिनों बाढ़ का पानी बढ़ा हुआ है, जिससे पुलिया के आसपास जलस्तर भी काफी ऊपर आ गया है। पुलिया पर सुरक्षा रेलिंग नहीं होने के कारण आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगों ने प्रशासन से पुलिया पर शीघ्र सुरक्षा रेलिंग लगाने की मांग की है। सागर चार भाई-बहनों में तीसरे स्थान पर था। परिवार में मां उषा देवी, भाई गोलू कुमार, हिमांशु कुमार और बहन सरिता कुमारी हैं। बेटे की असामयिक मौत से मां समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। इस घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार की हुई मौत

आरा बक्सर फोरलेन 922 शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलौटी गांव के पास उस समय अफरा तफरी मच गई।जव अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल सवार बक्सर की ओर जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। घटित घटना को लेकर सड़क पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। और उसकी पहचान की कोशिश की। घटित घटना को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा इसकी शाहपुर थाने की पुलिस को दी गई। शाहपुर थाने के पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर अपने अस्तर से जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर आगे की प्रक्रिया में लग गई। शाहपुर थाने की पुलिस कई लोगों से शव की पहचान करने की कोशिश की लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई।

## सहार सोननद पुल पर से विवाहित महिला ने लगाई छलांग



प्रात : किरण संवाददाता

सहार सोन नदी पुल पर से विवाहित महिला ने लगाई छलाग। महिला पुल से छलांग लगाने का कारण स्पस्ट नहीं। महिला अरलल जिला के किजर थाना क्षेत्र के पुरनिया गांव निवासी अजय यादव की पुत्री नीतु कुमारी बताई जा रही है। सोन नदी में छलांग लगाने से महिला ने अपना हैंड पर्स और चप्पल छोड दिया था। घटना की सूचना मिलने पर सहार अंचला अधिकारी राकेश आनंद और सहार थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर सुबोध कुमार ने पर्स को चेक किया तो उसमे कुछ रुपए आधार कार्ड और एक सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट में महिला ने लिखा है कि मैं अपने स्वेच्छा से छलांग लगा रही हु। ईसमे मेरे घर और ससुराल वाले का कोई दोष नहीं है। इघर पुलिस ने महिला के पिता को फोन से सूचना दे दिया है। पिता के आने पर अन्य मामला की जनकारी प्राप्त होंगी। वहीं सहार अंचला अधिकारी और थाना अध्यक्ष ने सहार के स्थानीय मछुआरा और मोटर बोट से महिला का शव की खोज किया जा रहा है। अंचला अधिकारी ने कहा कि एसडीआरएफ को शव खोजने के लिए सूचना दी गई है।

### स्वतंत्रता दिवस पर भरत तिवारी की मां ने घर पर फहराया तिरंगा

शाहपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शाहपुर प्रखंड के बिलौटी गांव में पुलिस एनकाउंटर में मारे गए भरत तिवारी की मां ने अपने दरवाजे पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। तिरंगा फहराने के बाद वह अपने बेटे को याद कर भावुक हो गईं और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। ध्वजारोहण के बाद भरत तिवारी की मां ने घर में रखी अपने बेटे की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। बेटे की तस्वीर के सामने कुछ देर खड़ी रहीं और उसे याद कर रोने लगीं। इस भावुक क्षण में परिवार के लोगों ने उन्हें संभाला। स्वतंत्रता दिवस के उल्लास के बीच मां के चेहरे पर बेटे की याद का दर्द साफ दिखाई दे रहा था। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तिरंगा फहराते समय भी मां ने अपने बेटे को याद किया। उन्होंने कहा कि बेटे की याद हमेशा उनके साथ रहेगी। गांव में भी इस दौरान भावुक माहौल देखने को मिला। आसपास के लोगों ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## हाजी बाबा चमन शाह वारसी की पुण्यतिथि पर उमड़ी आस्था, चादरपोशी कर मांगी अमन-चैन की दुआ

प्रात : किरण संवाददाता



बड़हरा। प्रखंड की पूर्वी गुंडी पंचायत के गुंडी गांव स्थित प्रेम कुटी दरबार वारिसगंज में रविवार को सूफी संत एवं फकीर हजरत हाजी बाबा मिस्टर चमन शाह वारसी की 17वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पंचम कोसी (झंडा बदलने) की रस्म अदा की गई। इसके बाद प्रेम कुटी दरबार से गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

श्रद्धालु सिर पर कलश और प्रसाद लेकर नगर भ्रमण करते हुए सूफी संत शामशीन बाबा के मजार पर पहुंचे। वहां श्रद्धालुओं ने चादरपोशी कर अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी। इसके बाद जुलूस वापस प्रेम कुटी दरबार पहुंचा। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था का माहौल बना रहा।

गुरु की दीक्षा लेकर अपनाया था फकीरी का मार्ग बताया जाता है कि हजरत हाजी बाबा मिस्टर चमन शाह वारसी क्षेत्र के प्रसिद्ध फकीरों में शामिल थे। उनके धर्मगुरु उत्तर प्रदेश के बाराबंकी निवासी हाजी वारिस अली शाह थे। उनके शिष्य अमेठी निवासी सिद्दीक शाह वारसी और उनके शिष्य हाजी बाबा करामत अली शाह थे। वाराणसी और फैजाबाद से जुड़ी सूफी परंपरा से प्रभावित होकर गुंडी निवासी हजरत हाजी बाबा मिस्टर चमन शाह ने गुरु की दीक्षा लेकर फकीरी का मार्ग अपनाया था। उनके पुत्र हाजी दानिश वारसी ने बताया कि उर्दू कैलेंडर के अनुसार प्रत्येक वर्ष एक-दो तारीख को बाबा की पुण्यतिथि मनाई जाती है। इस आयोजन में हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोग एक साथ शामिल होते हैं। इससे आपसी भाईचारे, प्रेम और सांप्रदायिक सौहार्द का संदेश मिलता है। रात में सजेगी कव्वाली की महफिलः पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार की रात 10 बजे से महफिल-ए-कव्वाली का आयोजन किया जाएगा।

कव्वाली की महफिल देर रात से शुरू होकर सुबह 4:13 बजे तक चलेगी। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कौसेन वारसी, खुर्शीद वारसी, सकलैन वारसी, बुटन सिंह, केदार सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### बंदूक के साथ शमशाद कुरैशी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

पीरो (आरा)। पीरो थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एकनाली बंदूक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान पीरो थाना क्षेत्र के भागलपुर गांव निवासी स्व. जहूर कुरैशी के पुत्र शमशाद कुरैशी के रूप में हुई है। पीरो थानाध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता के अनुसार, पुलिस को शमशाद कुरैशी के घर में हथियार होने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद अपर थानाध्यक्ष पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान शमशाद कुरैशी को उसके घर से एकनाली बंदूक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बरामद हथियार को जब्त कर आरोपित के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नदी में डूबने से 19 वर्षीय युवक की मौत, तीन घंटे बाद मिला शव

प्रात : किरण संवाददाता



बड़हरा। थाना क्षेत्र के नथमलपुर भागड़ में रविवार को नदी में डूबने से 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान ज्ञानपुर सेमरिया गांव निवासी शिवकुमार राम के पुत्र रौशन कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है। बताया जाता है कि रौशन कुमार दोपहर करीब एक बजे नथमलपुर भागड़ के समीप गया था। इसी दौरान वह नदी के गहरे पानी में डूब गया। नदी किनारे उसके कपड़े मिलने के बाद ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद ग्रामीणों ने नदी में उसकी खोजबीन शुरू की। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों के सहयोग से युवक का शव पानी से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना ग्रामीणों ने प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही सिन्हा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई। पुलिस द्वारा आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इधर, युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बेटे की मौत से पिता शिवकुमार राम और मां का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के करुण क्रंदन से गांव का माहौल गमगीन हो गया। जवान बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

## अम्हरूहाँ पंचायत में 80 वें स्वतंत्रता दिवस पर अजीत कुमार ने ध्वजारोहण किया



प्रात : किरण संवाददाता

सहार प्रखंड। सहार अम्हरूहाँ पंचायत में 80वें स्वतंत्रता दिवस पर भावी युवा मुखिया प्रतिनिधि अंजीत कुमार उर्फ राज वीर प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण कर ग्रामीणों को प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश दिया। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिनका सम्मान व स्वागत किया गया तथा ध्वजारोहण के बाद सभी के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।इस अवसर पर भावी मुखिया प्रतिनिधि अंजित कुमार ने अपने संदेश में कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को स्मरण करने का दिन है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

उन्होंने वहां पर कहा कि वे अपने जीवन में अनुशासन, ईमानदारी, परिश्रम और जिम्मेदारी को अपनाएँ तथा एक जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के भारत की दिशा और दशा तय करेंगे। इसलिए उन्हें शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, नैतिक मूल्यों और देशभक्ति की भावना को भी अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

## सड़क हादसे में जख्मी युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

- पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम
- बहोरनपुर गांव में बुधवार की रात की घटना

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिले के बहोरनपुर थाना क्षेत्र के बहोरनपुर बहोरनपुर गांव में बुधवार की रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना के निजी अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृतक बहोरनपुर थाना क्षेत्र के बहोरनपुर गांव निवासी सुबास चौधरी का 22 वर्षीय पुत्र अजय चौधरी है। वह पेशे से मजदूर था।

इधर, मृतक के चाचा शिव कुमार चौधरी ने बताया बुधवार की रात वह खाना खाने के बाद बाइक द्वारा गांव में घूमने निकला था। उसी दौरान बहोरनपुर गांव के समीप अचानक नीलगाय उसके बाइक के आगे आ गई। जिससे वह गंभीर रूप से ज़ख्मी हो गया था। इसके बाद वहां से गुजर राहगीरों ने इसकी सूचना उसके परिजन दी। तब सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल से पटना ले गए।

जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की देर रात उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजन उसके शव को वापस गांव ले आए और उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक अपने चार भाई व एक बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां डोमनी देवी, तीन भाई सुनील चौधरी, गोलू चौधरी,अरविंद चौधरी एवं एक बहन सोनी देवी है। घटना के बाद मृतक के घर में रोना-धोना मच गया।

## हसनपुरा में भोजपुरी पुनर्जागरण मंच की बैठक, प्रखंड समिति का गठन

प्रात : किरण संवाददाता



सीवान/हसनपुरा। भोजपुरी पुनर्जागरण मंच, सिवान के तत्वावधान में रविवार को न्यू एमिटी पब्लिक स्कूल, हसनपुरा में बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता ऋषिदेव साह ने की। बैठक में भोजपुरी भाषा, साहित्य, संस्कृति एवं सामाजिक जागरूकता को मजबूत करने तथा भोजपुरी पुनर्जागरण अभियान को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा की गई। संगठन को जमीनी स्तर पर अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए सिवान जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने कहा कि भोजपुरी भाषा के सम्मान, संरक्षण और अधिकारों के लिए मंच का जनजागरण अभियान लगातार जारी है। मंच का प्रमुख उद्देश्य भोजपुरी को संवैधानिक दर्जा दिलाना है। उन्होंने कहा कि जब तक भोजपुरी को संवैधानिक मान्यता नहीं मिल जाती, तब तक संघर्ष और जनजागरण अभियान जारी रहेगा। मुख्य मार्गदर्शक मंडल के प्रो. भृगुनाथ प्रसाद ने कहा कि भोजपुरी को संवैधानिक मान्यता दिलाने के संघर्ष में वे पूरी मजबूती के साथ मंच के साथ हैं। उन्होंने भोजपुरी भाषा, साहित्य और संस्कृति के संरक्षण के लिए सभी लोगों से एकजुट होकर आगे आने की अपील की। हसनपुरा प्रखंड समिति का गठनः बैठक के दौरान हसनपुरा प्रखंड स्तरीय समिति का गठन सर्वसम्मति से किया गया। विकास कुमार पाण्डेय को प्रखंड संरक्षक, ऋषिदेव साह को प्रखंड अध्यक्ष, रजनीश ओझा, शिव अवतार राजभर, प्रभुनाथ साह और राहुल सिंह को उपाध्यक्ष बनाया गया। वहीं अनिल यादव को प्रखंड मंत्री, वीरेंद्र चौहान को बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ तथा विपिन ओझा को प्रखंड प्रमुख मार्गदर्शक मंडल की जिम्मेदारी दी गई। मौके पर प्रो. भृगुनाथ प्रसाद, राजेश कुमार सिंह, उमेश कुमार सिंह, शेषनाथ सिंह, रविंद्र सिंह, देव प्रकाश सिंह सहित मंच के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य सदस्य मौजूद रहे। उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि नई समिति भोजपुरी भाषा, साहित्य, संस्कृति और अस्मिता के संरक्षण-संवर्धन के साथ संवैधानिक दर्जे के अभियान को प्रखंड स्तर पर और मजबूती देगी। बैठक का समापन संगठनात्मक एकजुटता और भोजपुरी भाषा के सम्मान एवं अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने के संकल्प के साथ हुआ।

## वार्ड सदस्य हत्याकांड में सात नामजद, पिता-पुत्र समेत चार गिरफ्तार

- मृतक के छोटे बेटे बाबूधन के बयान पर दर्ज की गई प्राथमिकी
- चौरी थाना क्षेत्र के भीखमपुर गांव में शुक्रवार की सुबह की घटना

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। चौरी थाना क्षेत्र के भीखमपुर गांव में शुक्रवार की सुबह वार्ड सदस्य की हत्या में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इस संबंध में मृतक वार्ड सदस्य के छोटे बेटे बाबूधन के द्वारा उसी गांव के निवासी संतोष सिंह, उसके पुत्र मनु कुमार, भाई भानु प्रताप सिंह भाटिया, प्रेम सिंह एवं उसके रिश्तेदार पिंटू सिंह सहित सात को नामजद आरोपित बनाया गया है। वही प्राथमिकी दर्ज उपरांत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संतोष सिंह, उसके बेटे मनु कुमार, भाई भानु प्रताप सिंह एवं भतीजे प्रिंस कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। इधर, दर्ज कराए गए प्राथमिकी में मृतक वार्ड सदस्य अशोक सिंह के बेटे बाबूधन द्वारा बताया गया है कि उसके चचेरे भाई कृष्णा सिंह और भानु प्रताप सिंह के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था।

जिसमें उसके पिता अशोक सिंह के द्वारा समझौता किया जा रहा था। शुक्रवार की सुबह पिंटू सिंह के द्वारा साजिश के तहत उसके घर पर आकर उसके पिता अशोक सिंह को घर से कह कर अपने साथ ले जाया गया कि दो पक्ष के लोग झगड़ा कर रहे हैं। जैसे ही उसके पिता वहां पहुंचे, तो उन लोगो के द्वारा साजिश के तहत गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई। बता दें कि शुक्रवार की सुबह चौरी थाना क्षेत्र के भीखमपुर गांव निवासी गांधी जी के पुत्र सह वार्ड सदस्य अशोक सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। वार्ड सदस्य की हत्या के बाद आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा अगिआवं मोड़ को दो घंटे तक जाम रखा गया था।

## पूर्व मध्य रेल में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिनांक 15.08.2026 को महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में ध्वजारोहण किया एवं राष्ट्रध्वज को सलामी दी तथा रेल सुरक्षा बल एवं स्काउट्स एंड गाईड के सदस्यों के परेड का निरीक्षण किया । महाप्रबंधक ने रेलकर्मियों, रेल उपयोगकताओं, मीडिया प्रतिनिधियों सहित सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दी । इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री अमरेश कुमार एवं अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। साथ ही पूर्व मध्य रेल के यूनियन/एसोशिएसन संगठन के पदाधिकारी, अधिकारी एवं रेलकर्मी भी उपस्थित थे। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती सुनीता सिंह सहित संगठन की अन्य सदस्याएं भी स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित थीं। स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने कहा कि हमनें सतत विकास एवं मुस्कान के साथ यात्रियों की सुरक्षित यात्रा की प्रतिबद्धता का निर्वहन करते हुए इस वर्ष जनवरी से जुलाई माह तक कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं । इस वर्ष 126 मीलियन टन का माल लदान किया है जिससे 15 हजार 452 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई जबकि यात्री यातायात से लगभग 3082 करोड़ रुपए प्राप्त हुए ।

# जदयू महानगर कार्यालय जिलाअध्यक्ष ने किया झंडारोहण

● आज के दिन हम सब यह संकल्प लें कि हम अपनी एकता और अखंडता को बनाये रखेंगे और देश को प्रगति,समृद्धि एवं विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचाएंगे : राजू वर्णवाल

प्रात : किरण संवाददाता



गया जी।जिलाध्यक्ष महानगर जदयू गया राजू बरनवाल ने जी. बी. रोड स्थित जदयू महानगर कार्यालय के प्रांगण में झंडोत्तोलन किए,ध्वजारोहण कर उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं है। इस दौरान राष्ट्रगान के बीच उपस्थित जनसमूह ने देशभक्ति के नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया है। इस झंडोत्तोलन में पूर्व विधायक कृष्णनंदन यादव , जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा , लालजी बाबू,,डॉ. अरविन्द सिंह एवं जदयू के सम्मानित सैंकड़ों. नेतागण और गया शहर के प्रबुद्ध लोग शामिल हुए हैं, उसके बाद झंडे को सलामी दी गयी एवं बरनवाल नें मिठाई वितरण कर हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस जदयू महानगर कार्यालय में मनाया गया है। बरनवाल ने अपने संबोधन में कहा कि देश अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में आहूति देने वाले तमाम वीर सपूतों एवं तमाम सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि उनकी शहादत और कुर्बानियां अमर है। उनके संघर्ष और कुबार्नी के कारण ही हम सभी को आजादी का यह महान तोहफा मिल पाया है। आज के दिन हम सब यह संकल्प लें कि हम अपनी एकता और अखंडता को बनाये रखेंगे और देश को प्रगति,समृद्धि एवं विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचाएंगे। सभी देशवासियों को स्वतंत्रता-दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दियें है। राष्ट्रीय ध्वज के फहराते ही उपस्थित लोगों में उत्साह और गर्व का माहौल बन गया है।

# शेरघाटी में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

प्रात : किरण संवाददाता



प्रतिनिधि, शेरघाटी। शेरघाटी अनुमंडल मुख्यालय में शनिवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, उमंग और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही शहर में तिरंगे झंडे के साथ लोगों में उत्साह देखने को मिला। विभिन्न सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार के आवास परिसर में ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद शहर के ऐतिहासिक रंगलाल हाई स्कूल मैदान में मुख्य समारोह आयोजित किया गया, जहां राष्ट्रध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी गई। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अनुमंडल कार्यालय परिसर में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप कुमार ने अपने कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में सलामी दी तथा देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। शेरघाटी व्यवहार न्यायालय परिसर में एसीजेएम वन लवकुश कुमार ने ध्वजारोहण किया। वहीं नगर परिषद कार्यालय परिसर में मुख्य पार्षद गीता देवी ने राष्ट्रध्वज फहराया। कार्यक्रम में नगर परिषद के पदाधिकारी, कर्मी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके अलावा शेरघाटी प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख ने ध्वजारोहण किया। थाना परिसर में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने तिरंगा फहराकर सलामी दी। स्वतंत्रता दिवस को लेकर शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। डीएवी पब्लिक स्कूल, गुरुकुल, जेपी मेमोरियल स्कूल, प्रोजेक्ट इंटर कन्या विद्यालय, रंगलाल इंटर स्कूल समेत अन्य सरकारी और निजी विद्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य प्रस्तुतियां दीं।

## संक्षिप्त खबरें

### एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर में 30 मरीजों का हुआ निःशुल्क इलाज

गया जी। अलीगंज में रविवार को निःशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 30 मरीजों ने पहुंचकर निःशुल्क उपचार का लाभ उठाया। शिविर में डॉ. राम नरेश प्रसाद ने मरीजों की जांच कर एक्यूप्रेशर पद्धति से बिना दवा के इलाज किया। डॉ. प्रसाद ने बताया कि एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति में शरीर के विभिन्न दबाव बिंदुओं पर उचित तरीके से दबाव देकर उपचार किया जाता है। शिविर में कमर दर्द, घुटना दर्द, कंधे का दर्द, एड़ी दर्द, गैस, सर्वाइकल, स्पॉन्डिलाइटिस सहित अन्य समस्याओं से परेशान मरीज पहुंचे। चिकित्सक ने मरीजों को उनकी समस्या के अनुसार आवश्यक एक्यूप्रेशर उपचार दिया और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों की जानकारी भी दी। शिविर में मरीजों ने निःशुल्क उपचार मिलने पर प्रसन्नता जताई।

### मेहता एस्टेट का हुआ भूमि पूजन व भव्य शुभारंभ

मानपुर । गयाजी में आधुनिक आवासीय एवं व्यावसायिक सुविधाओं को एक ही परिसर में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मगध इन्फ्राटेक की महत्वाकांक्षी परियोजना मेहता एस्टेट का 15 अगस्त को भूमि पूजन एवं भव्य शुभारंभ किया गया। मानपुर स्थित मेहता पेट्रोल पंप के समीप विकसित होने वाली इस परियोजना में आवासीय फ्लैट, आधुनिक मॉल और प्रीमियम सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। आवासीय विकल्प 20 लाख रुपये से शुरू होने की जानकारी दी गई। नियम एवं शर्तें लागू हैं। परियोजना में टावर ए, बी और सी प्रस्तावित हैं। टावर ए में जी+4 मंजिला आधुनिक मॉल, टावर बी में 1 व 2 बीएचके तथा टावर सी में 1 बीएचके फ्लैट होंगे। दो-स्तरीय बेसमेंट में 240 से अधिक वाहनों की पार्किंग, तीन हाई-स्पीड लिफ्ट, 24 घंटे बिजली-पानी, सुरक्षा, ईवी चार्जिंग प्वाइंट, जिम, जॉगिंग ट्रैक, रूफ गार्डन, स्वीमिंग पूल, मंदिर, क्रिकेट पिच व फुटबॉल कोर्ट जैसी सुविधाएं प्रस्तावित हैं। परियोजना की परिकल्पना अनुराग मेहता और गौतम अरुण के नेतृत्व में की गई है। समारोह में महंत त्रिवेणी गिरी जी महाराज, स्वामी विवेकानंद गिरी, स्वामी सत्यानंद गिरी और प्रो. उपेंद्र नाथ वर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शुभारंभ के साथ परियोजना की बुकिंग भी शुरू हुई। भूमि पूजन के बाद सैकड़ों लोग बुकिंग के लिए पहुंचे।

### जनता दल (यूनाइटेड) जिला कार्यालय में धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया 80वाँ स्वतंत्रता दिवस

गया जी। जनता दल (यूनाइटेड) जिला कार्यालय गया में स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर झंडा तोलन बड़े ही धूमधाम, देशभक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जनता दल (यूनाइटेड) के सम्मानित जिलाध्यक्ष इंजीनियर अजय कुशवाहा ने की। इस समारोह की शुरूआत जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा द्वारा झंडारोहण (ध्वजारोहण) कर राष्ट्रध्वज तिरंगे को सलामी देने के साथ हुई है। इस अवसर पर उपस्थित पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया और भारत माता के जयकारों से पूरा परिसर गूँज उठा है। ध्वजारोहण के उपरांत संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री अजय कुशवाहा जी ने जिलेवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दीं है। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा ह्लआज का यह ऐतिहासिक दिन उन अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों को नमन करने का दिन है, जिनके त्याग और बलिदान की बदौलत आज हम आजाद भारत में सांस ले रहे हैं। हमारे आदरणीय नेता और बिहार के यशस्वी पूर्व मुख्यमंत्री सह राष्ट्रीय अध्यक्ष जद(यू ङ्क) श्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में जद(यूङ्क) समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य की । देश और राज्य की तरक्की तभी संभव है जब हम एकजुट होकर बापू और जयप्रकाश नारायण, लोहिया एवं जननायक कपूरी ठाकुर जी के सपनों का भारत बनाएँ।

# आज का दिन हम सभी भारतीयों के लिए गौरव, सम्मान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक



● स्वतंत्रता दिवस हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों की त्याग, तपस्या और बलिदान की याद दिलाता है : डॉ मनीष पंकज मिश्र

प्रात : किरण संवाददाता

गया जी। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर भारतीय आज का दिन हम सभी भारतीयों के लिए गौरव, सम्मान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों के त्याग, तपस्या और बलिदान की याद दिलाता है,जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा– आज का दिन हम सभी भारतीयों के लिए गौरव, सम्मान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों की याद दिलाता है, जिन्होंने अपना सर्वस्व न्योछावर कर हमें स्वतंत्र भारत का अमूल्य उपहार दिया है। महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सरदार वल्लभभाई पटेल, डॉ. राजेंद्र प्रसाद सहित असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को देश कभी भूल नहीं सकता।आज हमारा दायित्व है कि हम स्वतंत्रता के मूल्यों की रक्षा करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता को और मजबूत करें।ओजस्वी प्रधानमंत्रीश्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास, आत्मनिर्भरता और विश्व पटल पर अपनी मजबूत पहचान की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। हमें भी अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए विकसित और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए।मैं सभी देशवासियों से आह्वान करता हूं कि हम जाति, धर्म, भाषा और क्षेत्र से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# ऊर्जा मंत्रालय का राज्यों को निर्देश- स्मार्ट मीटर अनिवार्य, जल्द बढ़ाएं रफ्तार

● स्मार्ट मीटर लगाने की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बिजली मंत्रालय का पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

गया। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने बिहार समेत देश भर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्मार्ट मीटरिंग व्यवस्था को तेजी से लागू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही मंत्रालय ने यह भी कहा है कि स्मार्ट मीटर सभी बिजली उपभोक्ताओं के लिए अनिवार्य है। मंत्रालय ने यह भी कहा है कि स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को पारदर्शी और सटीक बिलिंग के साथ बिजली की खपत पर निगरानी रखने की सुविधा मिलेगी, जबकि बिजली वितरण कंपनियों की कार्यक्षमता में भी सुधार होगा। आपको बता दें कि स्मार्ट मीटर के मामले में बिहार सबसे आगे है। यहां बिजली के कुल 2.11 करोड़ उपभोक्ता हैं, जिसमें 92 लाख बिजली उपभोक्ताओं ने अपने घरों में स्मार्ट मीटर लगवा लिया है। जिसका सीधा फायदा उन्हें मिल भी रहा है। मंत्रालय की ओर से ऊर्जा/बिजली विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों और सचिवों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि देश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम रिवैम्प डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के साथ-साथ विभिन्न राज्यों की योजनाओं के तहत चल रहा है। सरकार ने अब सभी उपभोक्ता श्रेणियों में इसकी स्थापना की गति बढ़ाने पर जोर दिया है। पत्र में 2026 का हवाला देते हुए कहा गया है कि जहां संचार नेटवर्क उपलब्ध है, वहां सभी उपभोक्ताओं को संबंधित भारतीय मानकों के अनुरूप स्मार्ट मीटर के माध्यम से बिजली आपूर्ति की जानी है। इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से निर्धारित समयसीमा का पालन करना होगा। प्रीपेड या पोस्टपेड से अलग है स्मार्ट मीटर का प्रावधान बिजली मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटर की स्थापना अनिवार्य किए जाने का संबंध उपभोक्ता के बिजली भुगतान के प्रीपेड या पोस्टपेड तरीके से नहीं है। भुगतान का तरीका केवल एक कार्यात्मक कॉन्फिग्रेशन है। यानी स्मार्ट मीटर लगाने का प्रावधान दोनों प्रकार के उपभोक्ताओं पर लागू हो सकता है। मंत्रालय के अनुसार स्मार्ट मीटर से बिजली बिलिंग में पारदर्शिता और सटीकता आएगी। उपभोक्ता अपनी बिजली खपत की निगरानी कर सकेंगे और इससे उन्हें अपनी खपत को बेहतर ढंग से नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। पीक आवर्स में खपत घटाने में मिलेगी मदद स्मार्ट मीटर के जरिए, जैसी व्यवस्था का लाभ उठाने का रास्ता भी आसान होगा। उपभोक्ता बिजली की खपत को अधिक दर वाले पीक समय से कम दर वाले समय की ओर स्थानांतरित कर सकते हैं। इससे बिजली के बिल में कमी लाने में मदद मिल सकती है। मंत्रालय ने कहा कि स्मार्ट मीटर ऊर्जा क्षेत्र में बदलाव के लिए जरूरी इको-सिस्टम तैयार करने में भी मदद करेंगे। दूसरी ओर, बिजली वितरण कंपनियों के लिए इससे ऊर्जा लेखांकन और परिचालन दक्षता में सुधार होगा। प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग को फ्लहर में समर्थन बिजली मंत्रालय ने बताया कि उपभोक्ताओं के लिए छोटी राशि में रिचार्ज करने की सुविधा और वितरण कंपनियों के लिए अग्रिम राजस्व प्राप्ति जैसे फायदों को देखते हुए फ्लहर के तहत स्मार्ट मीटर की स्थापना को प्रीपेड मोड में समर्थन दिया जा रहा है।

# गया जिला परिषद कार्यालय में शान से लहराया तिरंगा, देशभक्ति के रंग में रंगा परिसर



● बैंड-बाजा और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच हुआ झंडोत्तोलन, स्वतंत्रता दिवस पर दिखा उत्साह

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया शहर स्थित जिला परिषद कार्यालय में शनिवार को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। पूरे परिसर को देशभक्ति के माहौल में सजाया गया था। निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी, उपाध्यक्ष शीतल प्रसाद यादव एवं डीडीसी ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरूआत की है। झंडोत्तोलन के दौरान बैंड-बाजा और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। राष्ट्रीय ध्वज के फहराते ही उपस्थित लोगों में उत्साह और गर्व का माहौल बन गया। सभी ने सम्मान के साथ तिरंगे को सलामी दी और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का संकल्प लिया है। इस समारोह के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और देश की आजादी के लिए किए गए संघर्षों को याद किया गया है। वक्ताओं ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि उन वीर सपूतों को याद करने का दिन भी है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आजादी के बाद देश ने विकास के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयां हासिल की हैं और आने वाली पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि वह देश की एकता, अखंडता और प्रगति को मजबूत बनाए। जिला परिषद कार्यालय में आयोजित समारोह में मौजूद लोगों ने पूरे उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। बैंड-बाजा और ढोल-नगाड़ों के बीच हुआ झंडोत्तोलन समारोह आकर्षण का केंद्र रहा। तिरंगे की शान में पूरा परिसर देशभक्ति के नारों और उत्साह से गूंज उठा। समारोह ने उपस्थित लोगों में राष्ट्रप्रेम और देश के प्रति समर्पण की भावना को और मजबूत किया है।

# अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में झंडोत्तोलन कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता




गया जी। 80 वाँ स्वतंत्रता दिवस के मौके पर गया शहर के चर्चित हड्डी हॉस्पिटल सह अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में झंडोत्तोलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।इस मौके पर हॉस्पिटल के संस्थापक सह चर्चित हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ नवनीत निश्चल ने झंडोत्तोलन किया गया। इस मौके पर अर्श सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के इस मौके पर अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ नवनीत निचश्चल ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि मानव की सेवा करना ही सबसे बड़ी धर्म है और हम सब अपने कर्तव्य को पूरी ईमानदारी के साथ इसका निर्वहन करेंगे, वंही उन्होंने कहा कि मगध के तमाम लोगों से अपील करते है कि हमारे हॉस्पिटल के द्वारा चलाये जा रहा हेल्थकेयर का लाभ ले और अपने तथा अपने परिवार की हेल्थ की सुरक्षा करें। वही डॉक्टर नवनीत निश्चल ने कहा कि मगध के लोगों के लिए सौगात के रूप में अर्श सुपर हॉस्पिटल के द्वारा मेडिकल कॉलेज की भी स्थापना की जा रही है जिससे मगध के लोग लाभान्वित होंगे। वही इस मौके पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ क्रान्ति किशोर,डॉ नीरज लाल यादव ,डॉ अभिजीत कुमार,रमेश कुमार,रजनीश कुमार मंटू ,अमर पांडेय,मनोज कुमार,अमित कुमार,के अलावे सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस पर आकांक्षा संस्थान में इनर व्हील क्लब ऑफ गया ने किया झंडोत्सव

प्रात : किरण संवाददाता



गया।स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर इनर व्हील क्लब ऑफ गया द्वारा दोमुहान, बोधगया स्थित मानसिक एवं दृष्टिबाधित बच्चों के संस्थान आकांक्षा में झंडोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्षा आभा सिंह, वाइस प्रेसिडेंट डॉ. मंजू सिन्हा, सचिव राखी भदानी, पीडीसी रितु डालमिया, पीडीसी किरण प्रकाश, पीपी सुप्रा गुप्ता, पीपी सीमा भदानी,पीपी उषा राज , नम्रता केशरी, पीपी विम्मी लोहानी और अनामिका सिन्हा सहित क्लब की अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। क्लब की ओर से संस्थान के लिए सहायता राशि भी प्रदान की गई है।क्लब की सदस्यों ने संस्थान के बच्चों के साथ आत्मीयता से समय बिताया। बच्चों के साथ बातचीत, हंसी-मजाक और खुशियां साझा करते हुए सभी ने स्वतंत्रता दिवस को उत्साह और उमंग के साथ मनाया। बच्चों के साथ बिताया गया यह समय सभी सदस्यों के लिए बेहद सुखद और यादगार रहा है। इनर व्हील क्लब ऑफ गया समाज के जरूरतमंद और विशेष बच्चों के साथ खड़े होकर सेवा एवं सहयोग के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। खबर क्लब की एडिटर डॉली सिंह द्वारा दी गई।

# माहुरी वैश्य मंडल भवन में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस, बच्चों की देशभक्ति प्रस्तुतियों ने मोहा मन

गया। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर माहुरी वैश्य मंडल भवन, गुरुद्वारा रोड में देशभक्ति एवं उत्साह से ओत-प्रोत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन माहुरी वैश्य मंडल, सहयोगी नवयुवक समिति एवं महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। समारोह में माहुरी वैश्य मंडल के सचिव अमित कुमार पिंटू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित समाज के गणमान्य लोगों एवं सदस्यों ने राष्ट्रगान के साथ देश की एकता, अखंडता एवं समृद्धि का संकल्प लिया है। इस समारोह का विशेष आकर्षण स्वजातीय परिवारों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई देशभक्ति एवं स्वतंत्रता संग्राम पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां रहीं। बच्चों ने महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई एवं भारत माता समेत स्वतंत्रता आंदोलन के महान नायकों और राष्ट्रभक्ति के विभिन्न स्वरूपों को मंच पर जीवंत किया है। बच्चों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया और पूरे परिसर में देशभक्ति का माहौल बना दिया है। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य सदस्य, वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा एवं स्वजातीय परिवारों के लोग उपस्थित रहे हैं। उपस्थित समाजजनों ने बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया है। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल के सचिव अमित कुमार पिंटू ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करना हमारा नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि समाज की नई पीढ़ी को देश के गौरवशाली इतिहास, संस्कारों और राष्ट्रप्रेम से जोड़ना आज के समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इस समारोह के समापन अवसर पर माहुरी वैश्य मंडल के अध्यक्ष संजीव कुमार संजय ने उपस्थित सभी समाजजनों, बच्चों, महिला समिति एवं नवयुवक समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ-साथ बच्चों में देशभक्ति, संस्कार और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन करते हुए सभी से राष्ट्रहित, समाजहित एवं सामाजिक एकता के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में एकता, सामाजिक समरसता, संस्कार और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया।

# गया कॉलेज, गया में 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया कॉलेज, गया में देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह स्मारक पार्क में भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक रूप से ह्लवंदे मातरम्ह्व के गायन से हुआ है। इसके पश्चात गया कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र ने राष्ट्रध्वज फहराया है सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाया है।ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) के स्वयंसेवकों एवं एन सी सी कैडेट्स द्वारा अनुशासित एवं आकर्षक परेड प्रस्तुत की गई तथा राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई है। एन सी सी कैडेट्स की शानदार परेड ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया है। एन सी सी के एन ए ओ डॉ. संजय तिवारी एवं डॉ. प्रियंका राय ने कैडेट्स का नेतृत्व किया है। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र ने सभी शिक्षको, शिक्षकेतर कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं, मीडिया प्रतिनिधियों एवं उपस्थित अतिथियों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, बलिदान और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करने तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति अपने दायित्वों को दोहराने का अवसर है। उन्होंने शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, राम प्रसाद बिस्मिल, लाला लाजपत राय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी सहित सभी अमर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया है। प्राचार्य ने कहा कि ह्लवंदे मातरम्ह्व के 150वें वर्ष के अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गया कॉलेज ने भी इस राष्ट्रीय अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई है। उन्होंने बताया कि गया कॉलेज में विकसित भारत युवा कनेक्ट कार्यक्रम-2026 का सफल आयोजन किया गया है, जिसमें प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 2 अगस्त को गया कॉलेज के विद्यार्थियों के साथ लाइव संवाद किया है। उन्होंने कहा कि गया कॉलेज अपने गौरवशाली इतिहास और समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाते हुए निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्राचार्य ने सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों से आह्वान किया कि वे आपसी समन्वय, एकजुटता और सकारात्मक सोच के साथ गया कॉलेज के विकास एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए कार्य करें। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने तथा अपने महाविद्यालय, राज्य और देश का नाम ऊंचा करने के लिए प्रेरित किया है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की यात्रा में सभी से सक्रिय सहभागिता एवं सहयोग की अपील की है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में एन एस एस स्वयंसेवकों द्वारा प्रभात फेरी के दौरान ह्लहर घर तिरंगा सम्मान यात्राह्व भी निकाली गई जिसमे राष्ट्रीय सेवा योजना के कोऑर्डिनेटर डॉ पिंटू कुमार ने उपस्थित होकर शिक्षकों का हौसलावर्धन किया है। तिरंगा यात्रा गया कॉलेज के गेट संख्या-1 से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों से गुजरते हुए गया कॉलेज के प्रशासनिक भवन परिसर में समाप्त हुई है। यात्रा में बड़ी संख्या में एन एस एस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्रभक्ति एवं देशप्रेम का संदेश दिया है। इस कार्यक्रम का सफल संचालन बी एड . विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज ने किया है।

# ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी गया स्थित शांति निकेतन एकेडमी के शाखा परिसर में 80वां स्वतंत्रता मनाया गया



गया जी। ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी गया स्थित शांति निकेतन एकेडमी के कटारी हिल रोड शाखा परिसर में 80वां स्वतंत्रता दिवस अत्यंत भव्यता, अपार उत्साह और राष्ट्रीय गौरव के साथ धूमधाम से आयोजित किया गया, जिसमें शांति निकेतन एकेडमी की सभी शाखाओं के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है।इस कार्यक्रम की गरिमामयी औपचारिक शुरूआत शांति निकेतन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के माननीय अध्यक्ष हरि प्रपन्न द्वारा ससम्मान राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई, जिसके उपरांत संपूर्ण परिसर राष्ट्रगान की गूंज से देशभक्ति के रंग में रंग गया है। अपने प्रेरणादायक अध्यक्षीय संबोधन में हरि प्रपन्ना ने संस्था की गौरवशाली यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि विद्यालय द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाए जाने का यह 22वां सफल वर्ष है। उन्होंने संस्थान की मूल शैक्षणिक अवधारणा पर बल देते हुए कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ह्ललर्निंग बाय प्लेइंग, लर्निंग बाय डूइंग एंड लर्निंग बाय पेट्रियोटिज्मह्व के मूल सिद्धांत पर प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता है। ध्वजारोहण के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक श्रृंखला का शुभारंभ गार्गी (कक्षा 9) द्वारा प्रस्तुत आध्यात्मिक गणेश वंदना एवं सान्वी, समर्थ व उनके समूह द्वारा दी गई संगीतमय प्रस्तुति ओम शांति ओम के साथ हुआ है। तत्पश्चात, नन्हे विद्यार्थियों की देशभक्ति से ओत-प्रोत वक्तृत्व कला का प्रदर्शन देखने को मिला, जिसमें आर्या सिंह कक्षा 3 ने अंग्रेजी तथा जेफन ने हिंदी में प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया है। रंगारंग नृत्यों की कड़ी में कक्षा 1 के बच्चों ने फिर भी दिल है हिंदुस्तानी, प्लेग्रुप एवं नर्सरी के नन्हे-मुन्नों ने छोटा बच्चा समझ के, तथा जूनियर व सीनियर केजी के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने ऊजार्वान जलवा नृत्य प्रस्तुत कर समां बांध दिया। प्राथमिक एवं माध्यमिक वर्ग के छात्रों ने मैं निकला गड्डी लेकर (कक्षा 1 व 2), इंडिया वाले (कक्षा 3 व 5), मनवा लागे (कक्षा 9) और बिनिश एवं उनकी टीम (कक्षा 10) द्वारा प्रस्तुत गरबा नृत्य छोगाड़ा तारा से दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया है। सांस्कृतिक धरोहर की विविधता को दशार्ते हुए एपी कॉलोनी शाखा की अदिति, सान्वी व छात्राओं (कक्षा 1 व 2) ने पारंपरिक घूमर नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं कक्षा 2, 3 और 5 के विद्यार्थियों ने विविधता में एकता विषय ।

# बुद्धा स्कूल ऑफ लर्निंग में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

प्रात : किरण संवाददाता



गया। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर बुद्धा स्कूल ऑफ लर्निंग में 15 अगस्त को राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय की सचिव श्रीमती रेखा सिंह ने ध्वजारोहण किया है। इस अवसर पर सचिव श्रीमती रेखा सिंह ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक याद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि आज हम जिस स्वतंत्र और लोकतांत्रिक भारत में रह रहे हैं, वह हमारे वीर सपूतों के त्याग, संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने कहा कि देश के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण आज के विद्यार्थियों के हाथों में है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार, राष्ट्रप्रेम और जिम्मेदारी की भावना भी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक है। बुद्धा स्कूल ऑफ लर्निंग विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर प्रैक्टिकल एवं गतिविधि-आधारित शिक्षा पर विशेष जोर देता है, ताकि विद्यार्थी विषयों को व्यवहारिक रूप से समझ सकें और भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, देशभक्ति गीतों एवं नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया और पूरे परिसर में राष्ट्रप्रेम एवं उत्साह का माहौल बना रहा है। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं कल्पना मैम, पूजा मैम, रुखसार, निशा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह का समापन राष्ट्र के प्रति समर्पण और देशभक्ति की भावना के साथ हुआ है।

# हर बस्ती में लहराया तिरंगा, मनोज कुमार ने पेश की एकता की मिसाल

प्रात : किरण संवाददाता



गया जी। मानपुर वार्ड संख्या 51 क्षेत्र मे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मानपुर निवासी गया नगर निगम के वार्ड 51 पार्षद, सशक्त स्थायी समिति सदस्य सह भाजपा नेता मनोज कुमार ने विभिन्न टोले-मोहल्लों में झंडोत्तोलन कर देशभक्ति और सामाजिक एकता का संदेश दिया है। उन्होंने कुमीटोला, सुढ़ीटोला रोड नंबर 2, सुढ़ीटोला धर्मशाला, तेलीटोला दुर्गा स्थान, तेलीटोला एकता भवन गली, सुढ़ीटोला भुईं टोली महादलित टोला तथा सरभरा नगर महादलित टोला में तिरंगा फहराया है। झंडोत्तोलन कार्यक्रम में विभिन्न समाजों के महिला-पुरुषों के साथ बच्चों और बुजुर्गों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया है। तिरंगा लहराते ही पूरे इलाके में देशभक्ति का माहौल बन गया। अलग-अलग वर्गों के लोगों का एक साथ राष्ट्रीय पर्व मनाना आकर्षण का केंद्र रहा। इस मौके पर मनोज कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को मजबूत करने का अवसर है। तिरंगा सभी देशवासियों को एक सूत्र में बांधता है। समाज के हर वर्ग को साथ लेकर राष्ट्रीय पर्व मनाने और देश की प्रगति में योगदान देने की जरूरत है।

# सदर अस्पताल, मोतिहारी में महिलाओं के अधिकार एवं विधिक संरक्षण को लेकर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के तत्वाधान में आज सदर अस्पताल, मोतिहारी में महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा एवं विधिक संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनों को लेकर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के सचिव नितिन त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों को विभिन्न महिला-केंद्रित कानूनों एवं उनके अंतर्गत उपलब्ध विधिक संरक्षण के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान सचिव नितिन त्रिपाठी ने पूर्व-गभार्धान और प्रसव-पूर्व निदान तकनीक अधिनियम, दहेज




निषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम सहित महिलाओं से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान, समानता, गरिमा और सुरक्षा की रक्षा केवल कानून की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने महिलाओं को अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, हिंसा, दहेज मांग या अधिकारों के उल्लंघन की स्थिति में उचित कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। सचिव ने मुफ्त विधिक सहायता की व्यवस्था के बारे में भी जानकारी देते हुए बताया कि आर्थिक अथवा सामाजिक रूप से कमजोर व्यक्ति, विशेषकर महिलाएं और अन्य पात्र वर्ग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से विधिक जागरूकता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्त भारत अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से छात्रों एवं स्वास्थ्य प्रोफेशनल्स द्वारा प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। सचिव श्री नितिन त्रिपाठी की उपस्थिति में बड़ी संख्या में मौजूद लोगों के बीच प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणाम, युवाओं एवं परिवारों पर इसके नकारात्मक प्रभाव तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों ने नुक्कड़ नाटक की सराहना की तथा नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित हुए। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता दक्ष, पैरा लीगल वालंटियर (ढछ) रमन मिश्रा तथा सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. मुकेश कुमार सहित अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मी, छात्र एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विधिक जागरूकता के साथ-साथ महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा, समानता एवं अधिकारों की रक्षा तथा युवाओं को नशे की बुराई से दूर रखते हुए एक सुरक्षित, जागरूक और नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश देना रहा।

# आज स्वतंत्रता पूर्वक अपने अधिकारों व तरक्की का उपयोग देश पर बलिदानी सेनानियों और वीर जवानों के त्याग एवं बलिदान का ही परिणामः गरिमा

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। नगर निगम कार्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जहां महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने ध्वजारोहण के बाद उप महापौर, नगर आयुक्त, नगर पार्षद गणमान्य नागरिक के साथ समारोह में उपस्थित नगरवासियों और कर्मियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने देश की आजादी के लिए प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों एवं वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आज हम जिस स्वतंत्र वातावरण में सांस ले रहे हैं और अपने अधिकारों का उपयोग कर रहे हैं, वह हमारे स्वतंत्रता सेनानियों



और जवानों के त्याग एवं बलिदान का ही परिणाम है। नगर निगम के विकास और भावी योजनाओं पर जोर देते हुए महापौर ने कहा कि हमारे देश की सबसे बड़ी ताकत इसकी विविधता में एकता है, जहां विभिन्न धर्मों, संस्कृतियों और विचारों के लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। इसी तर्ज पर नगर निगम परिवार भी विविधतापूर्ण विचारों से समृद्ध है, लेकिन जब शहर के विकास और जनहित की बात आए, तो सभी को एकजुट और एकमत होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों से अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया। महापौर ने कहा कि एकजुटता से ही बेतिया नगर निगम को एक आदर्श और सुंदर शहर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में जय हिंद और जय भारत के नारों के साथ समारोह का समापन हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### बाघ के हमले में 17 दिनों में तीन मौतें, गांवों में बढ़ा डर

बगहा। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व (वीटीआर) से सटे गांवों में बाघों की बढ़ती गतिविधियों ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले 17 दिनों में बाघ के हमले में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। लगातार हो रही घटनाओं के कारण खेती करने, मवेशियों के लिए चारा लाने और पशुओं को चराने जैसे रोजमर्रा के काम भी ग्रामीणों के लिए जोखिम भरे हो गए हैं। बतादें, शनिवार की सुबह वाल्मीकिनगर रेंज के भेड़िहारी गांव निवासी 40 वर्षीय किसान विजय हालदार मवेशियों के लिए चारा लाने गए थे। इसी दौरान बाघ ने उन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में आक्रोश फैल गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग के फारेस्टर और थाना पुलिस के साथ भी दुर्व्यवहार किया। ग्रामीणों ने भेड़िहारी चौक पर शव रखकर बगहा-वाल्मीकिनगर मुख्य पथ को करीब तीन घंटे तक जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना पर एसडीएम चांदनी कुमारी, एसडीपीओ निहार भूषण, वन विभाग के एसीएफ शशि भूषण चौहान और रेंजर मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों और मृतक के स्वजन से वार्ता कर उनकी मांगों को सुना। इसके बाद जाम समाप्त कराया गया। मृतक के स्वजन ने 10 दिनों के अंदर मुआवजा देने, परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने, हमलावर बाघ की ट्रैकिंग कर उसे पकड़ने तथा ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए सोलर फेंसिंग लगाने की मांग की। अधिकारियों की ओर से मांगों पर सहमति जताए जाने के बाद ग्रामीणों ने सड़क से जाम हटा लिया। पहले भी दो लोगों की हो चुकी है मौत इससे पहले 31 जुलाई को मदनपुर वन क्षेत्र के नौरंगिया मिश्रौलिया रेता में 45 वर्षीय उमरावती देवी पर बाघ ने हमला

### बाघ के हमले के बाद वन विभाग अलर्ट, गांव-गांव माइकिंग कर लोगों को किया जा रहा जागरूक

बगहा। बाघ के हमले में ग्रामीण की मौत के बाद वन विभाग ने इलाके में सतर्कता बढ़ा दी है। ग्रामीणों को बाघ के संभावित खतरे से बचाने के लिए गांव-गांव माइकिंग कर जंगल और जंगल के आसपास नहीं जाने की अपील की जा रही है। वन विभाग की टीम लोगों को विशेष रूप से अकेले जंगल की ओर नहीं जाने और सतर्क रहने की सलाह दे रही है। वन कर्मियों की टीम ने बाघ के पगमार्क के आधार पर उसके संभावित मूवमेंट वाले क्षेत्र को चिन्हित किया है। इसी आधार पर बाघ को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया है। वन विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में निगरानी कर रही है और बाघ की गतिविधियों तथा उसके मूवमेंट को ट्रेस करने में जुटी हुई है। वन कर्मियों द्वारा जंगल, झाड़ियों और गन्ने के खेतों के आसपास विशेष निगरानी की जा रही है। बाघ के आने-जाने वाले संभावित रास्तों पर लगातार गश्त की जा रही है। साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी वन विभाग की टीम नजर बनाए हुए है। बाघ की गतिविधि की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों से तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील की गई है। रेंजर सत्यम कुमार ने बताया कि बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वन कर्मियों की टीम को लगाया गया है। पगमार्क के आधार पर बाघ के मूवमेंट वाले क्षेत्र में पिंजरा लगाया गया है। गांव-गांव माइकिंग कर लोगों को जंगल और जंगल के आसपास नहीं जाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाघ की निगरानी और ट्रेसिंग के लिए वीटीआर के पालतू हाथियों का भी सहयोग लिया जा रहा है।

# बलथर में मुखिया संघ के अध्यक्ष सुनील सिंह पुरैना ने मुखिया अबरे पंचायत तथा तुमकड़िया में शौकत अली ने किया झंडोतोलन





प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पश्चिम चंपारण जिले के विभिन्न पंचायत भवनों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। सिकटा प्रखंड के बलथर पंचायत भवन में मुखिया संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार उर्फ पप्पू सिंह ने झंडोतोलन किया। वहीं पुरैना पंचायत भवन में मुखिया संघ के उपाध्यक्ष अबरे आलम ने तिरंगा फहराया।इधर बैरिया प्रखंड के तुमकड़िया पंचायत भवन में मुखिया शौकत अली ने झंडोतोलन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं स्थानीय लोगों ने राष्ट्रगान के साथ देश की एकता और अखंडता का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए सभी लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। पंचायत भवनों में आयोजित कार्यक्रमों में ग्रामीणों की भी उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।तुमकडिया पंचायत में प्रहलाद चौधरी,पवन कुमार कुमनाथ चौघरी,घुरेन्द्र चौधरी,राधव चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# जिला जज ने किया ध्वजारोहण, पौधरोपण और बच्चों को दिया पुरस्कार

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बेतिया स्थित पर्यवेक्षण गृह में बड़े ही उत्साह के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। इस दौरान जिला न्यायालय के न्यायाधीश, अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण से हुई। मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिव गोपाल मिश्रा जी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी और देश के वीर शहीदों को याद किया। ध्वजारोहण के बाद पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए परिसर में पौधरोपण किया गया। माननीय जिला जज और अन्य न्यायाधीशों ने मिलकर फलदार और छायादार पौधे लगाए। इसके बाद जिला जज ने पर्यवेक्षण गृह के बच्चों से बात की और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि पुरानी बातों को भूलकर सही रास्ते पर चलना ही अच्छे भविष्य की शुरूआत है। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स और कलाकृतियों को देखा और उनकी बहुत सराहना की। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं में जीतने वाले बच्चों को जिला जज ने पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया। समारोह में जिला न्यायालय के कई प्रमुख न्यायाधीश उपस्थित रहे।

# बगहा अनुमंडल समेत सीमावर्ती क्षेत्रों में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बगहा अनुमंडल समेत इंडो-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, पुलिस एवं सुरक्षा बलों के परिसरों तथा प्रमुख स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। बगहा अनुमंडल का मुख्य समारोह अनुमंडलीय मैदान में आयोजित हुआ। यहां सुबह नौ बजे अनुमंडल पदाधिकारी चांदनी कुमारी ने ध्वजारोहण किया। बगहा व्यवहार न्यायालय परिसर में एडीजे मनीष द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया। वहीं एसएसबी 21वीं वाहिनी परिसर में कमांडेंट तपेश्वर संबित राउत और संबंधित परिसर में कमांडेंट नंदन सिंह मेहरा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद अनुमंडल कार्यालय परिसर में एसडीएम चांदनी कुमारी ने ध्वजारोहण किया। एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ निहार भूषण ने तिरंगा फहराया। होमगार्ड कमांडेंट कार्यालय में जिला समादेष्टा ने ध्वजारोहण किया। विमल बाबू मैदान में एसपी राजेश कुमार ने तिरंगा फहराया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी एसपी राजेश कुमार ने ध्वजारोहण किया। वहीं पुलिस केंद्र बगहा में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। इंडो-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में भी रही स्वतंत्रता दिवस की धूम इंडो-नेपाल सीमा से सटे वाल्मीकिनगर और आसपास के क्षेत्रों में भी स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। जल संसाधन विभाग की विभिन्न इकाइयों, महर्षि वाल्मीकि महाविद्यालय, वन विभाग कार्यालय, जंगल कैंप, एसएसबी गंडक बराज पोस्ट।

# बगहा में निकली भव्य साइकिल तिरंगा रैली, देशभक्ति के नारों से गूंजा शहर

बगहा। 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत एसएसबी 21वीं वाहिनी की ओर से रविवार को बगहा में भव्य साइकिल तिरंगा रैली निकाली गई। रैली नगर थाना परिसर से शुरू होकर एनएच-727 के रास्ते एसएसबी 21वीं वाहिनी कैंप पहुंची। रैली की अध्यक्षता एसएसबी 21वीं वाहिनी के कमांडेंट तापेश्वर राउत ने की। रैली में एसडीएम चांदनी कुमारी, एसपी राजेश कुमार, एसडीपीओ निहार भूषण, नगर थानाध्यक्ष शैलेश कुमार, पूर्व एमएलसी भीष्म सहनी समेत एसएसबी के जवान और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। जवानों और अधिकारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगाए। इससे रैली के गुजरने वाले मार्ग पर देशभक्ति का माहौल बन गया। एसपी राजेश कुमार ने कहा कि साइकिल तिरंगा रैली का उद्देश्य लोगों के बीच शांति, सद्भाव और भाईचारे का संदेश पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि बगहा में अमन-चैन और शांति बनाए रखना सभी की प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा कायम रखने और देश की तरक्की में योगदान देने की अपील की। एसएसबी 21वीं वाहिनी के कमांडेंट तापेश्वर राउत ने ह्वहर घर तिरंगाह्न अभियान में लोगों की भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों से अभियान से जुड़ने और अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील की।

# 80वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्षेत्र के सभी जगहों पर शान से तिरंगा लहराया



सुगौली में स्वतंत्रता दिवस शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 80वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्षेत्र के सभी जगहों पर शान से तिरंगा लहराया। सुगौली के सभी सरकारी कार्यालय, सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों, पार्टी कार्यालय में झंडोत्तोलन किया गया। सभी जगहों पर स्वतंत्रता दिवस की धूम मची रही। राष्ट्रीय गान से क्षेत्र गुलजार रहा। वंदे मातरम-जण गण के उद्घोष से माहौल गुंजायमान रहा। पूरे सुगौली में स्वतंत्रता दिवस की धूम रही है, जहां लोग इसके जश्न में नजर आए। खासकर छोटे छोटे बच्चों में खासे उत्साह देखा गया। सुगौली प्रजापति आश्रम पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष श्रीकिशोर पाण्डेय, थाना में थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में इंस्पेक्टर मुन्ना कुमार, नगर पंचायत कार्यालय परिसर में मुख्य पार्षद नासरीन अली, नगर स्थित अपने आवास पर सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सर्राफ, जनजागरण मंच कार्यालय में मधुरेन कुमार, जदयू नेता के आवास पर मो अलीहसन, रेडिएंट पब्लिक स्कुल में नवीन कुमार, नंद उच्च विद्यालय में प्रधानाध्यापक शंभू मिश्रा, पंडित दीनदयाल बालिका उच्च विद्यालय में मो.शमिमुल हक, मध्य विद्यालय भटहां में अभय गुप्ता, मध्य विद्यालय छपरा बहास में भोला प्रसाद, दक्षिणी सुगांव पंचायत में मुखिया प्रभाकर कुमार मिश्र, फुलवरिया में मुखिया अवधेश कुमार कुशवाहा, चर्च में डा प्रमोद स्टीफन, दृष्टि गुरुकुल में उदय प्रकाश श्रीवास्तव आदि लोगों ने ध्वाजारोहण किया।

# विवादित सुस्ता में 40 घर पानी में डूबे प्रभावित क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे सीडीओ

बगहा। भारत-नेपाल सीमा के विवादित सुस्ता क्षेत्र में गंडक नदी के पानी मे करीब 40 घर पानी में डूब गए हैं। नारायणी नदी के बाढ़ से सीमावर्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कई परिवारों के घरों में पानी प्रवेश करने के बाद सुरक्षित स्थानों पर जाने की स्थिति बनी हुई है। स्थिति की जानकारी मिलने के बाद नवलपरासी पश्चिम के मुख्य जिला अधिकारी (सीडीओ) प्रभावित क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। उन्होंने सुस्ता क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया और स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। अधिकारियों को प्रभावित परिवारों तक आवश्यक राहत और सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए गए। स्थानीय लोगों के अनुसार नदी का पानी सुस्ता के निचले इलाकों में तेजी से फैल रहा है। करीब 40 घरों के डूबने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घरों में पानी घुसने के कारण घरेलू सामान और खाद्यान्न को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में भी लोगों को परेशानी हो रही है। बतादें, सुस्ता भारत-नेपाल सीमा का संवेदनशील और लंबे समय से विवादित क्षेत्र रहा है। नदी की धारा में बदलाव और कटाव के कारण यहां समय-समय पर सीमा और जमीन से जुड़े विवाद सामने आते रहे हैं। वर्तमान में बाढ़ की स्थिति ने क्षेत्र के लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है।

# जिला प्रशासन मोतिहारी ने मीडिया एकादश को हराकर जीता मैत्री क्रिकेट मैच

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर जिला प्रशासन पूर्वी चंपारण, मोतिहारी बनाम मीडिया एकादश के बीच एक भव्य मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त (डीडीसी) पूर्वी चंपारण की कप्तानी और देख-रेख में उतरी जिला प्रशासन की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मीडिया एकादश पर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जिला प्रशासन की टीम ने कप्तान (डीडीसी) के कुशल मार्गदर्शन में निर्धारित 12 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 162 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से राजन गिरी (जिला शिक्षा पदाधिकारी) ने भी जिम्मेदाराना बल्लेबाजी करते हुए एक बेहतरीन और उपयोगी पारी खेली। जवाब में 163 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मीडिया एकादश की टीम 4 विकेट खोकर 125 रन ही बना सकी। मैच के मुख्य आकर्षण व पुरस्कार मैन ऑफ द मैच व बेस्ट बैट्समैनः इशांत कुमार (सहायक प्रबंधक, एसबीआई) – 78 रनों की तूफानी पारी और 1 विकेट लिये।

बेस्ट बॉलरः रिंकू कुमार – 3 ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट।

इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द मैचः हिमांशु कुमार – 45 रनों का महत्वपूर्ण योगदान।

विशेष योगदानः उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार और राजन गिरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन।

मैच स्कोररः पवन कुमार एवं दीपांशु कुमार। मैच के समापन पर दोनों टीमों के अधिकारियों ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल देकर एडीएम स्त्र१ङ्क शैलेंद्र कुमार भारती ने पुरस्कृत किया। इस आयोजन ने जिला प्रशासन और मीडिया के बीच सौहार्द और समन्वय की भावना को और मजबूत किया।

# हरसिद्धि में शान से लहराया तिरंगा

प्रात : किरण संवाददाता

हरसिद्धि –देश के 80 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को पूरे क्षेत्र में धूमधाम से तिरंगा झंडा फहराते हुए देखा गया।प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख चंदा कुमारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और राष्ट्रगान कर सभी ने तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय प्रकाश राय, अंचलाधिकारी अरविंद कुमार, हरसिद्धि थानाध्यक्ष सुनील कुमार सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे। प्रखंड के सरकारी, गैर-सरकारी व शैक्षणिक संस्थानों में जगह-जगह ध्वजारोहण किये गए। पशु चिकित्सा केंद्र में डॉ. अभिषेक कुमार, स्वास्थ्य विभाग परिसर में प्रभारी चिकित्सा



पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार ने तिरंगा फहराया। एमआर इंटर कॉलेज और एमआर डिग्री कॉलेज में क्रमशः पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद कुशवाहा व इंजीनियर राकेश गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। सोनालाल पन्नालाल हाई स्कूल में प्रधानाचार्य आलोक कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। हरसिद्धि थाना परिसर श्रद्धा व जोश का केन्द्र बना रहा; थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने यहां ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। सैकड़ों नागरिक, युवाओं व जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर पुलिस जवानों द्वारा दिए गए गार्ड ऑफ ऑनर का समारोह देखा। चंपारण रिजॉर्ट्स एंड बैंक्वेट हॉल में भी इंजीनियर राकेश गुप्ता ने ध्वजा फहराया। कार्यक्रमों में पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद कुशवाहा, भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, रवि विश्वकर्मा, प्रमुख पति संतोष पासवान सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे प्रखंड में दिनभर देशभक्ति का माहौल बना रहा और जनसमूह ने भारत माता की जय के नारों के साथ देश की एकता व अखंडता के प्रति संकल्प लिया गया।

# स्वतंत्रता दिवस पर महादलित टोला और थारू बस्ती में शान से लहराया तिरंगा

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। 80वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर वाल्मीकि नगर पंचायत के महादलित टोला कास्ट भंडार में बुजुर्ग महिला दुखन देवी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी और देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विकास मित्र सरिता कुमारी, टोला सेवक लोकनाथ राम, जयप्रकाश, पूनम कुमारी, राजेश कुमार, बुजेश कुमार, संतोष कुमार सहित महादलित टोला के अन्य सदस्य मौजूद रहे। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित लोगों ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। वहीं, भारतीय वन्यजीव संस्थान की राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत संचालित जलज परियोजना के अंतर्गत सतपुर सोहरिया पंचायत के भेड़िहारी थारू टोला गांव में भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां रेजिन आर्ट प्रशिक्षण प्राप्त स्वयं सहायता समूह की महिला गंगा प्रहरियों ने तिरंगा फहराया। कार्यक्रम में परियोजना सहायक मुकेश कुमार, वार्ड सदस्य अंजू देवी सहित अन्य ग्रामीण और स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने स्वच्छ गंगा, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

# राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हनुमानगढ़ में शान से लहराया तिरंगा, बच्चों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

मोतिहारी। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हनुमानगढ़ में देशभक्ति और सामाजिक सद्भाव का अनूठा संगम देखने को मिला। विद्यालय परिसर में प्रधानाध्यापक प्रेम चन्द्र राम ने पूरे सम्मान एवं गौरव के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान के साथ वातावरण देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय की ओर से प्रभात फेरी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। प्रभात फेरी में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और देशभक्ति के नारों से गांव का माहौल गुंजायमान कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, संगीत एवं अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा और तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। अतिथि भोजन के माध्यम से सामाजिक सद्भाव का संदेश भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार सामाजिक सद्भाव एवं सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करने तथा बच्चों का उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से विद्यालय में अतिथि भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, पूर्व जनप्रतिनिधियों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने बच्चों के साथ बैठकर सामूहिक रूप से भोजन किया। इस अवसर पर शिवकुमार, जितेन्द्र कुमार, किरण कुमारी, पूर्व मुखिया नरोत्रम गायन, सरपंच मुरारी सहनी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामजस सहनी, प्रधानाध्यापक प्रेम चन्द्र राम तथा पूर्व छात्र राजब्यिोर पासवान सहित अन्य लोगों ने बच्चों के साथ भोजन किया। सामूहिक भोजन का उद्देश्य बच्चों और समुदाय के बीच अपनापन, समानता और सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, संस्कार और सामुदायिक सहभागिता का भी महत्वपूर्ण मंच है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं संजय सरकार, महानंद, मनोज कुमार सिंह, दिलीप चन्द्र राय, सुधा कुमारी, स्वाती वर्मा, सुनन्दा पैरा, सृष्टि कुमारी, वर्षा रानी, अनिता रानी, पिंकी कुमारी, अनुपमा कुमारी, प्रवीण, निकहत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस समारोह ने बच्चों में देशप्रेम, अनुशासन और सामाजिक सद्भाव की भावना को मजबूत करने के साथ-साथ विद्यालय और समुदाय के बीच सहभागिता का एक सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। समारोह का समापन देश की एकता, अखंडता और प्रगति के संकल्प के साथ हुआ।

# स्वतंत्रा दिवस के अवसर पर कर भुगतान में पूर्वी चंपारण का गौरवः तीन विशिष्ट करदाताओं को मिला भामाशाह सम्मान

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूर्वी चंपारण में ईमानदार एवं नियमित कर भुगतान करने वाले व्यवसायियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में वाणिज्य कर विभाग की ओर से महत्वपूर्ण पहल की गई। मोतिहारी के गांधी मैदान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में जिले के नॉन-कॉर्पोरेट श्रेणी के अंतर्गत सर्वाधिक जीएसटी भुगतान करने वाले तीन प्रतिष्ठानों को ह्यभामाशाह सम्मानह्न से सम्मानित किया गया। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने चयनित व्यवसायियों को पुरस्कार-सह-सम्मान राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके कर योगदान की सराहना की। सम्मान प्राप्त करने वालों में आरसी इंटरप्राइजेज को सर्वाधिक जीएसटी भुगतान के लिए प्रथम पुरस्कार के रूप में 51 हजार रुपये, आरसी ऑटोमोबाइल्स को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 21 हजार रुपये तथा अरविंद सर्राफ एंड संस एलएलपी को तृतीय पुरस्कार के रूप में 11 हजार रुपये की सम्मान राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। राजस्व संग्रह में करदाताओं की अहम भूमिका : राज्य-कर संयुक्त आयुक्त (प्रभारी), मोतिहारी संतोष कुमार ने बताया कि बिहार के राजस्व संग्रह में वाणिज्य कर विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिहार सरकार द्वारा वसूल किए गए कुल राजस्व का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा वाणिज्य कर विभाग के माध्यम से संग्रहित हुआ है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विभाग के प्रयासों के साथ-साथ करदाताओं के सहयोग और कर अनुपालन के प्रति उनकी सजगता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि व्यवसायी वर्ग द्वारा समय पर और नियमित रूप से कर का भुगतान करने से सरकार को विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आवश्यक राजस्व उपलब्ध होता है। ऐसे करदाताओं को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने से समाज में कर भुगतान को लेकर सकारात्मक संदेश जाता है। सम्मान का उद्देश्य स्वैच्छिक कर अनुपालन को बढ़ावा देना : राज्य कर संयुक्त आयुक्त संतोष कुमार ने कहा कि वित्तीय अनुशासन, पारदर्शी कारोबार और समय पर कर भुगतान करने वाले व्यवसायियों को सम्मानित करने का उद्देश्य अन्य व्यवसायियों को भी अपने कर दायित्वों के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि कर भुगतान केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि राज्य के विकास में व्यवसायी समुदाय की महत्वपूर्ण भागीदारी भी है। विभाग की इस पहल से व्यवसायिक समुदाय में स्वैच्छिक कर अनुपालन, पारदर्शी व्यापार व्यवस्था और नियमित जीएसटी भुगतान को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। साथ ही, इससे अन्य व्यवसायियों को भी बेहतर कर अनुपालन के लिए प्रेरणा मिलेगी। इस दौरान प्रशासनिक एवं वाणिज्य कर विभाग के अधिकारी : स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में जिला पदाधिकारी सौरभ सुमन यादव सहित जिला प्रशासन एवं वाणिज्य कर विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। समारोह में करदाताओं को सम्मानित किए जाने को व्यवसायिक समुदाय के लिए महत्वपूर्ण प्रोत्साहन के रूप में देखा गया। विभाग की ओर से की गई यह पहल ह्यकर भुगतान से विकासह्न की अवधारणा को मजबूत करने के साथ-साथ जिम्मेदार एवं जागरूक करदाता संस्कृति विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।करदाताओं का सम्मान, राजस्व व्यवस्था में विश्वास और विकास की गति को बढ़ाने वाला संदेश–स्वतंत्रता दिवस पर पूर्वी चंपारण में भामाशाह सम्मान समारोह ने व्यवसायी समुदाय के योगदान को नई पहचान दी।

# ट्रैक्टर की ठोकर से पांच वर्षीय बच्ची की मौत

बगहा। बगहा पुलिस जिला अंतर्गत नदी थाना क्षेत्र में रविवार की दोपहर ट्रैक्टर की ठोकर से पांच वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। हादसा नैनाहा ढाला से नरहवा गांव की ओर जाने वाली सड़क पर हुआ। मृत बच्ची की पहचान रेवहिया गांव निवासी धीरज यादव की पांच वर्षीय पुत्री अदोही कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि ट्रैक्टर पर कटावरोधी कार्य में इस्तेमाल होने वाले जियो बैग लदे थे और चालक उन्हें लेकर कटाव स्थल की ओर जा रहा था। इसी दौरान सड़क पर मौजूद अदोही कुमारी ट्रैक्टर की चपेट में आ गई। हादसे में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना नदी थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर को जब्त कर लिया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, सोमवार, 17 अगस्त, 2026



# दारौंदा के आरपीएफ कांस्टेबल विवेक राय को साहसिक कार्य के लिए डीआरएम ने किया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता

सीवान/दारौंदा। रेलवे सुरक्षा बल चौकी दुरौंधा जंक्शन में तैनात कांस्टेबल विवेक कुमार राय को ड्यूटी के दौरान साहस और तत्परता दिखाते हुए बुजुर्ग महिला की जान बचाने के लिए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी द्वारा सम्मानित किया गया। उनके इस साहसिक कार्य की महिला के परिजनों ने भी सराहना की।

जानकारी के अनुसार, 10 जून 2026 को दारौंदा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-दो पर सुबह 8:51 बजे गाड़ी संख्या 75204 पहुंची थी। ट्रेन 8:58 बजे अपने गंतव्य के लिए रवाना हो रही थी। इसी दौरान




एक बुजुर्ग महिला चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगीं। अचानक उनका पैर फिसल गया और वह प्लेटफॉर्म पर गिरकर ट्रेन की चपेट में आने की स्थिति में पहुंच गईं। स्थिति को भांपते हुए ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल विवेक कुमार राय ने बिना देर किए दौड़कर महिला को सुरक्षित खींच लिया और उनकी जान बचा ली।

जवान की सतर्कता और तत्परता के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद महिला के परिजनों ने रेलवे सुरक्षा बल के जवान की बहादुरी और तत्परता की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

जवान के इस साहसिक कार्य को देखते हुए मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सम्मान मिलने से रेलवे सुरक्षा बल के जवानों में भी उत्साह का माहौल है।

# भाई-भाई के जमीनी विवाद में खूनी झड़प, चाकूबाजी में 26 वर्षीय युवक गंभीर; महाराजगंज से सीवान रेफर

प्रात: किरण संवाददाता



दरौंदा थाना क्षेत्र के मर्दनपुर गांव में शुक्रवार की देर शाम जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि चाकूबाजी की घटना हो गई। इस घटना में एक 26 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक के शरीर पर चाकू से वार किए जाने के बाद वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल युवक की पहचान मर्दनपुर गांव निवासी स्व. कन्हैया प्रसाद के 26 वर्षीय पुत्र अनूप कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में घायल अनूप कुमार को इलाज के लिए महाराजगंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार किया और बेहतर इलाज के लिए सीवान सदर अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि मामला भाई-भाई के बीच चल रहे जमीनी विवाद से जुड़ा हुआ है। जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले से विवाद चल रहा था। शुक्रवार की देर शाम इसी विवाद को लेकर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। इसी दौरान अनूप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। चाकूबाजी की घटना के बाद घायल अनूप कुमार की हालत देखकर परिजन घबरा गए। आनन-फानन में उसे लेकर महाराजगंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। चिकित्सकों ने तत्काल उसका प्राथमिक उपचार शुरू किया। हालत चिंताजनक होने के कारण चिकित्सकों ने उसे सीवान सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस जमीनी विवाद के पीछे के कारणों के साथ-साथ चाकूबाजी की घटना में शामिल लोगों की भूमिका की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पीड़ित परिजन की ओर से अभी कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर घटना के बाद मर्दनपुर गांव में दहशत बना हुआ है। वहीं, घायल युवक के परिजनों में घटना को लेकर आक्रोश है। पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ लहराया गया तिरंगा

मुंगेर। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सदर प्रखंड क्षेत्र के सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में देशभक्ति के माहौल के साथ तिरंगा लहराया गया। प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख नरेश कुमार ने ध्वजारोहण किया। सीडीपीओ कार्यालय में सीडीपीओ कुमारी अनीता चौधरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुशील कुमार झा, बिहार वानिकी कॉलेज में अधिष्ठाता डॉ. प्रमोद पासवान और कृषि विज्ञान केंद्र में प्रधान वैज्ञानिक डॉ. मुकेश कुमार ने ध्वजारोहण कर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इसी प्रकार क्षेत्र के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों, स्कूलों और कार्यालयों में भी कर्मियों, शिक्षकों और आमजनों ने पूरे उत्साह के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया और देशभक्ति गीत गाए।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टकराई बाइक, दो किशोरों की मौत

सीवान/ दारौंदा जंक्शन के पश्चिमी रेलवे ढाला के समीप रविवार को पेवर ब्लॉक लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से बाइक टकराने से तीन किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान दो किशोरों की सीवान में मौत हो गई, जबकि तीसरे की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के स्वजनों में कोहराम मच गया। मृतकों की पहचान हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सिंगार पट्टी निवासी कलामुद्दीन के पुत्र शाहनवाज और गुलफाम माली के रूप में हुई है। वहीं बल्ली निवासी 15 वर्षीय गोलू हाशमी गंभीर रूप से घायल है। उसका इलाज सीवान सदर अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है कि तीनों किशोर बाइक से दारौंदा जंक्शन के पश्चिमी रेलवे ढाला के समीप पहुंचे थे। इसी दौरान आगे चल रही पेवर ब्लॉक लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली में उनकी बाइक पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दारौंदा पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सीवान सदर अस्पताल रेफर कर दिया। दो एंबुलेंस से तीनों को सीवान भेजा गया, जहां इलाज के दौरान शाहनवाज और गुलफाम माली ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर दारौंदा पुलिस घटनास्थल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

# माचिस मांगने के विवाद में हुई मारपीट दुकानदार समेत तीन घायल, लाठी-डंडे से मारपीट का आरोप

सीवान/दरौंदा। थाना क्षेत्र के कोथुआ सारंगपुर गांव में दुकान से माचिस खरीदने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष के लोगों द्वारा दुकानदार समेत तीन लोगों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है. घटना में तीन लोग घायल हो गए, जिनका इलाज दरौंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया. पीड़ित राहुल कुमार शर्मा के अनुसार, उनके बड़े पापा की दुकान पर गांव का ही एक युवक सिगरेट पीने के लिए माचिस मांगने आया था. माचिस देने के बाद जब दुकानदार ने पैसे की मांग की, तो युवक गाली-गलौज करने लगा. विरोध करने पर युवक ने फोन कर अन्य लोगों को बुला लिया. आरोप है कि कुछ ही देर में कई लोग लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और दुकानदार के साथ मारपीट शुरू कर दी. मारपीट की घटना में राहुल कुमार शर्मा (22 वर्ष), पिता मिठू लाल शर्मा, नीरज शर्मा (30 वर्ष), पिता स्व. छठी लाल शर्मा तथा मिठू लाल शर्मा (50 वर्ष), पिता स्व. जगरनाथ शर्मा घायल हो गए. ग्रामीणों के सहयोग से तीनों का प्राथमिक उपचार दरौंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया. घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा. पीड़ित पक्ष ने मामले में कार्रवाई की मांग की है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# 4 बिहार बटालियन एनसीसी ने किया रक्तदान स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

भागलपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 4 बिहार बटालियन एनसीसी द्वारा देशभक्ति और सामाजिक सेवा की भावना से प्रेरित होकर रक्तदान एवं निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा जरूरतमंद लोगों के जीवन की रक्षा में अपना योगदान देना रहा। इस अवसर पर एनसीसी के अधिकारियों एवं सैन्यकर्मियों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया। कार्यक्रम में यह भाव विशेष रूप से उभरकर सामने आया कि हम सिर्फ देश के लिए अपना खून नहीं देते, बल्कि देश के नागरिकों के लिए भी रक्तदान करते हैं। रक्तदान को महादान बताते हुए अधिकारियों ने कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। युवाओं एवं कैडेट्स से भी नियमित रूप से रक्तदान के प्रति जागरूक होने और समाज में इस मानवीय अभियान को आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया। शिविर के दौरान निःशुल्क मेडिकल चेकअप भी किया गया, जिसमें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी के सैन्य अधिकारियों, एएनओ, पीआई स्टाफ एवं सिविल स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल विकास मंडल, सूबेदार मेजर सीतल सिंह, एएनओ प्रिया, एएनओ अखिलेश, एएनओ अमृत, सूबेदार जगदीप सिंह, सूबेदार गोपाल कृष्ण, सूबेदार बाबूलाल यादव, नायब सूबेदार लखविंदर सिंह, बीएचएम रंजीत सिंह, सीएचएम मुखिया यादव, सीएचएम दीपक गर्ती, सीएचएम दलवारा सिंह, हवलदार सुरजीत सिंह, हवलदार मोहन सिंह, नायक रामंदीप सिंह, नायक मंदीप सिंह, नायक बुधराम सिंह सहित 4 बिहार बटालियन एनसीसी के समस्त सिविल स्टाफ उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित यह पहल राष्ट्रप्रेम के साथ-साथ मानव सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण बनी। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि राष्ट्रसेवा केवल सीमा पर ही नहीं, बल्कि समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करके भी की जा सकती है।

# बिना तलाक लिए दूसरी शादी करने को लेकर लूटेरी दुल्हन पर प्राथमिकी दर्ज

सीवान/नौतन प्रखंड के नारायणपुर गांव निवासी प्रियंका कुमारी पर अपने पहले पति के रहते हुए दूसरी शादी करने का आरोप लगाया गया है। पहले पति अनुराग ने पत्नी प्रियंका को लूटेरी दुल्हन करार देते हुए थाने में आवेदन पत्र दिया है कि नौतन प्रखंड के नारायणपुर गांव निवासी जयप्रकाश मांझी की पुत्री प्रियंका कुमारी से उनकी शादी हिन्दू रीति-रिवाजों से 27 मई 2015 को हुई थी। इसके बाद वह दिनभर मोबाइल और अन्य प्रकार से किसी से बातचीत करती थी।मेरे द्वारा मना करने पर वह अपने मायके चली गई। इसके बाद उसने मुझपर झूठा केस दर्ज कर दिया। साथ ही गुजारा भत्ता के लिए भी केस दर्ज किया। बाद में माननीय न्यायालय द्वारा मुझे 16 दिसंबर 2017 से छह हजार रुपए प्रतिमाह गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया गया। वहीं मार्च 2023 से प्रतिमाह 10 हजार रुपए पत्नी को देने का आदेश दिया गया। जिसे मैं आज तक पूरा करते आ रहा हूं। इसी दौरान मुझे जानकारी मिली कि मेरी पत्नी ने शादी कर लिया है। जानकारी मिलते ही मैंने इसकी पुष्टि की जो कि सही मिली। मेरी पत्नी प्रियंका मेरे से बिना तलाक लिए एक युवक नितिश कुमार मांझी से 22 मार्च 2018 में कर चुकी है। जो कि कानूनन जूर्म है। साथ ही मुझसे गलत तरीके से भरण पोषण के लिए पैसे ले रही थी। श्री अनुराग ने पुलिस प्रशासन से महिला प्रियंका कुमारी पर उचित कारवाई करने और भरण पोषण की राशि वापस कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसे धोखेबाज किस्म की महिलाओं से लोगों को सजग रहने की जरूरत है ताकि ऐसी महिलाएं अन्य किसी के साथ ठगी न कर सके। इस मामले में नौतन थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है और सभी आरोपों की गहनता से जांच की जा रही है।

# हैबतपुर में प्रभारी मंत्री ने मृतक के परिजनों से मिले

प्रात: किरण संवाददाता

अरवल। जिला प्रभारी मंत्री माननीय दीपक प्रकाश जी ने हैबतपुर मधउत्पाद निषेध विभाग के पुलिस के द्वारा टुनटुन कुशवाहा की हत्या का मामला पर एक सप्ताह में न्याय की बात कही है 1 सप्ताह बाद अरवल जिला की जनता न्याय के लिए संघर्ष करेगी मनोज यादव,प्रभारी मंत्री दीपक प्रकाश जी से हाजत में बंद अनिल कुशवाहा और टुनटुन कुशवाहा के पुलिस के मार से मृत्यु 13 जुलाई को हो गई थी घटना का पूरी जानकारी एवं प्राथमिकी का कॉपी दिखाकर विस्तृत जानकारी उनके परिजन भी और रेल आंदोलन के सूत्रधार मनोज सिंह यादव ने दिया जिला प्रशासन के रवैया के बारे में भी बताने का काम किया गया है बताते



चले की टुनटुन कुशवाहा की मृत्यु के बाद जिला प्रशासन के द्वारा जिला पदाधिकारी अरवल के दूरभाष पर बात होने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी अरवल के द्वारा पीड़िता को न्याय दिलाने की उम्मीद करते हुए प्राथमिक की दर्ज लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई पीड़िता को मुआवजा एवं एक सरकारी नौकरी देने की बात कही गई थी नेशनल हाईवे 139 हजारों लोगों ने 7:30 घंटा जाम रखा था प्रशासन के द्वारा पुख्ता विश्वास दिलाने के बाद शव का पोस्टमार्टम के लिए पटना भेजा गया था प्रभारी मंत्री को बताया गया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में परिजनों को नहीं दिया जा रहा है इस पर प्रभारी मंत्री ने एक सप्ताह का समय लिया है धैर्य रखिए एक सप्ताह में न्याय मिलेगा अरवल जिले के हैबतपुर गांव में 15 अगस्त को अरवल जिले के प्रभारी मंत्री बिहार सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री दीपक प्रकाश जी पीड़ित परिजनों से मिलने आए थे।

# आजादी के जश्न में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही आरंडा अस्पताल में नहीं हुआ झंडोतोलन

प्रात: किरण संवाददाता

हसनपुरा। देश जब 80वें स्वतंत्रता दिवस पर आजादी का जश्न मना रहा था और सरकारी-गैर सरकारी संस्थानों में तिरंगा शान से लहरा रहा था, उसी दौरान हसनपुरा के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आरंडा में झंडोतोलन नहीं होने का मामला सामने आया। राष्ट्रीय पर्व के दिन सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में तिरंगा नहीं फहराए जाने से व्यवस्था और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। मामले को लेकर जब चिकित्सा प्रभारी से जानकारी ली गई तो उन्होंने परिसर में पानी लगे होने को झंडोतोलन नहीं किए जाने की वजह बताया। हालांकि, इस जवाब के बाद भी सवाल कायम है कि यदि परिसर में पानी जमा था, तो क्या झंडोतोलन के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की जा सकती थी? राष्ट्रीय पर्व के लिए पहले से निर्धारित कार्यक्रम को देखते हुए क्या पानी की समस्या का समाधान या सुरक्षित स्थान पर झंडोतोलन की व्यवस्था संभव नहीं थी? स्वास्थ्य केंद्र जैसे महत्वपूर्ण सरकारी संस्थान में स्वतंत्रता दिवस के दिन राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया जाना स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों का कहना है कि स्वतंत्रता दिवस महज एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के वीर शहीदों के त्याग और बलिदान को याद करने का अवसर है। ऐसे महत्वपूर्ण दिन पर झंडोतोलन नहीं होना व्यवस्था की संवेदनशीलता पर सवाल खड़ा करता है। स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की जांच कर यह स्पष्ट करने की मांग की है कि झंडोतोलन की वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई। लोगों का कहना है कि यदि परिसर में पानी था, तो जिम्मेदार अधिकारियों को पहले से इसकी जानकारी रही होगी और समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था की जा सकती थी। अब देखने वाली बात होगी कि स्वास्थ्य विभाग और संबंधित अधिकारी इस मामले को किस तरह देखते हैं और राष्ट्रीय पर्व के दिन झंडोतोलन नहीं होने की जिम्मेदारी तय करने के लिए कोई कार्रवाई होती है या नहीं।

# टाटा मोटर्स गंगा व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड ने लांच किया इएमओ सिरेरा ओउड गाड़ी

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। टाटा मोटर्स गंगा व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड मुंगेर , इएमओ में सिरेरा एभी ओउड का भव्य लॉन्चिंग समारोह आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में कार्यक्रम में सभी बैंकों के बैंक मैनेजर, रीजनल मैनेजर सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे। टाटा सरला इभ के लॉन्च में सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। गंगा व्हीकल कंपनी के ब्रांच मैनेजर दया शंकर पाठक ने बताया कि पहले लोग पटना भागलपुर एवं अन्य शहरों से से गाड़ी लाते थे जिसमें कठिनाइयां होती थी लेकिन अब मुंगेर वासियों के लिए सुविधाएं हो चुकी है जिसके लिए आपको पटना भागलपुर जाने की आवश्यकता नहीं है । मुंगेर के डॉक्टर, प्रोफेसर, बैंक कर्मी और सक्षम लोगों के लिए टाटा मोटर्स एक बेहतर विकल्प है। टाटा सरेला इभ आधुनिक तकनीक से लैस, लग्जरियस और मजबूत वाहन है।टाटा देश की सबसे पुरानी और विश्वसनीय कंपनी है। मुंगेर में सर्विस सेंटर की उपलब्धता से अब ग्राहकों को बड़ी राहत मिलेगी। टाटा मोटर्स के कस्टमर एडवाइजर प्रिंस कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर ग्री११ एश का लॉन्चिंग ऐतिहासिक है और लोगों को बहुत लाभ मिलने वाला है, खासकर प्रदूषण नियंत्रण में काफी योगदान रहा है।कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने टाटा सरला इभ की विशेषताओं की सराहना की।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में शान से लहराया तिरंगा, बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समां

प्रात: किरण संवाददाता

अरवल। बैदराबाद तेजपुरा स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को पूरे उत्साह और देशभक्ति के माहौल में झंडोत्तोलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह निदेशक धर्मेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं विद्यालय कर्मियों ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। झंडोत्तोलन के बाद विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने देशभक्ति गीत, कविता, नृत्य और नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम और देशभक्ति की भावना को जीवंत किया। उनकी शानदार प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोगों ने तालियों से उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस, देश की एकता-अखंडता और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार रखे। बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ भाषण प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व और देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान की जानकारी दी। प्रधानाध्यापक सह निदेशक धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि बच्चों में देशभक्ति की भावना के साथ-साथ उनकी प्रतिभा को निखारना विद्यालय की प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, मेहनत और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

# लोकप्रिय मोहम्मद तैयब रजा उर्फ गुड्डू भाई के निधन से शहर में शोक की लहर

मुंगेर। लोकप्रिय पत्रकार मरहूम ताबिश रजा के भाई मोहम्मद तैयब रजा उर्फ गुड्डू भाई के इंतकाल से 15 अगस्त को जब सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को पता चला तो शहर में गहरी शोक की लहर दौड़ गई। शांत स्वभाव के गुड्डू भाई लोगों के सुख-दुख में हमेशा मौजूद रहते थे। पिछले दो महीने से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। वे घर पर ही होम्योपैथिक क्लीनिक भी चलाते थे, जिससे कई लोग लाभ उठा रहे थे। उन्होंने बहुत सारी गंभीर बीमारियों का इलाज भी किया है। उनके निधन पर शहर के सभी बुद्धिजीवी, सभी वर्ग एवं धर्म के लोगों ने शोक व्यक्त किया है। ईश्वर से प्रार्थना की गई कि उन्हें जन्नत-उल-फिरदौस में आला मकाम मिले और परिवार वालों को इस दुख को सहने की हिम्मत मिले। 15 अगस्त की रात उनके पैतृक आवास संदलपुर में नमाज-ए-जनाजा अदा की गई और सुंदलपुर कब्रिस्तान में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। 15 अगस्त का दिन होते हुए भी हजारों की संख्या में लोग जनाजे में शामिल हुए। इससे स्पष्ट है कि उन्होंने अपने जीवन में अपने अच्छे व्यवहार, मोटिवेशन और सुख-दुख में लोगों के साथ खड़े रहने से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी।

# श्री महादेव अहिल्या देवी स्मृति ट्रस्ट ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। श्री महादेव अहिल्या देवी स्मृति ट्रस्ट कार्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे उत्साह उमंग और देशभक्ति के वातावरण में मनाया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज को संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सलामी दी और राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ देशभक्ति की भावना को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने प्रेरणादायक संबोधन से कार्यक्रम में उपस्थित संस्थान के पदाधिकारी सदस्य एवं कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संस्थान के पदाधिकारी सदस्यों एवं कर्मचारियों को देश की एकता अखंडता और विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि नगर वार्ड 12 के वार्ड पार्षद शिरीन नाज ने संस्था के नवनियुक्त पदाधिकारी जिला मुंगेर कार्यकारी पदाधिकारी श्रीमती रूपम कुमारी नगर कार्यकारी पदाधिकारी कुमार राज नगर सुपरवाइजर श्रीमती बिंदु देवी श्रीमती अंजू देवी श्रीमती विनीता देवी को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस मौके पर मुख्य अतिथि शिरीन नाज अति विशिष्ट अतिथि परिवार विकास संस्थान के क्षेत्रीय कोऑर्डिनेटर सह पीएलवी श्रीमती पिंकी कुमारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि शिरीन नाज ने संस्था के नवनियुक्त पदाधिकारी से अनुशासन नेतृत्व क्षमता सेवा भावना और राष्ट्रभक्ति को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के मुंगेर जिला कार्यकारी पदाधिकारी श्रीमती रूपम कुमारी ने की जबकि अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष मुकेश कुमार के द्वारा की गई। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव कोषाध्यक्ष सदानंद नायक राष्ट्रीय प्रबंध समिति सदस्य दिलीप कुमार पासवान श्रीमती गुड़िया कुमारी सहित पूर्व वार्ड परिषद श्रीमती रूबी देवी ममता देवी सोनी कुमारी रेशमा देवी भारती कुमारी आशा देवी रामजी शाह सहित अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

# दारौंदा प्रखंड कार्यालय पर प्रमुख गुड़िया सिंह ने ध्वजारोहण किया



सीवान/दरौंदा। आजादी के 80वें वर्ष के उपलक्ष्य में शनिवार को दरौंदा प्रखंड क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह, उमंग और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। प्रखंड के विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, थाना, अस्पताल, बैंक सहित दलित-महादलित बस्तियों में तिरंगा फहराया गया. इस दौरान राष्ट्रगान के साथ देश की एकता और अखंडता का संकल्प लिया गया. प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख गुड़िया सिंह ने ध्वजारोहण किया. वहीं थाना परिसर में थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, पीएचसी में चिकित्सा प्रभारी डॉ. विकास भारद्वाज, पंजाब नेशनल बैंक परिसर में सीओ वेदप्रकाश नारायण, दिलावर मार्केट परिसर में बीडीओ सिंपी कुमारी, केनरा बैंक परिसर में आरओ स्वणीर्का चंद्रा, बीआरसी भवन में बीईओ सौरभ सुमन, पंचायत सरकार भवन रामसापुर में मुखिया मीरा देवी तथा कृषि भवन में जदयू नेता मनोज सिंह, ग्राम कचहरी भवन पर सरपंच मिथलेश सिंह, व्यापार मंडल पर अध्यक्ष मणिभूषण सिंह ने ध्वजारोहण किया. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय लोग शामिल हुए. पूरे क्षेत्र में देशभक्ति गीतों और नारों से माहौल राष्ट्रप्रेम से सराबोर रहा. कार्यक्रम में उप प्रमुख हरेश यादव, मोजाहिद हसन दिलावर उर्फ मुनन जी, नेता उमेश सिंह, भाजपा जिला मंत्री उमाशंकर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष बबलू सिंह, अशोक सिंह, बीडीसी अजय यादव, विजय वर्मा,रंजीत सिंह, मंटू तिवारी,, पूर्व जिला पार्षद जनार्दन सिंह, विजय सिंह, राजीव कुमार भारती समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# एच.एस. कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस एनसीसी कैडेट्स ने दिखाया अनुशासन और जोश

प्रात: किरण संवाददाता

मुंगेर। जिले के हवेली खड़गपुर स्थित एच.एस. कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे उत्साह, उमंग और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। समारोह में महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रध्वज को सलामी, राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ देशभक्ति की भावना को अभिव्यक्त किया गया। समारोह में 2/4 कंपनी एनसीसी की एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रियमवदा शर्मा के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेट्स ने विशेष जोश एवं अनुशासन के साथ भागीदारी की। इसके बाद आकर्षक मार्च-परेड का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व सार्जेंट मेघा कुमारी ने किया। परेड में कैडेट छोटू कुमार, उज्ज्वल कुमार, एलसीपीएल अर्पण कुमारी एवं कैडेट रवि राज कुमार ने पायलटिंग की। मार्च-परेड में एनसीसी के लगभग 100 कैडेट्स ने भाग लिया, जिन्हें पाँच प्लाटून में विभाजित किया गया था। पाँचों प्लाटून का नेतृत्व अंडर ऑफिसर पीयूष कुमार, कैडेट सावंत कुमार, कैडेट जूली कुमारी, उदटर मोनू कुमार एवं कैडेट सृष्टि कुमारी ने किया। कैडेट्स की शानदार कदमताल और अनुशासन ने उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने प्रेरणादायी संबोधन से विद्यार्थियों एवं कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से देश की एकता, अखंडता और विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। एनसीसी कैडेट्स का हुआ रैंक प्रमोशन : स्वतंत्रता दिवस समारोह के पश्चात 4 बिहार बटालियन एनसीसी, भागलपुर के निदेर्शानुसार रैंक पदोन्नति समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स को नई जिम्मेदारियाँ एवं रैंक प्रदान की गईं।इस क्रम में सार्जेंट मेघा कुमारी को सीनियर अंडर ऑफिसर (रवड), एलसीपीएल अर्पण कुमारी को अंडर ऑफिसर (यूओ), कैडेट जूली कुमारी को उदटर, कैडेट सावंत कुमार एवं कैडेट उज्ज्वल कुमार को सार्जेंट, कैडेट रवि राज कुमार एवं रोहित कुमार को कॉर्पोरल तथा कैडेट छोटू कुमार को लांस कॉर्पोरल की रैंक प्रदान की गई। रैंक पदोन्नति के अवसर पर एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रियमवदा शर्मा ने सभी पदोन्नत कैडेट्स को बधाई देते हुए कहा कि नई रैंक केवल सम्मान नहीं, बल्कि नई जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कैडेट्स से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सेवा-भावना और राष्ट्रभक्ति को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर एएनओ ने कैडेट्स को प्रेरणादायी संबोधन दिया। इसके पश्चात एनसीसी कैडेट्स ने सामूहिक रूप से एनसीसी गीत प्रस्तुत किया, जिसके साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य के साथ डॉ. राहुल देव, डॉ. सर्वजीत पॉल, डॉ. सुदर्शन कुमार, डॉ. शंभू पासवान, डॉ. रवि राजक, डॉ. रविश कुमार, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. सुधांशु कुमार, डॉ. रौशन कुमार सहित आकाश दीप, नर्मदा, शिव, मुरारी, राजकुमार, राजा, नितीश एवं अन्य शिक्षक-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस समारोह और एनसीसी रैंक पदोन्नति समारोह ने महाविद्यालय परिसर को देशभक्ति, अनुशासन और नेतृत्व की भावना से भर दिया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, सोमवार, 17 अगस्त, 2026



## संक्षिप्त खबरें

### वंदे मातरम के कथित अपमान के विरोध में भाजयुमो ने निकाला आक्रोश मार्च, राहुल गांधी का पुतला फूंका

सीवान। राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के कथित अपमान के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की सीवान जिला इकाई ने रविवार को कांग्रेस के खिलाफ आक्रोश मार्च निकाला और राहुल गांधी का पुतला दहन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष अजीत कुमार ने किया। आक्रोश मार्च के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राष्ट्रीय गीत के कथित अपमान पर विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने हायहाय राहुल गांधी मुर्दाबाद, हायहाय राहुल गांधी मुर्दाबाद, हाय कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद के नारे लगाए। भाजयुमो नेताओं ने कहा कि राष्ट्रगीत और राष्ट्र की अस्मिता का अपमान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता व मनोरंजन मिश्रा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष महेश गुप्ता, जिला महामंत्री विनय सोनी, जिला मंत्री प्रत्यूष शेखर, बादल ब्याहुत, जिला प्रवक्ता नवीन जैन, रोहित चौरसिया, नगर अध्यक्ष धीरज गुप्ता, नगर मंत्री रवि नायक, ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री प्रिंस चौहान, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुनीता जायसवाल, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव सहित भाजपा एवं भाजयुमो के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महिलाएं अपनी क्षमताओं को निखारकर अपने सपनों को साकार कर सकती है : प्रियंका अग्रवाल

वैशाली । वूमेन्स एकेडमी 2026 का नारा हर नारी सम्मान की अधिकारी महिला शक्ति के प्रति आरसीएम के सम्मान और विश्वास को दशार्ता है। अक्सर महिलाएं अवसर होने के बावजूद अपने हुनर, स्किल्स या आत्मविश्वास को लेकर संकोच करती हैं। आरसीएम एक ऐसा मंच है, जहाँ महिलाएं अपनी क्षमताओं को निखारकर अपने सपनों को साकार कर सकती है। उक्त बातें आरसीएम कंज्यूमर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर प्रियंका अग्रवाल ने स्पेशल वूमेन्स एकेडमी 2026 कार्यक्रम के आयोजन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हर नारी सम्मान की अधिकारी की थीम पर आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में वैशाली सहित देशभर से महिला एसोसिएट बायर्स और लीडर्स शामिल हुई। प्रियंका ने कहा कि आरसीएम ने महिलाओं के हुनर को पहचानने और निखारने के साथ उन्हें यह विश्वास दिलाया है कि घर और बाहर की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाते हुए आगे बढ़ने की शक्ति हर महिला के भीतर मौजूद है। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मान देने के साथ स्वास्थ्य, नेतृत्व, आत्मविश्वास, खेल भावना और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना है।

### किरण शर्मा और अंकिता वैष्णव ने महिलाओं के साथ अपने खेल अनुभव साझा किए

मुजफ्फरपुर : महिला सशक्तिकरण को नए आयाम देने के उद्देश्य से आरसीएम कंज्यूमर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आरसीएम वर्ल्ड में आयोजित स्पेशल वूमेन्स एकेडमी 2026 में खेल गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहीं। हर नारी सम्मान की अधिकारी थीम पर आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम में मुजफ्फरपुर सहित देशभर से महिला एसोसिएट बायर्स और लीडर्स ने भाग लिया। कार्यक्रम के दूसरे दिन महिलाओं के लिए विशेष खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान कराटे एवं ग्रैपलिंग की राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ी तथा ब्लैक बेल्ट किरण शर्मा और राजस्थान केसरी कुश्ती खिताब से सम्मानित राष्ट्रीय स्तर की पहलवान अंकिता वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। दोनों खिलाड़ियों ने महिलाओं के साथ अपने खेल जीवन के अनुभव साझा किए और बताया कि खेल किस तरह आत्मविश्वास, अनुशासन और मानसिक मजबूती विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में महिला अचीवर्स को सम्मानित भी किया गया। आरसीएम के संस्थापक टी सी छाबड़ा ने कहा कि सही अवसर मिलने पर महिलाएं अपनी क्षमताओं को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती हैं। वहीं मैनेजिंग डायरेक्टर प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि हर महिला के भीतर आगे बढ़ने की शक्ति मौजूद है और जरूरत केवल उसे सही मंच, अवसर और प्रोत्साहन देने की है।

# महादलित, दलित, पिछड़े एवं अति पिछड़े सहित सभी वर्गों के कल्याण तथा उनके जीवन में समृद्धि लाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है : मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस पर धनरुआ प्रखंड के नदवाँ महादलित टोला में आयोजित ध्वजारोहन कार्यक्रम में भाग लिया
- स्थानीय वयोवृद्ध जुगेश्वर मांझी ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पटना जिला अंतर्गत धनरुआ प्रखंड के नदवाँ पंचायत स्थित ग्राम नदवाँ के महादलित टोला में आयोजित ध्वजारोहन कार्यक्रम में शामिल हुए। उच्च विद्यालय, नदवाँ के खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय वयोवृद्ध श्री जुगेश्वर मांझी ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मुख्यमंत्री ने बिहारवासियों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुये कहा कि आज का दिन उन असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों को स्मरण करने का अवसर है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। बिहार की धरती ने भी अनेक महान सपूत दिए हैं, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता एवं सामाजिक न्याय के लिए अपना योगदान दिया, उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदवाँ के महादलित टोला में आकर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होना हर्ष का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदवाँ महादलित टोला में आंगनवाड़ी केंद्र भवन और सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 12-12 लाख रुपये, की स्वीकृति दी गयी है। उच्च विद्यालय, नदवाँ के खेल मैदान के जीर्णोद्धार के लिए 1 करोड़ 7 लाख रुपये की राशि की स्वीकृत की गयी है। पंचायत सरकार भवन के निर्माण के लिए लगभग 2.50 करोड़ रुपये तथा कन्या विवाह मंडप के लिए 50 लाख रुपये की योजना स्वीकृत की गयी है। नदवाँ हाई स्कूल को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विकसित एवं सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी बिहार के विकास एवं समृद्धि के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। इन दोनों के सपनों को साकार करना हमारा धर्म है और इसके लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल हमारी स्वतंत्रता और गौरव का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह हमें अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव सजग रहने की प्रेरणा देता है। आज हम राजनीतिक स्वतंत्रता के साथ-साथ यह संकल्प भी लें कि समाज के हर वर्ग, विशेषकर महादलित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अत्यंत पिछड़े वर्ग के लोगों तक विकास की रोशनी समान रूप से पहुँचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का दृढ़ विश्वास है कि जब तक समाज का अंतिम व्यक्ति खुशहाल नहीं होगा, तब तक विकास को पूर्ण नहीं माना जा सकता। युवाओं को शिक्षित एवं समर्थ बनाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। समान अवसर सामाजिक न्याय की महत्वपूर्ण कड़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ निरंतर प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को रोजगार के लिए सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। बिहार में 30 लाख जीविका दीदियाँ लखपति दीदी बन चुकी हैं। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत पेंशन राशि 400 रुपए से बढ़ाकर 1,100 रुपए की गई है। उन्होंने पात्र लोगों से अपील की कि जो व्यक्ति अभी पेंशन से वंचित हैं, वे सहयोग पोर्टल के माध्यम से आवेदन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में लगभग 1 करोड़ 90 लाख घरेलू बिजली उपभोक्ता हैं, जिनमें से 1 करोड़ 70 लाख उपभोक्ताओं को पिछले एक वर्ष से 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जा रही है। बिहार देश में बिजली उपभोक्ताओं को सर्वाधिक अनुदान उपलब्ध कराने वाला राज्य है। उन्होंने कहा कि बिहारवासियों को राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराने के लिए पटना, नालंदा, कैमूर एवं वाल्मीकिनगर के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की गई है। इसके लिए यात्रियों को मात्र 2,100 रुपए शुल्क देना होगा, जबकि राज्य सरकार 12,000 रुपए का अनुदान दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहयोग कार्यक्रम के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का 30 दिनों के अंदर निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है। अब तक लगभग 6 लाख 41 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 95 प्रतिशत आवेदनों का निष्पादन हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में लाइव क्लास की शुरूआत की गई है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कर रही है कि सरकारी विद्यालयों में पढ़नेवाले बच्चों को आवश्यकता पड़ने पर रात 11 बजे भी ऑनलाइन शिक्षक की सुविधा उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार कमजोर एवं वंचित वर्गों के कल्याण तथा उनके जीवन में समृद्धि लाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। राज्य सरकार महादलित, दलित, पिछड़े एवं अति पिछड़े समाज सहित सभी वर्गों को साथ लेकर विकास के संकल्प के साथ काम कर रही है और आगे भी करती रहेगी।

### फुलेना प्रसाद की 85वीं पुण्यतिथि पर शहीद को किया नमनः विधायक

सीवान/दारौंदा । प्रखंड के बालबंगरा स्थित वीरांगना तारा रानी श्रीवास्तव के आवास पर रविवार को अमर बलिदानी फुलेना प्रसाद की 85वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और देशभक्ति के माहौल में मनाई गई। इस अवसर पर झंडोत्तोलन के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बलिदानी फुलेना प्रसाद एवं वीरांगना तारा रानी श्रीवास्तव की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में विधायक कर्णजीत सिंह की समिति के संयोजक मनोज कुमार सिन्हा, विक्रमा पंडित, उमेश कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, श्रीराम उपाध्याय, अरविंद चौबे, चंद्रेश्वर राय, अशोक कुमार सहित अन्य लोगों ने प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर दोनों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन किया। विद्यार्थियों ने दिया देशभक्ति व सामाजिक जागरूकता का संदेश सहजानंद सरस्वती केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया।

# फुलेना प्रसाद की 85वीं पुण्यतिथि पर शहीद को किया नमन : विधायक

प्रात : किरण संवाददाता



सीवान/दारौंदा प्रखंड के बालबंगरा स्थित वीरांगना तारा रानी श्रीवास्तव के आवास पर रविवार को अमर बलिदानी फुलेना प्रसाद की 85वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और देशभक्ति के माहौल में मनाई गई। इस अवसर पर झंडोत्तोलन के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बलिदानी फुलेना प्रसाद एवं वीरांगना तारा रानी श्रीवास्तव की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में विधायक कर्णजीत सिंह की समिति के संयोजक मनोज कुमार सिन्हा, विक्रमा पंडित, उमेश कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, श्रीराम उपाध्याय, अरविंद चौबे, चंद्रेश्वर राय, अशोक कुमार सहित अन्य लोगों ने प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर दोनों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन किया। विद्यार्थियों ने दिया देशभक्ति व सामाजिक जागरूकता का संदेश सहजानंद सरस्वती केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया। नंदनी, श्रेया, श्रेयांशी, अंजली, आर्या कुमार सहित अन्य विद्यार्थियों ने ह्यऑपरेशन सिंदूर, अइसन आपन बिहार बा, भाई-बहन के प्रेम पर आधारित रक्षाबंधन, दहेज प्रथा सहित विभिन्न विषयों पर गीत, भाषण और नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन छात्रा प्रज्ञा कुमारी एवं सृष्टि कुमारी ने किया। विद्यालय के प्राचार्य शशि कुमार पांडेय, समिति के मनोज कुमार सिन्हा, विक्रमा पंडित एवं श्रीराम उपाध्याय ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन सामग्री देकर पुरस्कृत किया।

# देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करनेवाले वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन : सम्राट

पटना। बिहार लोक भवन तथा कला एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर बिहार लोक भवन में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जेनरल (सेवानिवृत) सैयद अता हसनैन एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शिरकत कर देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करनेवाले वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि 80वां स्वतंत्रता दिवस पूरे देश में मनाया जा रहा है। राज्यपाल के द्वारा एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, इसमें कर्नल वीपी सिंह एवं उनकी टीम कार्यक्रम प्रस्तुत कर रहे हैं। देश की रक्षा करने वालों का सम्मान हम सभी करते हैं। देश की आजादी असंख्य राष्ट्रभक्तों के त्याग, संघर्ष और बलिदान का परिणाम है। शहीदों के बलिदान के कारण ही आज हमारा राष्ट्र स्वतंत्र एवं सुरक्षित है। स्वतंत्रता दिवस हमें अपने वीर सपूतों के योगदान को स्मरण करने तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के संकल्प को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पिछले 80 वर्षों में देश ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। भारत में शांति है और दुनिया के अनेक हिस्सों में युद्ध एवं अशांति है। भारत पूरी दुनिया को मानवता और शांति का संदेश दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण तथा पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्ध बिहार का संकल्प लिया गया है। इस संकल्प को पूरा करने में हम सब लोग मिलकर काम करेंगे।

# देशभक्ति और समाज सेवा का संकल्प : सुढ़ी संघ दानापुर ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। सुढ़ी संघ दानापुर के कार्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस का महान पर्व हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों, प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों, महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बुजुर्ग माताश्री ने फहराया तिरंगा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण झंडारोहण रहा, जिसे सुढ़ी संघ दानापुर के कोषाध्यक्ष राजेश कुमार राजू की माता बासो देवी ने संपन्न किया। झंडा तोलन के पश्चात उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए आशीर्वाद दिया। शिक्षा और स्वास्थ्य पर संघ का विशेष ध्यान*कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अरविंद बिहारी लाल ने की, जबकि मंच संचालन मंटू जी ने कुशलतापूर्वक निभाया। अध्यक्ष अरविंद बिहारी लाल ने समाज के समक्ष मौजूद पढ़ाई और दवाई (इलाज) की समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए घोषणा की, पैसे के



अभाव में किसी भी मेधावी छात्र-छात्रा की पढ़ाई नहीं रुकेगी। कोचिंग या शिक्षा में असमर्थ बच्चों की फीस की मदद सुढ़ी संघ द्वारा की जाएगी। इस पहल को आगे बढ़ाते हुए कोषाध्यक्ष राजेश कुमार राजू ने कहा कि बहुत जल्द कार्यालय के समीप समाज के बच्चों के लिए प्रतिदिन 2 से 3 घंटे की मुफ्त कोचिंग व्यवस्था शुरू की जाएगी। इस घोषणा का स्वागत पूरे सदन ने तालियों की गड़गड़ाहट से किया। *प्रबुद्ध जनों के विचार* * *महासचिव पवन कुमारः* गरीब बच्चों को पढ़ाने से केवल एक जीवन नहीं, बल्कि पूरा समाज संवरता है। * *अरुण जीःधन तो आता-जाता रहता है, लेकिन जो शिक्षा का दान देता है, इतिहास में उसी का नाम अमर होता है। * *डॉ. दासः जब समर्थ और हर वर्ग का बच्चा पढ़ेगा, तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा। *कार्यक्रम में गणमान्य लोगों की उपस्थिति*इस अवसर पर सुजीत कुमार, राजीव कुमार, विक्रम, रवि, वीरेंद्र बिहारी, संजीव कुमार, डॉ. राजकुमार महासेठ, गौतम जी, लड्डू कुमार अंतू जी, मुकेश कुमार, नीरज कुमार, राजा बाबू, राजेश कुमार, राकेश बिहारी, रणवीर, सुबोध बिहारी, विजय जी (ब्यापुर), अरुण कुमार, प्रदीप, प्रमोद कुमार, राजकुमार, मनोज बिहारी, सरोज, रवि, अनिल बिहारी, एडवोकेट हरिद्वार प्रसाद, अमर, बबलू कुमार, पिंटू जी, रीना देवी, प्रीति देवी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### माचिस मांगने के विवाद में हुई मारपीट दुकानदार समेत तीन घायल, लाठी-डंडे से मारपीट का आरोप

सीवान/दरौंदा. थाना क्षेत्र के कोथुआ सारंगपुर गांव में दुकान से माचिस खरीदने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष के लोगों द्वारा दुकानदार समेत तीन लोगों के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है. घटना में तीन लोग घायल हो गए, जिनका इलाज दरौंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया. पीड़ित राहुल कुमार शर्मा के अनुसार, उनके बड़े पापा की दुकान पर गांव का ही एक युवक सिगरेट पीने के लिए माचिस मांगने आया था. माचिस देने के बाद जब दुकानदार ने पैसे की मांग की, तो युवक गाली-गलौज करने लगा. विरोध करने पर युवक ने फोन कर अन्य लोगों को बुला लिया. आरोप है कि कुछ ही देर में कई लोग लाठी-डंडे लेकर पहुंचे और दुकानदार के साथ मारपीट शुरू कर दी. मारपीट की घटना में राहुल कुमार शर्मा (22 वर्ष), पिता मिठू लाल शर्मा, नीरज शर्मा (30 वर्ष), पिता स्व. छठी लाल शर्मा तथा मिठू लाल शर्मा (50 वर्ष), पिता स्व. जगरनाथ शर्मा घायल हो गए.

सोनपुर विधान सभा क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों मतदाताओं, बहनो, भाईयों, कार्यकर्ताओं, समर्थको सहित जिलावासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉ. पंकज कुमार सिंह
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
चिकित्सा प्रकोष्ठ, भाजपा, बिहार

मकेर प्रखंड के ग्राम पंचायत राज कसबा के सम्मानित मतदाताओं, माताओं, बहनों, भाईयों, शुभचिंतको, कार्यकर्ताओं, वार्ड प्रतिनिधियों सहित प्रखंड एवं जिलावासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बंधन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
माला देवी
मुखिया
आदर्श मध्य विद्यालय
ग्राम पंचायत राज कसबा, मकेर, सारण, बिहार

# राज्य में मां और शिशु की स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में बेहतर पहल, एचआईवी सिफिलिस और हेपेटाइटिस-बी जांच को मिल रही नई गति

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार में मां से बच्चे में संक्रमण की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने एक नई और समन्वित पहल को गति दी है। अब एचआईवी, सिफिलिस और हेपेटाइटिस-बी जैसी गंभीर बीमारियों की जांच को नियमित मातृ स्वास्थ्य सेवाओं के साथ जोड़कर हर गर्भवती महिला तक पहुंचाने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। इसी दिशा में शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में इन तीनों बीमारियों के लिए स्क्रीनिंग, रिपोर्टिंग और निगरानी व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में स्पष्ट किया गया कि बिहार केवल उपचार तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि उसका लक्ष्य गर्भावस्था के दौरान समय रहते संक्रमण की पहचान कर मां से बच्चे में होने वाले संक्रमण को पूरी तरह रोकना है। इसके लिए एचआईवी, सिफिलिस और हेपेटाइटिस-बी की जांच को संस्थागत रूप से मजबूत किया जा रहा है। एचआईवी नियंत्रण के राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर बढ़ रहा बिहार सरकार ने 95:95:99 के लक्ष्य के साथ एक दिसंबर 2026 तक ट्रिपल एलिमिनेशन हासिल करने और एक दिसंबर 2027 तक एचआईवी महामारी को नियंत्रित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत 95 प्रतिशत संक्रमित लोगों की पहचान, 95 प्रतिशत मरीजों को उपचार से जोड़ने और उपचार प्राप्त कर रहे 99 प्रतिशत मरीजों में वायरल नियंत्रण सुनिश्चित करने की दिशा में काम किया जा रहा है। बिहार में लगभग 1.54 लाख लोग एचआईवी के साथ जीवन जी रहे हैं। जांच के दायरे में तेजी से बढ़ रही गर्भवती महिलाओं की संख्या एचएमआईएस के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल से जुलाई 2026 के बीच राज्य में 12.87 लाख से अधिक गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीकरण किया गया। इनमें 7.70 लाख महिलाओं की एचआईवी जांच, 4.28 लाख महिलाओं की सिफिलिस जांच और 4.82 लाख महिलाओं की हेपेटाइटिस-बी जांच की गई। चार महीनों के दौरान एचआईवी जांच का प्रतिशत 55.4 से बढ़कर 65.7 तक पहुंच गया, जबकि सिफिलिस और हेपेटाइटिस-बी जांच में भी लगातार वृद्धि दर्ज की गई। कई जिलों ने पेश किया बेहतर प्रदर्शन जिलावार समीक्षा में कई जिलों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। औरंगाबाद में 90 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं की एचआईवी जांच की गई, जबकि खगड़िया में यह आंकड़ा 92 प्रतिशत तक पहुंच गया। सिवान में एचआईवी जांच 106 प्रतिशत, शेखपुरा में 136 प्रतिशत और बांका में 124 प्रतिशत दर्ज की गई। सिफिलिस और हेपेटाइटिस-बी जांच में भी कई जिलों ने बेहतर प्रगति दिखाई है। लक्ष्य से आगे निकला मातृ संक्रमण रोकथाम कार्यक्रम अप्रैल से जून 2026 के दौरान ईवीटीएचएस कार्यक्रम के तहत राज्य को 342 मामलों का लक्ष्य दिया गया था, जबकि उपलब्धि 352 रही। यानी राज्य ने निर्धारित लक्ष्य का 101 प्रतिशत हासिल किया। यह दशार्ता है कि संक्रमण की पहचान और उपचार से जोड़ने की प्रक्रिया में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। समीक्षा में यह भी सामने आया कि जून 2026 तक एचआईवी संक्रमित पाई गई सभी 352 गर्भवती महिलाओं को एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी से जोड़ दिया गया है। इससे संक्रमण को बच्चों तक पहुंचने से रोकने में मदद मिलेगी। गांव से अस्पताल तक मजबूत होगी निगरानी व्यवस्था बैठक में एएनएम, आशा, स्टाफ नर्स, चिकित्सकों और कार्यक्रम प्रबंधकों के संयुक्त प्रशिक्षण, समय पर जांच किट की उपलब्धता, नमूनों के सुरक्षित परिवहन, ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस के साथ एकीकरण और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को और मजबूत करने का निर्णय लिया गया। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि गर्भावस्था के शुरूआती चरण में पंजीकरण, समय पर जांच, संस्थागत प्रसव और बेहतर फॉलो-अप व्यवस्था के जरिए मां से बच्चे में होने वाले संक्रमण को पूरी तरह रोका जा सकता है। इसी उद्देश्य से एचएमआईएस आधारित रियल टाइम निगरानी प्रणाली को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। बिहार की यह पहल केवल एक स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को एचआईवी और सिफिलिस जैसी गंभीर बीमारियों से मुक्त रखने का एक व्यापक अभियान है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट संदेश दिया है कि राज्य का लक्ष्य ऐसा बिहार बनाना है, जहां कोई भी बच्चा एचआईवी या सिफिलिस के साथ जन्म न ले।

# पश्चिम चम्पारण में हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के साथ मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

बेतिया। पश्चिम चम्पारण जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे उत्साह, उमंग एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। जिले के कोने-कोने में आन-बान-शान के साथ तिरंगा लहराया और लोगों ने राष्ट्र के प्रति अपनी आस्था एवं गौरव का प्रदर्शन किया। मुख्य समारोह का आयोजन रमना मैदान, बेतिया में किया गया, जहां मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग-सह-प्रभारी मंत्री, पश्चिम चम्पारण लखेन्द्र कुमार रौशन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके उपरांत उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और उपस्थित जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सांसद डॉ. संजय जायसवाल, विधायक रेणु देवीपूर्व विधायक श्री उमाकांत सिंह उपमहापौर, नगर निगम बेतिया गायत्री देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। वहीं पुलिस उप महानिरीक्षक, चम्पारण क्षेत्र हरकिशोर राय, जिलाधिकारी तरनजोत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुमार गौतम, उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, नगर आयुक्त, नगर निगम बेतिया शिवाक्षी दीक्षित सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समाहरणालय परिसर में जिलाधिकारी श्री तरनजोत सिंह, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय परिसर में उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुमार गौतम तथा अनुमंडल कार्यालय परिसर में अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया विकास कुमार द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके अतिरिक्त जिले के सभी सरकारी एवं अर्द्धसरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, पंचायतों तथा महादलित टोलों एवं बस्तियों में भी पूरे हर्षोल्लास के साथ झंडोत्तोलन किया गया। विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रगान, देशभक्ति कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन कर स्वतंत्रता दिवस की खुशियां मनाई गईं। मुख्य समारोह में झंडोत्तोलन के उपरांत प्रभारी मंत्री लखेन्द्र कुमार रौशन ने जिलेवासियों को संबोधित करते हुए पश्चिम चम्पारण में राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन तथा उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना तथा सभी वर्गों के समावेशी विकास को सुनिश्चित करना है। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों एवं देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुए कहा कि आजादी केवल हमारा अधिकार नहीं, बल्कि इसे सुरक्षित रखने और देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी भी हम सभी की है। उन्होंने जिलेवासियों से आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द एवं एकता बनाए रखते हुए विकसित और समृद्ध बिहार के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। समारोह के दौरान अपने कर्तव्यों के उत्कृष्ट निर्वहन एवं सराहनीय कार्य के लिए पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में वरीय उप समाहर्ता मो. अहमद अली अंसारी सहित कर्मियों में हीरा यादव, अनिल कुमार सुनील नाथ तिवारी नवीन कुमार भूषण कुमार एवं श्री कबीर सौरभ शामिल रहे।

मनीष कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी की ओर से आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
शेरघाटी गया

स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बंधन के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के समस्त सम्मानित नागरिकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षा प्रेमियों, प्रबुद्धजनों, शिक्षक नेताओं सहित जिलावासियो को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई।
रविन्द्र कुमार
प्रधानाध्यापक
आदर्श मध्य विद्यालय
लोहछा, दरियापुर, सारण, बिहार

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रखंड क्षेत्र के समस्त सम्मानित नागरिकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षा प्रेमियों, प्रबुद्धजनों, शिक्षक नेताओं सहित जिलावासियो को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई।
पुष्प लता सिंह
प्रधानाध्यापिका
उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय
पूछरी, बनियापुर, सारण, बिहार

# आंगनबाड़ी कर्मियों की समस्याओं को लेकर एटक की बैठक, आंदोलन तेज करने का निर्णय

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया।नगर के बलिराम भवन में बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन, एटक पश्चिम चम्पारण जिला कार्यकारिणी की बैठक गोदावरी देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी 19 एवं 20 सितम्बर को पटना में आयोजित होने वाले बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी यूनियन के राज्य स्तरीय सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन में पश्चिम चम्पारण जिले से 10 प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक में सभी परियोजनाओं में सम्मेलन आयोजित करने, संगठन को मजबूत करने तथा आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं की समस्याओं को लेकर आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया गया। साथ ही पश्चिम चम्पारण के डीपीओ से मिलकर मांगपत्र सौंपने पर सहमति बनी। मांगपत्र के माध्यम से सेविका-सहायिकाओं के सभी बकाया मानदेय का भुगतान, गोद भराई एवं अन्नप्राशन की राशि, मकान किराया तथा सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कन्टिजेन्सी राशि का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग उठाई जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए एटक बिहार के डिप्टी जनरल सेक्रेटरी सह पश्चिम चम्पारण अध्यक्ष ओम प्रकाश क्रांति ने कहा कि सरकार आंगनबाड़ी केन्द्रों को बर्बाद करने पर तुली हुई है। सेविका-सहायिकाओं को नियमित रूप से भुगतान नहीं हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पोषाहार को एनजीओ के जिम्मे सौंपने की साजिश की जा रही है, जो लाभार्थियों के हित में नहीं है। सरकार और विभाग की ओर से सेविकाओं पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है, लेकिन उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। ओम प्रकाश क्रांति ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र गरीब और जरूरतमंद परिवारों को राहत एवं जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन सरकार और विभाग की उदासीनता के कारण सेविका-सहायिकाओं को लगातार तरह-तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पटना में होने वाले राज्य सम्मेलन में सेविका-सहायिकाओं की समस्याओं पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा और आगे के आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

नगरा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज तकिया के सभी सम्मानित मतदाताओ, बहनों भाईओं सहित प्रखंड के आम नागरिकों, वार्ड प्रतिनिधियों, संघ के सदस्यों पदाधिकारियों कर्मियों एवं जिलावासियों को स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षा बंधन की ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई।
शैलेश कुमार यादव
मुखिया
ग्राम पंचायत राज तकिया, अध्यक्ष, मुखिया संघ, नगरा सारण, बिहार

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496